e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 178
शनिवार
01.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

हमेशा दूसरों की सफ़लता पर ध्यान देने से बेहतर है, अपनी सफ़लता पर ध्यान देकर उनसे भी बेहतर बन जाना।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत आज

**रांची** : राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. रांची के कांके प्रखंड स्थित कोकदोरो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व आदिवासी कल्याण व परिवहन मंत्री चंपई सोरेन राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान का राज्य में शुरूआत करेंगे. कार्यक्रम में सिकल सेल की स्क्रीनिंग, सिकल सेल मरीजों को कार्ड का वितरण तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा.

### अटल मोहल्ला क्लिनिक के लिए मिला 16 करोड़ रुपए

**रांची** : झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार अटल मोहल्ला क्लिनिक का संचालन कर रही है, वित्तीय वर्ष 2023-24 में अटल मोहल्ला क्लीनिक के संचालन के लिए 16 करोड़ 51 लाख 60 हजार रुपए का आवंटन किया गया है. अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने राज्य के सभी सिविल सर्जन को आवंटित राशि की जानकारी दी है. सबसे ज्यादा रांची जिले को 2 करोड़ 31 लाख 98 हजार 400 रुपए का आवंटन किया गया है. रांची के शहरी क्षेत्र में कुल 18 अटल मोहल्ला क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है.

### समर्थकों के दबाव में मणिपुर के सीएम ने नहीं दिया इस्तीफा

**इंफाल** : मणिपुर में जारी हिंसा की घटनाओं को देखते हुए सीएम बीरेन सिंह के इस्तीफे की अफवाहों पर विराम लग गया। सीएम बीरेन ने खुद इन अटकलों को खारिज करते हुए एक ट्वीट किया। सीएम ने कहा कि मैं इस कठिन समय में इस्तीफा नहीं दूंगा और लोगों के साथ खड़ा रहूंगा। इस्तीफे की अफवाह सामने आते ही इंफाल में हाई-वोल्टेज ड्रामा भी देखने को मिला। हजारों प्रदर्शनकारियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन एन सिंह के काफिले को राजभवन की ओर बढ़ने से रोक दिया। हालांकि, जब महिला नेता उनके आवास से बाहर आई और भीड़ को बताया कि सीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस्तीफा नहीं दे रहे हैं, तो भीड़ धीरे-धीरे उनके आवास से तितर-बितर हो गई।

### केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली** : ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार सौंपे थे जिसके बाद केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर कोर्ट का फैसला पलट दिया था। इसके बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था। विपक्षी दलों की बैठक में भी केजरीवाल ने इस मुद्दे को उठाया था।

### रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी से फोन पर की बात

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन से शुक्रवार को फोन पर बात की. इस दौरान दोनों नेताओं ने वैनगर के विद्रोह और रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की.रूसी राष्ट्पति भवन क्रेमलिन ने बयान जारी कर बताया कि पीएम मोदी और प्रेसिडेंट पुतिन ने इसके अलावा द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की. दोनों नेताओं ने रूस और भारत के बीच विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख संयुक्त परियोजनाओं के निरंतर कार्यान्वयन के महत्व पर ध्यान दिया. साथ ही शंघाई सहयोग संगठन और जी20 में सहयोग को लेकर भी मोदी और पुतिन के बीच बात हुई.

हूल दिवस के अवसर पर अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की पवित्र भूमि भोगनाडीह से 16434. 841 लाख रुपए की 616 योजनाओं की दी सौगात

# हमें अपने पूर्वजों-पुरखों के बलिदान पर गर्व है : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज** : शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था से ही स्वस्थ और मजबूत समाज एवं राज्य बन सकता है। राज्य सरकार इसी प्रतिबद्धता के साथ के साथ अपनी कार्य योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हूल दिवस के अवसर पर अमर वीर शहीद सिदो कान्हू की पवित्र भूमि-भोगनाडीह (बरहेट, साहिबगंज) में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने साहिबगंज सदर अस्पताल में जेन नेक्स्ट ई- हॉस्पिटल सिस्टम का ऑनलाइन शुभारंभ करते हुए कहा कि अब राज्यवासी विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श ले सकेंगे। सरकार के इस पहल से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सदैव से ही वीरों और शहीदों की धरती रही है। हमारे पुरखों और पूर्वजों ने एक तरफ शोषण और जुल्म के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, वही ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो, तिलका मांझी, नीलाम्बर -पीताम्बर जैसे हजारों वीरों ने अंग्रेजों के खिलाफ जंग में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें अपने इन वीर शहीदों पर गर्व है।आने वाली पीढ़ी को को इनकी वीरगाथा से अवगत कराएं।

### आप आगे बढ़े, सरकार आपको कार्य उपलब्ध कराएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हर वर्ग और हर तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही है। जरूरत है कि आप आगे बड़ें, आपको सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य उपलब्ध कराएगी। हर व्यक्ति स्वावलंबी और सक्षम बने, यह हमारा संकल्प है ।

### नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल सिस्टम का किया शुभारंभ

### भोगनाडीह में फूलो झानो स्मृति पार्क और रांगा थाना के नवनिर्मित भवन का भी किया उद्घाटन

### लाभुकों के बीच 12 करोड़ 80 लाख रुपए से ज्यादा की परिसंपत्तियों का किया वितरण




### सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है । आपके मान -सम्मान की रक्षा के साथ आपको अपना हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है । मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो -झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना, जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है। इन योजनाओं से आप जुड़े और अपने को सशक्त बनाएं। आपका सशक्तिकरण राज्य को सशक्त बनाएगा।

### मुख्यमंत्री ने दी ये सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 16434. 841 लाख रुपए की कुल 616 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया इसमें 1571.277 लाख रुपए की 99 योजनाओं का उद्घाटन और 14863.564 लाख रुपए की 517 योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें सदर अस्पताल, साहिबगंज में जेन नेक्स्ट ई -हॉस्पिटल सिस्टम का शुभारंभ, भोगनाडीह में फूलो झानो स्मृति पार्क और रांगा थाना के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन शामिल है। सिस्टम इस मौके पर उन्होंने लाभुकों के बीच 12 करोड़ 80 लाख 27 हजार 900 रुपए की परिसंपत्तियां बांटी। इसके अलावा चिकित्सकों और नवनियुक्तों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपा।

### बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दें, सरकार उठाएगी खर्च

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सरकार ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की है। यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर गरीब बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। वहीं अन्य सरकारी विद्यालयों में सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं । इतना ही नहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्स की पढ़ाई के साथ विदेशों में भी उच्च शिक्षा के पूरा खर्च सरकार वाहन करेगी। बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मु और साहिबगंज जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत के पदाधिकारी मौजूद थे।



### वायुसेना में एलसीए तेजस की सेवा के सात साल पूरे, भारत को दिलाई नई पहचान

**नई दिल्ली:** स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस शनिवार को भारतीय वायुसेना में अपनी सेवा के सात साल पूरे कर लेगा। बहु-भूमिका वाले इस विमान को वायु रक्षा, समुद्री टोही और स्ट्राइक भूमिका निभाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आने वाले वर्षों में एलसीए और इसके अन्य वेरिएंट भारतीय वायु सेना का मुख्य आधार बनेंगे। सात वर्षों के भीतर एलसीए तेजस ने कई अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों में हिस्सा लेकर भारत को अलग पहचान दिलाई है। एचएएल तेजस एकल इंजन, डेल्टा विंग, हल्का मल्टीरोल फाइटर है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के एयरक्राफ्ट रिसर्च एंड डिजाइन सेंटर (एआरडीसी) के सहयोग से एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने वायु सेना और नौसेना के लिए डिजाइन किया है। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) कार्यक्रम 1980 के दशक में भारत के पुराने मिग-21 लड़ाकू विमानों को बदलने के लिए शुरू हुआ था, लेकिन बाद में सामान्य बेड़े आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा बन गया। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई की सरकार के समय 2003 में एलसीए को आधिकारिक तौर पर तेजस नाम दिया गया था।

## अमरनाथ तीर्थयात्रा शुरू रवाना हुआ पहला जत्था




एजेंसी

**श्रीनगर** : पवित्र अमरनाथ तीर्थयात्रा शुरू हो गई. जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिंहा ने पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना के बाद इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई. इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया. सरकार ने इस यात्रा को सुगम और सुरक्षित सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं. आतंकी खतरों के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं. जानकारी के अनुसार उपराज्यपाल ने अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को औपचारिक रूप से पहलगाम और बालटाल के लिए रवाना किया. इसके लिए उपराज्यपाल जम्मू बेस कैंप पहुंचे. इस दौरान आधार शिविर को बाबा बर्फानी के रंगों में रंगा गया. इस यात्रा में शामिल भक्तों ने यात्रा शुरू होने के साथ ही बम-बम भोले के जयकारे लगाए. माहौल भक्ति भाव से भरा रहा. जानकारी के अनुसार भक्तों का एक जत्था बृहस्पतिवार को ही आधार शिविर पहुंच गया था. खबर है कि पहला जत्था शनिवार को हिमलिंग का दर्शन कर लौट आएंगे. उपराज्यपाल एवं अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिंहा ने इससे पहले इस यात्रा को लेकर सरकार की ओर से की गई तैयारियों का जायजा लिया था. उपराज्यापाल इस यात्रा को लेकर काफी गंभीर हैं. उन्होंने समय-समय पर इसकी तैयारियों का जायजा लिया था. पिछले कुछ वर्षो के दौरान हुई घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए जाने का दावा किया गया है. बताया जाता है कि करीब 1600 से अधिक श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंच गए थे. भक्तों के लिए रास्ते में ठहरने के लिए शिविर बनाए गए हैं. यह यात्रा दो महीने तक चलेगी. वार्षिक अमरनाथ यात्रा 31 अगस्त को विशेष पूजा के साथ समाप्त होगी.

## हिंसा से नहीं निकलेगा कोई हल सिर्फ शांति ही समाधान : राहुल

**मणिपुर में अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राहुल गांधी ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग शहर में दो राहत शिविरों का दौरा किया. इस दौरे में उन्होंने हिंसा से विस्थापित हुए पीड़ितों से मुलाकात की.**



एजेंसी

**इंफाल** : हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने पीड़ितों से मिलने के बाद राज्य के लोगों को संदेश दिया है. राहुल गांधी ने कहा, हिंसा से किसी भी तरह का कोई हल नहीं निकलेगा सिर्फ शांति ही समाधान है.राहुल गांधी ने वहां पर मीडिया से बात करते हुए कहा, मणिपुर को शांति की जरूरत है. मैं राहत शिविरों में गया और हर समुदाय के लोगों से मिला. राहत शिविरों में दवाई, खाने की कमी है जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए. मेरी मणिपुर के हर व्यक्ति से अपील है कि शांति बनाए रखें. मैं यहां मौजूद हूं और जो शांति कि लिए कर सकता हूं वह करूंगा.

मणिपुर में अपने दौरे के दूसरे शुक्रवार को राहुल गांधी ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग शहर में दो राहत शिविरों का दौरा किया. इस दौरे में उन्होंने हिंसा से विस्थापित हुए पीड़ितों से मुलाकात की. कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी सुबह करीब साढ़े 9 बजे हेलीकॉप्टर से मोइरांग पहुंचे और उन्होंने यहां प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी व्यथा भी सुनी. राहुल गांधी के साथ मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह, पार्टी महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल, पीसीसी अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र सिंह और पूर्व सांसद अजय कुमार थे.मोइरांग एक ऐतिहासिक शहर है जहां आईएनए (आजाद हिन्द फौज) ने 1944 में भारत का तिरंगा झंडा फहराया था. अपने दौरे के पहले दिन राहुल गांधी ने चुराचांदपुर में राहत शिविरों का दौरा किया था, जो जातीय दंगों से सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में से एक है.

## हर महत्वपूर्ण क्षण का साक्षी रहा है डीयू : पीएम मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में आज शामिल हुए। विश्वविद्यालय में समारोह से संबंधित पोस्टरों को जगह-जगह लगाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई। पीएम मोदी मेट्रो से यात्रा कर डीयू पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा इस विवि ने हर मूमेंट को जिया, इस यूनिवर्सिटी ने हर मूमेंट में जान भर दी है। पीएम ने कहा कि मैं इस ऐतिहासिक अवसर पर यूनिवर्सिटी के सभी प्रोफेसर और स्टाफ के साथ स्टूडेंट व पूर्व छात्र-छात्राओं को हृदय से बधाई देता हूं। आज इस आयोजन के जरिये यहां नए और पुराने स्टूडेंट भी साथ मिल रहे हैं। स्वभाविक है कुछ सदाबहार चर्चाएं भी होंगी। पीएम मोदी ने कहा कि आप चाहे जिस साल के पासआउड हों, दो डीयू



वाले आपस में मिलकर इन किस्सों पर घंटों निकल सकते हैं। इस सबके बीच मैं मानता हूं डीयू ने सौ सालों में अगर अपने अहसासों को जिंदा रखा है तो अपने मूल्यों को भी जीवंत रखा है। निष्ठा द्वितीय सत्यम यूनिवर्सिटी का ये ध्येय वाक्य अपने स्टूडेंट के जीवन में लाइटिंग लैंप की तरह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय यूनिवर्सिटी की ग्लोबल पहचान बढ़ रही है, विश्व में भारत का गौरव बढा है। देश का युवा कुछ नया करना चाहता है। देश में स्टार्टअप की संख्या अब लाख के पार है। बड़ी कंपनियों ने भारत में निवेश का फैसला लिया है।

पीएम ने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। विकसित भारत का निर्माण करना हमारा लक्ष्य है। विश्व के लोग भारत को जानना चाहते हैं। विश्व में भारतीय युवाओं के लिए मौके बन रहे हैं। विश्व का सबसे बड़ा हेरिटेज म्यूजियम बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विश्विद्यालय को तीन भवनों की सौगात दी। दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि डीयू आना मेरे लिए घर आने जैसा है। डीयू हर महत्वपूर्ण क्षण का साक्षी रहा है।

## खादगढ़ा बस स्टैंड में 9 बसों में आग लगाने वाला गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : लोअर बाजार थाना क्षेत्र के बिरसा मुंडा खादगढ़ा बस स्टैंड में गुरुवार को 9 खड़ी बसों में आग लगने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खादगढ़ा बस स्टैंड के टीओपी प्रभारी ने बताया कि 15 वर्षीय नाबालिग युवक ने सभी गाड़ियों में आग लगाई है। उस युवक के पास से लाइटर व स्प्रे बरामद किया गया है। युवक नामकुम थाना क्षेत्र का रहने वाला है और उसका पिताजी एक खटाल चलाता है। आगे बताया कि नाबालिग उदंड जैसा है। वह अपने घर में भी छोटी-छोटी बातों पर लड़ने झगड़ने लगता है। कुछ दिन पहले भी घर से लड़ कर ही वो खादगढ़ा बस स्टैंड की तरफ आया था और स्टैंड में ही रह रहा था। इसी बीच उसने स्टैंड में



किसी से झगड़ा किया था। इसी गुस्सा में उसने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस की पूछताछ में नाबालिग ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। बता दें की गुरुवार को दोपहर 5 बसों में आग लग गई थी। एक घंटे के बाद चार बसों में दुबारा आग लग गई। इस घटना के बाद रांची पुलिस हरकत में आ गई थी। बस में आग लगाने वाले सक्स को पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती था। लेकिन रांची पुलिस ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए घटना के दूसरे ही दिन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**संक्षिप्त खबरे**

## भीम आर्मी के चीफ चन्द्रशेखर आजाद के हमलावार के फांसी की सजा की मांग : जितेंद्र भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार के राजद नेता सह विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने भीम आर्मी के मुख्य संस्थापक चंद्र शेखर आजाद के 28 जून के असमाजिक तत्व एवं अपराधी के द्वारा उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद मे पहुंचे चंद्र शेखर आजाद को हमला करने वाले अपराधी ने फायरिंग कर दिया गया जिसमे भीम आर्मी के चीफ बूरी तरह जख्मी हो गये है।यह घटना के अंजाम देने वाले अपराधियों की फांसी के सजा के मांग करते हुए कहा है कि योगी सरकार की घोर निंदा की है,कहीं न कहीं योगी सरकार इस घटना मे दोषी है। इस घटना की कड़ी निंदा करते है।

## बोलेरो और कमांडर की टक्कर में करीब 10 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम गाड़ी गांव के पास बीती रात बोलेरो और कमांडर की टक्कर में कमांडर पर सवार करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मनदीप भुइयां, गोरख भुइया, सोनू भुइया, विशाल कुमार, चेदर कुमार, विकाश भुइया का नाम शामिल है। इसके बाद पड़वा थाना की पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया।जहां इलाज के बाद सभी घायल अपने घर चले गए। जबकि गंभीर रूप से घायल मनदीप भुइयां का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है। इस घटना के बारे में सदर अस्पताल में भर्ती घायल युवक पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरी गांव निवासी राजू भुइया के पुत्र मनदीप भुइयां ने बताया कि गुरुवार की रात पड़वा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव से लोग कमांडर पर सवार होकर रमकंडा बारात जा रहे थे। तभी रास्ते में गाड़ी गांव के पास एक अनियंत्रित बोलेरो ने कमांडर को धक्का मार दिया जिसमें कमांडर अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में कमांडर पर सवार करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पड़वा थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पड़वा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी कई घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना के बाद वाहन को पड़वा थाना प्रभारी के द्वारा जप्त कर थाना लाया गया है।




## हरिहरगंज में आजसू पार्टी ने मनाया हूल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के हरिहरगंज स्थित आवास पर शुक्रवार को आजसू पार्टी ने हुल दिवस मनाया। इस दौरान आजसू नेता व कार्यकर्ताओं ने सिद्धू कान्हू के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व संचालन प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ सिद्धू कान्हू ने संथाल परगना में युद्ध का बिगुल फुक कर आंदोलन का आगाज़ किया था। वहीं जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि झारखंड की संपदा और अस्तित्व की लड़ाई के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों के कृत्य से लोगों को अवगत कराना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है । कार्यक्रम में आजसू जिला उपाध्यक्ष रामजी पासवान, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, अखिलेश मेहता, प्रेम गौरव, इश्तेखार आलम, बबलू मेहता, रंजीत वर्मा, उमेश गोस्वामी, नितेश, पवन गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## बेटी के लापता होने पर माता पिता परेशान



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के बारा लोटा सुरभि नगर निवासी अधिवक्ता प्रभु कुमार शर्मा की पुत्री शालिनी कुमारी उम्र 20 वर्ष 27 जून से लापता है। इस संबंध में अधिवक्ता प्रभु कुमार शर्मा ने बताया कि 27 जून कि सुबह 11:00 बजे शालिनी योद्ध सिंह नामधारी महिला विद्यालय गई थी। उसके बाद से वह अपने घर वापस नहीं लौटी है। घर नहीं लौटने पर परिजन जानकारी लेने के लिए उसके मोबाइल पर फोन भी किए परंतु शालिनी का मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। मोबाइल स्विच ऑफ बताने के बाद परिजन काफी परेशान हैं और उसकी तलाश में सगे संबंधियों सहित अन्य जगहों पर उसकी तलाश कर रहे हैं। परंतु अभी तक शालिनी का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। इसके बाद थक हार कर परिजनों के द्वारा गुमशुदा से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया गया है।वही मामला दर्ज होने के बाद पुलिस भी शालिनी की हर और तलाश करने में जुट गई है। परिजनों का कहना है कि शालिनी अपने घर से जो मोबाइल लेकर निकली है पुलिस यदि उसका कॉल डिटेल निकलवाती है तो शायद शालिनी का कुछ पता चल सके। परिजनों ने आम जनों से भी आग्रह किया है कि यदि यह लड़की कहीं भी दिखे तो वे मोबाइल नंबर-9631054538, 8789523325 परिजनों को सूचना दें।

## प्रशिक्षु आईएएस ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर स्टोन चिप्स लदे वाहनों का किया जांच



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के समीप एन एच 98 स्थित अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर शुक्रवार को प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत के नेतृत्व में 7 वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसमें स्टोन चिप्स को परिवहन करने वाले वाहनों का माइनिंग परिवहन चालान व अन्य कागजातों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि बगैर परिवहन चालान के स्टोन चिप्स का परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच अभियान में सीओ वासुदेव राय, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास तथा पुलिस बल शामिल थे।

## हूल दिवस पर संथाल विद्रोह के महानायक सिद्दो कान्हु को श्रद्धांजलि दी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आजसू पार्टी पलामू जिला की ओर से संथाल हुल के महान योद्धाओं को माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रध्दांजलि दी गई। आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय पर धुम धाम से हुल दिवस मनाया गया। सतीश कुमार ने कहा कि आज झारखण्ड के प्रपेक्ष मे हुल दिवस काफ़ी प्रासंगिक है। झारखंड की माटी व जल जंगल जमीन की लुट सरकारी संरक्षण मे धडल्ले से हो रही है। ऐसे समय में हुल विद्रोह की प्रासंगिकता बढ जाती है। अंग्रेजी हुकुमत व साव महाजनी प्रथा के खिलाफ हुल का शंखनाद करनेवाले सिद्दो कान्हु फुलो झानो को याद करते हुए इनके दिखाये गए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना हैं। पुर्व जिलाध्यक्ष व केन्द्रीय सचिव विकेश शुक्ला ने कहा कि आज हम संकल्प ही नहीं बल्कि वीर योद्धाओं के दिखाया गया रास्ता पर चल कर झारखण्ड के दुर्दशा से निकलने के लिए झारखंड नव निर्माण के आन्दोलन को तेज करना होगा। जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आज झारखण्ड को कलंकित कर दिया है। आजसू पार्टी विकास के रौशनी से कलंक को मिटाएगी। संजू सिंह जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि सिद्दो कान्हु के रास्ते चल कर झारखण्डी जनता के चेहरे पर मुस्कान लाएगें। जिला सचिव प्रेमकांत तिवारी ने कहा कि वीर योद्धाओं को सच्चा श्रध्दांजलि राज्य में खुशहाली ला कर ही करेंगे। नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के छात्र नेता अभिशेख राज ने कहा कि शहीदों के बताये गए संघर्ष के रास्ते पर आज संकल्प को ले कर छात्र नौजवानों के समस्याओं से निजात दिलाने का शपथ लेंगे। चैनपुर प्रखंड के नेता आनन्द चन्द्रवंशी ने कहा कि राज्य के पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक समुदाय महिलाओं की दुर्दशा हो गई है। हमारी पार्टी ही बेहतर राज्य बनाएगी।



## आजादी के असली नायकों को इतिहास में जगह नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : रुचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर अंचल के ग्राम चियांकी में ग्रामीणों के बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने हूल दिवस मनाया। सर्वप्रथम 1855 क्रांति के नायक सिधो कान्हो,चांद -भैरव एवं फूलो झारो प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई और अमर शहीद सिंधु कानोचांद भैरव फुलो -झारो अमर रहे का नारा लगाया गया।जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने हुल दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1857 से पहले देश में 1855 में ही क्रांति की आगाज हो चुकी थी, जिसके नायक सिधो-कान्हो, चांद-भैरव, फुलो -झारो थे। जो अंग्रेजों से लोहा लेते हुए शहीद हुए लेकिन इतिहास के पन्नों में इनकी महनता को नहीं दर्शाया गया जो दूर्भाग्यपूर्ण है।आज हमें इन क्रांतिकारी शहीदों के बारे में जानने आवश्यकता है जिन्होंने अंग्रेजो के ख़िलाफ़ ही नहीं वरन जमींदारी प्रथा के खिलाफ भी उलगुलान किया था और जल जंगल जमीन की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। एक ही परिवार के भाई बहन ने अपनी परवाह ना करके अपने प्राणों की आहुति दी थी, जो यह दर्शाता है कि उस समय भी पुरुष के समानांतर महिलाएं आज़ादी की लड़ाई में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई।आगे श्री तिवारी ने कहा कि आज इन क्रांतिकारियों के याद करते हुए सबों को यह शपथ लेना होगा कि जो गरीबों, आदिवासियों, दलितों एवं वंचितो पर बड़े लोगों के द्वारा जुल्म किया जा रहा है,उनकी जमीनों को छीना जा रहा है, उनके लिए एवं जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए उसके खिलाफ उलगुलान की आवश्यकता है, क्रांति की आवश्यकता है जो बिना लड़े पूरा नहीं किया जा सकता।मौके पर उमेश सिंह चेरो, मृत्युंजय तिवारी, नसीम राइन ने अपने विचार रखे। सभा में अमेरिका सिंह, तारा देवी भागेश्वर सिंह, मुसाफिर सिंह, बिगन सिंह, उमेश्वर सिंह, प्रेमचंद शर्मा, कृष्णा ठाकुर, हरि सिंह, दिनेश सिंह, विनय सिंह, मंगरी देवी, दीपक सिंह, वीरेंद्र सिंह, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अश्लील दृश्यों को देखने से मस्तिष्क में कुविचार उत्पन्न होते हैं : श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री श्री जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि अश्लील दृश्यों को देखने से मस्तिष्क में कुविचार उत्पन्न होते हैं. अश्लील दृश्य, अश्लील गीत व अश्लील वार्ता से मन में विकृति पैदा होती है, जिसकी स्मृति से चेतन मन में स्थायी रूप अंकित हो जाती है। इसके कारण सामान्य जीवन में विचलन का भय रहता है। मानव जीवन अपने उद्देश्यों से भटक जाता है.परिवार, समाज एवं देश के स्तर पर अश्लील दृश्य एवं अश्लील गीतों के प्रति वर्जनात्मक संवेदनशीलता बरतनी चाहिए. स्वामी जी ने कहा कि अजामिल कनौज क्षेत्र के सदाचारी ब्राह्मण थे. वे दिनचर्या के तहत पूजा का फूल और तुलसी पत्र लेने वाटिका में गये थे.वहां उन्होंने एक लम्पट व्यक्ति को वेश्या के साथ अस्त-व्यस्त स्थिति में देखा. यह दृश्य उनके मानस-पटल में बैठ गया. कुछ दिन उसी दृश्य की स्मृति में रमने के बाद वे भी वेश्यागामी हो गये.उन्होंने कहा कि अपनी पत्नी एवं संतान को घर से निकाल कर वेश्या को स्थायी रुप से घर में बैठा दिये. पूजा-पाठ एवं जपादि धार्मिक कृतियों से विमुख हो गये. अपनी सम्पति समाप्त होने के बाद जीवन यापन के लिए चोरी-डकैती का सहारा लेने लगे। उस वेश्या से नौ संतानें उत्पन्न हुई. दसवीं संतान के गर्भ में आने के बाद तीर्थ यात्रा पर निकले संतों का एक समूह एक दिन अजामिल के घर पहुंचा.उसकी वेश्या पत्नी ने संतों का सत्कार किया.जाते वक्त संतों ने आग्रह कि दसवीं पुत्र का नाम नारायण रखना. अजामिल का उस पुत्र में आसक्ति बढ़ गयी और मृत्यु के समय जब यमदूत आये तो अजामिल डर से नारायण-नारायण पुकारने लगा. यमदूत नारायण भक्त जान लौट गये और विष्णु गण उसे ले गये, जिससे उसकी मुक्ति हो गयी. स्वामी जी ने कहा कि एक बार का अश्लील दृश्य अजामिल के जीवन को विद्रूप कर दिया.दूसरी तरफ संतों का मात्र एक दिन का सान्निध्य उसके जीवन को मंगलमय बना दिया. स्वामी जी ने कहा कि धर्म को जान कर करना चाहिए. बिना जाने नहीं.जैसे हवन करना धर्म है, लेकिन पाँचों अंगुलियों के साथ आहूति नहीं देनी चाहिए. हवन और जाप में सिर्फ तीन अंगुलियां अंगुठा, मध्यमा और अनामिका का सहारा लेना चाहिए.यानी तीन अंगुलियों से ही हवन और जाप करनी चाहिये.तर्जनी और कनिष्का को अलग रखनी चाहिए.पाँचों अंगुलियों से किया गया हवन से फल प्राप्ति नहीं होती है।

## दहेज हत्यारोपी पति को 10 वर्ष की सजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्यारोपी पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में पाटन थाना अंतर्गत कला पहाड़ निवासी बदेश साव ने अपनी पुत्री के पति राकेश कुमार, ससुर सोमारू राम, सास मंजू देवी के विरुद्ध पाटन थाना में नामजद प्राथमिकी पाटन थाना कांड संख्या 52/ 2021 तिथि 20 जून 2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी /34व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज कराया था। अभियुक्त पर आरोप था कि उसका विवाह पूजा देवी के साथ 3 अप्रैल 2019 को हुआ था। शादी के लगभग एक वर्ष के बाद उसके पति यह कहते हुए कि तुम दूसरे जाति की हो दहेज के रूप में दो लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरा नहीं होने पर उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे ।पूजा देवी ने इस संबंध में महिला थाना में 10 जून 2021 को आवेदन दी थी। जिसका सन्हा नंबर 9/ 2021 दर्ज किया गया था। अभियुक्त के द्वारा पूजा देवी को 20 जून 2021 को का गला दबाकर हत्या कर दी गई थी ।अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति राकेश कुमार को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सास ससुर का बिचारण अलग से चल रहा है।वही पीड़ित परिवार को झारखंड पीडीत प्रतिकर अधिनियम के तहत सरकारी राशि दिलाने हेतु

## झामुमो ने मनाया हूल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय जलक्रांति भवन में शुक्रवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हुल दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिदो कान्हो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया.इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संथाल समुदाय को हल की आग ने तपाकर एक ऐसे समुदाय में तब्दील कर दिया जो अपनी जमीन व जमीर के लिये पीछे हटने वालो में नही रहा। संथाल हुल 1855 में एक मजबूत तरीके से घटित क्रांति थी। वक्ताओं ने कहा कि हुल के महत्व को आज के समय मे व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिये. महाजनों व अंग्रेजी व्यवस्था के शोषण से मुक्ति इस क्रांति का एक प्रमुख उद्देश्य था सिदो, कान्हू, चाँद, भैरव, फूलो, झानो सहित कई महापुरुषों का इस क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान था। वक्ताओं ने कहा कि आज हम सबो को शोषण व अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर धारदार आंदोलन का संकल्प लेना चाहिये. कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, मुकेश कुमार सिन्हा ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, देवेन्द्र सिंह, गोपाल प्रसाद, मनोज पासवान, छोटन सिंह, रजनीकांत देव,किरण देवी, विक्रमादित्य पांडेय, राम प्यारी, कालीचरण प्रसाद, प्रमोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अमर राम ने किया।

## 15 वें वित से बनने वाली पीसीसी पथ का मुखिया प्रमिला देवी ने रखी आधारशिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के बिशुनपुरा पंचायत स्थित ग्राम संध्या में शोभनाथ यादव के घर से लेकर डिहवार स्थान तक 2 लाख 41 हज़ार 900 रूपए की लागत से बनने वाली पीसीसी पथ का मुखिया प्रमिला देवी ने रखी आधारशिला। वही यह रोड आम पब्लिक की बहुत पुरानी मांग थी। क्यूंकि यह रोड में तनिक भी बारिश हो जाने के बाद ग्रामीणों का आना जाना दुर्लभ हो जाता था। जिसे बन जाने से ग्रामीणों की एक बड़ी समस्या दूर हो गई।वहीं रोड बनते देख ग्रामीण महिला पुरुष सभी मुखिया प्रमिला देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं मौके पर बिशुनपुरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, मुंद्रिका यादव, रामप्रसाद यादव, उखमजी यादव, शोभनाथ यादव, रामधनी यादव, विपिन कुमार यादव, दिनेश कुमार यादव, सुनिल यादव, अनिल यादव, रामनाथ यादव, नारायण पाल, रामाधार शर्मा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के सेवा सुशासन का नौ साल रहा बेमिसाल : डॉ. ईश्वर सागर

**➲ भाजपा नगर मंडल ने दर्जनों प्रबुद्ध जनों सहित कई को किया सम्मानित**

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर :** महाजनसंपर्क अभियान के अंतिम दिन विश्रामपुर भाजपा नगर मंडल द्वारा शुक्रवार को स्थानीय सामुदायिक भवन में जन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का अध्यक्षता व संचालन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। समारोह में प्रबुद्धजनों से जनसंवाद स्थापित किया गया। हर क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों की समस्याओं को सुना गया। केंद्र के मोदी सरकार की उपलब्धियों को भी बताया गया। इसके अलावा दर्जनों प्रबुद्ध जनों,समाजसेवी, व्यवसाई सहित कई क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। सभी को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन के नौ साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। केंद्र के नौ वर्षो का कार्यकाल गरीबों के कल्याण को समर्पित रहा। हिंदुस्तान का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध लोगों से संवाद स्थापित कर उनका सलाह हासिल करना एक अच्छी अनुभूति है। इनको सम्मानित कर हम खुद को गर्वानवित महसूस कर रहे हैं। समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, वरीय भाजपा नेता डॉ बी पी शुक्ला, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, गुलाम नवी अंसारी, बिहारी लाल गुप्ता, रामलगन पाल, देवनारायण सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, सुनील कुमार चौधरी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय कुमार साह, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र भारती, विजय कुमार रवि, रजीनिश कुमार, अर्चना देवी, बेबी देवी, धर्मेंद्र कुमार, गोपाल सोनी, बृजनंदन चंद्रवंशी, इशरार हवारी, लालू चंद्रवंशी, शुशील चौधरी, रामप्रवेश मौर्या, उदेश्वर यादव सहित भाजपा के कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।




## पानी के लिए लाइन लगा रहे है लोग बड़ी मुश्किल से मिल रही पानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड क्षेत्र के कैलान पंचायत के कोणमंडरा गाँव के खोह एक ऐसा टोला है, जहाँ पेयजल समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। भीषण गर्मी की तो बात छोड़िये बरसात के दिनों में भी यहाँ के ग्रामीण पानी की तलाश में भटकते दिख रहे हैं। यहाँ दूर दूर तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है. गांव में स्थित 9 चापाकल में आठ चापाकल पूरी खराब पड़ी है, अभी एकमात्र चापाकल से लोग पेयजल की व्यवस्था करने के लिए जद्दोजोहद कर रहे है. पेयजल के लिए लिए गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. टोला में स्थित एकमात्र चापाकल पर पानी के लिए महिलाओं और बच्चों को आधी रात से ही लाईन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है. गाँव टोला में पेयजल की भारी समस्या को देखते हुए ग्रामीणों के बीच क्षेत्रीय विधायक और पंचायत के मुखिया के प्रति काफी आक्रोश है। **क्या कहना है, ग्रामीणों का :** ग्रामीण अमरेश उरांव, शिवरतन उरांव, ललू उरांव, सत्येंद्र साह, संजय प्रजापति, भरदुल उरांव, उदय उरांव, हरिनारायण उरांव, सुमेर उरांव, शिला देवी, चिंता देवी, शांति देवी, पूनम देवी, अनिता देवी आदि ने बताया कि इस गांव में 250 घरो पर करीब 1000 आबादी निवास करते है. खोह आदिवासी बहुल्य गाँव है. खोह गाँव क्षेत्रीय विधायक, स्थानीय मुखिया और प्रखंड प्रशासन की अनदेखी व उपेक्षा की दंश झेल रही है.इस गाँव में पेयजल की बहुत भारी समस्या है। गांव में लगे नौ सरकारी चापाकल में से आठ सुख चुकी है. खराब पड़े चापाकल की मरम्मत कराने को लेकर हमलोग कई बार पंचायत के मुखिया, क्षेत्रीय विधायक व प्रखंड प्रशासन से गुहार लगाये लेकिन किसी ने भी इस गाँव में पेयजल की समस्या को दूर करने में दिलचस्पी नही दिखाई.कहा कि गांव के लोगो द्वारा चंदा एकत्रित करते हुए एकमात्र चापाकल बनवाकर पुरे गाँव में पेयजल की थोड़ी बहुत व्यवस्था किया गया है.ग्रामीणों ने जनप्रनिधियों के विरुद्ध आक्रोश जताते हुए कहा कि चुनाव के समय गांव में पानी की समस्या को दूर करने के लिए कसमे खाते है, वादे करते है, और चुनाव जीतते ही वहीं लोग इस गाँव से किनारा कर लेते है। ग्रामीणों के अनुसार पशुओं के पानी पीने के लिएभी काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है गांव से किनारे पहाड़ के तलहटी में चप्पक चुईयां नामक स्थान से साइकिल पर या माथे पर पानी ढोकर पशुओं को पिलाते हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने वीर शहीद सिद्धू व कान्हू को किया नमन

**रांची।** आजादी की पहली लड़ाई तो सन 1857 में मानी जाती है, लेकिन झारखंड के आदिवासियों ने 1855 में ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया था। 30 जून, 1855 को सिद्धू और कान्हू के नेतृत्व में मौजूदा साहेबगंज जिले के भगनाडीह गांव से विद्रोह शुरू हुआ था। इस मौके पर सिद्धू ने नारा दिया था, %करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो। इस आंदोलन में सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव चारों भाइयों ने शाहदत दी। इस के याद में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हूल दिवस के मौके पर वीर शहीद सिद्धू और कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस कार्यक्रम अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के द्वारा किया गया। मुख्य रूप से शामिल केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडे, महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी, सचिव हेमलाल मेहता, पवन, अंतू तुर्की, शबनूर मंसूरी, तालकेश्वर महतो, अश्वनी शर्मा, वीरू साहू, जीत गुप्ता, अजीत नायक, अफताब आलम, सुजीत उपाध्याय, कैटरीना तिर्की और कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा ने हूल दिवस पर सिदो-कान्हू को किया नमन

**रांची :** राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हूल क्रांति के नायक सिदो-कान्हू को नमन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ देश में हुए प्रथम विद्रोह की याद में मनाए जाने वाले हूल दिवस पर शहीदों को वे नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि हूल क्रांति या संथाल विद्रोह को आदिवासी समुदाय अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20 हजार लोगों की याद में मनाते हैं। यह विद्रोह आदिवासियों की संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले नायकों को याद करने का खास दिन है।

# एफएसएल की टीम ने खादगढ़ा बस स्टैंड पहुंच कर की जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित खादगड़ा बस स्टैंड में एक दू पहले गुरुवार को स्टैंड परिसर पर खड़ी 9 बसों को आग के हवाले कर दिया गया। इस मामले में शुक्रवार को सिटी एसपी, सिटी डीएसपी और एफएसएल की टीम खादगढ़ा बस स्टैंड में जांच करने पहुंची थी। पुलिस एक-एक साक्ष्य को जुटाने में लगी है, ताकि पूरे मामले का खुलासा किया जा सके। वहीं, पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों से भी इस मामले में पूछताछ कर रही है।बताते चलें कि गुरुवार को बकरीद पर्व के दिन अचानक दोपहर एक बजे के करीब बस स्टैंड में पहले 5 बसों और फिर दोबारा 4 बसों में आग लगी थी, सूचना पर देर से पहुंची अग्निशमन की टीम ने भारी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू



पाया था। इस मामले में लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी भी दर्ज हुआ है। बताया जा रहा है कि रांची से धनबाद के लिए चलने वाली मां भवानी, रांची से जमशेदपुर चलने वाली तीन निशान बसे, शिवम, एलडी मोटर समेत अन्य गाड़ी में आग लगी थी। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टिता में आग खुद से नहीं लगी है, अब देखना है कि आग कैसे और क्यों लगी है, इसमें कोई साजिश भी हो सकती है।

# अग्रवाल बंधु हत्याकांड मामले में धर्मेंद्र व सुनील को आजीवन कारावास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 2019 में हुए अग्रवाल बंधुओं के दोहरे हत्याकांड के मामले में रांची सिविल कोर्ट ने हत्यारे लोकेश चौधरी के साथ हत्याकांड को अंजाम देने वाले धर्मेंद्र तिवारी, सुनील सिंह को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, और इन दोनों पर भी 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। इस मामले में एमके सिंह फरार है। शुक्रवार को लोकेश चौधरी,धर्मेंद्र तिवारी और सुनील सिंह की सजा की बिंदु पर रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई हुई। दोषियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पुलिस की ओर से पेश किए गए साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने तीनो को 26 जून को दोषी ठहराया गया था। बता दें कि हेमंत अग्रवाल और महेंद्र




अग्रवाल की हत्या गोली मार कर की गयी थी। पुलिस के मुताबिक, दोनों व्यवसायी बैग में मोटी रकम लेकर लोकेश को पहुंचाने गये थे, लेकिन लोकेश और एमके सिंह ने पहले से रुपये हड़पने की योजना तैयार कर रखी थी। योजना के तहत ही एमके सिंह ने लोकेश चौधरी के बॉडीगार्ड धर्मेंद्र तिवारी के साथ खुद को आइबी का अधिकारी बताते हुए लोकेश चौधरी के ऑफिस में रेड की और दोनों व्यवसायियों के रुपये को जब्त कर लिया, इस संबंध में अरगोड़ा थाना में 7 मार्च 2019 को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी, पुलिस ने लोकेश चौधरी को गुनहगार साबित करने के लिए 19 गवाह कोर्ट में प्रस्तुत किए, जबकि लोकेश चौधरी ने अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए एक भी गवाह प्रस्तुत नहीं किया।

## राज्य में एक जुलाई से बदलेगा स्कूलों का टाइम टेबल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अब शनिवार से स्कूल में कक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक संचालित होगी।इस दौरान प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 08.45 बजे विद्यालय प्रबंधन द्वारा लंबी घंटी लगायी जाएगी।

प्रातःकालीन प्रार्थना सभा क्रिया-कलाप का समय प्रातः 9 से 09.15 होगा। प्रार्थना सभा की कुल अवधि 15 मिनट की होगी। विभाग ने ऐसा राज्य में मॉनसून के दस्तक देने के बाद ही तय किया है। प्रचंड गर्मी पड़ने से स्कूलों का समय बदलने के साथ-साथ कुछ दिनों के लिए छुट्टी भी घोषित की गई थी। विभाग ने कहा था कि तापमान में गिरावट आने से एक जुलाई से बदलेगी। सरकारी स्कूलों में मॉर्निंग शिफ्ट होने की स्थिति में शिक्षकों को सुबह 6.45 बजे तक पहुंचना होगा। सात से 7:15 बजे तक प्रार्थना सभा होगी। इसके बाद क्लास में अटेंडेंस ली जाएगी और पहली घंटी 7.25 मिनट से बजेगी।

पहली दो घंटियां 45-45 मिनट की होंगी और उसके बाद पांच मिनट का ब्रेक दिया जाएगा। तीसरी, चौथी और पांचवीं घंटी 40-40 मिनट की होगी।

मध्यान्ह भोजन के लिए सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद छठी घंटी 40 मिनट, पांच मिनट का ब्रेक और सातवीं घंटी 35 मिनट की होगी।

# सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को मधुपुर उपचुनाव वर्ष 2021 के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज पांच प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट से जवाब दायर करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई निर्धारित की। कोर्ट ने इन सभी मामलों में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता



प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की। निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयान बाजी को लेकर देवघर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि घटना के छह माह के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। मधुपुर उपचुनाव के दौरान कि निशिकांत दुबे पर कुल पांच प्राथमिकी मधुपुर सब डिवीजन के अलग-अलग थानों में की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि प्राथमिकी में जो सेक्शन लगाए हैं उसमें सिर्फ कंप्लेंट केस हो सकता है एफआईआर नहीं।

## डीटीओ ने की वाहनों की जांच वसूला गया 126750 रुपए जुर्माना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची प्रवीण प्रकाश द्वारा खेलगांव क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना परमिट, प्रदूषण प्रमाण, बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, सवारी गाड़ी में क्षमता से अधिक यात्री बैठाने एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों की जाँच जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा की गई।वाहन जांच के दौरान कुल 137 वाहनों की जाँच की गई। बारी-बारी से सभी वाहनों के दस्तावेजों की जाँच की गई, जिसमें 19 वाहनों के कागजात सही नहीं पाए गए। कुल 19 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा, सवारी वाहन, दो पहिया आदि) से 01

**कुल 19 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा, सवारी वाहन, दो पहिया आदि) से 01 लाख 26 हजार 750 रुपये का जुर्माना वसूला गया।**

लाख 26 हजार 750 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहनों की जाँच निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों/ चालकों से वाहन संबंधित सभी कागजात अद्यतन रखने को कहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि वाहनों में लदान क्षमता के अनुसार ही परिवहन करें। श्री प्रवीण प्रकाश ने कहा कि सवारी वाहनों में भी क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सांख्यिकी विषय पर हुआ राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान ने झारखंड सांख्यिकी सोसायटी (जेएसएस) के सहयोग से शुक्रवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर %शोधकर्ताओं के लिए सांख्यिकी% विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।सीआईपी के निदेशक प्रो. (डॉ.) बासुदेब दास ने अतिथि वक्ताओं के साथ सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन प्रोफेसर



मधुमिता दास गुप्ता थीं। डॉ. एसबी जेएसएस के सचिव सिंह ने योगदान के बारे में बात की और प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने किए गए कार्यों पर जोर दिया। तत्पश्चात सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव हरिओम पचौरी ने किया।सेमिनार में सीआईपी रांची के सांख्यिकी के विद्वान हरिओम पचौरी ने लॉजिस्टिक रिग्रेशन पर विषय प्रस्तुत किया गया।डॉक्टर एसबी सिंह ने क्लिनिकल परीक्षणों में नमूना आकार निर्धारण पर व्याख्यान दिया। अंत में डॉ. नंदिनी कुमारी ने महत्वपूर्ण गैर पैरामीट्रिक परीक्षण और बायोस्टैटिस्टिक्स में उनके महत्व पर अपनी बातों को रखा। उल्लेखनीय है कि सांख्यिकी और आर्थिक योजना के क्षेत्र में प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करने के लिए हर साल 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है।

## राउंड टेबल ने पारसनाथ स्कूल में बनाया चार क्लास रूम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राउंड टेबल इंडिया राँची चैप्टर राँची समैरिटन 244 ने पारसनाथ पब्लिक स्कूल ,हजाम में बनाया चार क्लासरूम और टोईलेत ब्लॉक।ये पहला तल्ला में बनाया गया और इसका उद्घाटन किया गया। गत वर्ष भी राउंड टेबल 244 ने ग्राउंड फ़्लोर में क्लासरूम और टोईलेत ब्लॉक बनाया था। अगले साल और चार क्लासरूम बनना है जिसके बाद ये बारह क्लासरूम का प्रोजेक्ट पूरा होगा। अभी इस स्कूल से लगभग चार सौ बच्चों को लाभ



मिल रहा है जो अग़ल बग़ल के गाँव से आ रहे हैं। राउंड टेबल का मुख्य उद्देश्य है फ़्रीडम थ्रू एजुकेशन जिसके तहत वो पूरे भारत में स्कूल का निर्माण करती है। अभी तक राउंड टेबल इंडिया ने सन 1997 से लगभग 8000 क्लासरूम 3400 स्कूल में बनाया है जिससे लगभग 9 करोड़ बच्चों को फ़ायदा हुआ है और जिसकी लागत 380 करोड़ रुपया है। उद्घाटन मंडल 16 के चैर्मन शुभम साबू, उप चैर्मन निखिल जैन , राष्ट्रीय ऑनरेरी टेब्लर सिधार्थ चौधरी, अरविंद राजगढ़िया , मंडल 16 के प्रोजेक्ट कनवेनोर राहुल अग्रवाल द्वारा किया गया।स्कूल के बच्चों को फ़ूड पैकेट और चोक्लेट दिया गया। मौक़े पर जेसीआइ राँची, जेसीआइ यूथ, मारवाड़ी युवा मंच , झारखंड चेम्बर , साई सेवा ट्रस्ट के मेम्बर्ज़ भी आए थे।राउंड टेबल 244 के मेम्बर, लेडीज़ सर्कल के मेम्बर, दानकर्ता आदि आज उपस्थित थे।

## आरसेटी के निदेशक को दी गई भावभीनी विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) जामा में मुख्य प्रबंधक प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर संस्थान से सेवानिवृत्त हुए निदेशक अनिल कुमार मिश्रा एवम नए निदेशक के रूप में कार्यभार संभालने वाले पंकज कुमार चौधरी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्तमान निदेशक पंकज कुमार चौधरी व अन्य ने निवर्तमान निदेशक अनिल कुमार मिश्रा को फूल,माला, एवम शॉल देकर भावभीनी विदाई दी। मौके पर मुख्य प्रबंधक प्रवीण कुमार ने कहा कि अनिल कुमार मिश्रा ने 29 जुलाई 2019 को दुमका आरसेटी के निदेशक के रूप में योगदान किये। साथ ही उन्होंने बताया कि निवर्तमान निदेशक का कार्यकाल काफी अच्छा रहा इस दौरान दर्जनाधिक समूहों को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया गया।वहीं डीडीएम नाबार्ड शुभेंदु बेहरा ने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्त एक अनिवार्य प्रक्रिया है ,जिससे एक न एक दिन हम सबों को गुजरना पड़ेगा।नये एलडीएम चंद्रशेखर पटेल जी ने कहा कि सरकारी नौकरी के तीन पड़ाव होते हैं पोस्टिंग,ट्रांसफर व सेवानिवृत्ति ये तीनों पड़ाव शुरू में हमें असहज कर देते हैं, मगर धीरे धीरे सब सामान्य हो जाता है।कार्यक्रम का संचालन कर रहे निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने कहा कि निवर्तमान निदेशक ने जिस प्रकार से संस्थान को गति देने का काम किया था , उसको मैं सबके सहयोग से निरंतर बढ़ाने का काम करूंगा । जेएसएलपीएस दुमका के जिला प्रबंधक कौशल भोलानाथ गुप्ता ने उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की तथा उनके स्वास्थय व दीर्घायु होने की कामना भी की। कार्यक्रम को फैकेल्टी उत्पल कुमार लाहा, अमरदीप कुमार, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, मनोज कुमार सिंह , जेएसएलपीएस से निर्मल कुमार वैध, जेएसएलपीएस से प्रणव प्रियदर्शी, जेएसएलपीएस से बिनती सिंह, इंडियन बैंक से दिनेश गुप्ता, रजत रंजन आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अटेंडर संजय सोरेन तथा अगरबत्ती निर्माण के प्रशिक्षणार्थी आदि मौजूद थे।

### राज्यपाल ने हूल दिवस पर वीर शहीदों को किया नमन



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का प्रतीक हूल दिवस पर सभी वीर शहीदों को नमन किया है। राज्यपाल ने सिदो-कान्हू, चांद- भैरव,फूलो-झानो सहित सभी वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन किया। साथ ही कहा कि इनकी गौरव गाथाएं भावी पीढ़ियों को सदैव मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी।

# संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लालपुर थाना क्षेत्र के पीस रोड में किराए पर रहने वाले रजत कुमार की संदेहास्पद स्थिति में कमरे से शव मिला है। रजत पुरुलिया रोड स्थित मिराज सिनेमा में काम किया करता था। घटना गुरुवार देर रात की है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि खिड़की से देखने पर रजत फंदे पर झूलता हुआ दिखा । मौके पर उसके दोस्त पहुंचे और उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद



था। इसके बाद दोस्तों ने दरवाजा तोड़ दिया और उसे नीचे उतारा। तब तक रजत की मौत हो चुकी थी। घर की चाबी भी रजत के पॉकेट से बरामद की गयी है।

कमरे से बाहर निकलने का कोई दूसरा दरवाजा भी नहीं है। मामले की जानकारी देर रात लालपुर पुलिस को भी दी गई, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी ने शुक्रवार को बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला खुदकुशी का ही लगता है। लेकिन मृतक के दोनों हाथ आगे की तरफ गमछा से बंधे हुए थे इसलिए एहतियातन सभी तरह की जांच पुलिस के द्वारा करवाया जा रहा है। रजत मूल रूप से चुटिया के केतारी बगान का रहने वाला है। परिजन को मामले की सूचना दे दी गई है।

# रांची में अभाविप ने हूल क्रांतिकारियों को किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर ने हूल दिवस पर रांची स्थित सिदो-कान्हू पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि हूल क्रांतिकारियों का बलिदान हिंदुस्तान कभी नहीं भूलेगा। आज का दिन झारखंड के लिए गौरव का दिन है। क्योंकि, अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल 1855 में सबसे पहले झारखंड के वीर सपूत सिदो-कान्हू और चांद भैरव ने जगाई थी। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई सन 1857 में मानी जाती है लेकिन झारखंड के जनजातीय समाज ने 1855 में ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया था। अंग्रेजों और आंदोलनकारियों की लड़ाई में चांद और भैरव शहीद हो गए। साथ ही सिदो-कान्हू के करीबी साथियों को पैसे का लालच देकर दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। फिर 26 जुलाई को दोनों भाइयों को भोगनाडीह गांव में खुलेआम एक पेड़ पर टांगकर फांसी



की सजा दे दी गई। इस विद्रोह में सैकड़ों क्रांतिकारियों ने जान की प्रवाह न करते हुए आजादी की लडाई लड़ी। इस मौके पर प्रान्त सह

**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि हूल क्रांतिकारियों का बलिदान हिंदुस्तान कभी नहीं भूलेगा।**

कोषाध्यक्ष शुभम प्रोहित, प्रेम प्रतीक, अटल पांडेय, अवधेश ठाकुर, मुन्ना यादव, खुशबू हेमरोम, हर्ष राज, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जेल अधीक्षक से ईडी ने की पूछताछ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागर के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर शुक्रवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जेल अधीक्षक से पूछताछ की गई। जेल मैनुअल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपितों को दी जाने वाली सुविधा को लेकर ईडी उनसे पूछताछ की गई।साथ ही जेल में बंद निलंबित आइएएस छवि रंजन के प्रेम प्रकाश से मुलाकात करने के मामले में भी पूछताछ की गई। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के बारे में जानकारी ली। ईडी ने बिरसा केंद्रीय प्रशासन से अगस्त 2022 के बाद से वाला सीसीटीवी फुटेज मांगा था, लेकिन जेल प्रशासन ने ईडी को कोर्ट के निर्देश के बाद दिसंबर 2022 के बाद वाला फुटेज मुहैया कराया। इस मामले में जेल




अधीक्षक ने बीते दिनों ही ईडी कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में दायर याचिका वापस ले ली थी। ईडी ने इससे पूर्व जेल अधीक्षक को दो समन भेजा था। लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद तीसरा समन भेजकर 30 जून को तलब किया था। जेल अधीक्षक और जेलर पर मनी लांड्रिंग के आरोपितों को जेल मैनुअल का उल्लंघन कर मदद करने का आरोप है।

# हूल विद्रोह के तर्ज पर 60-40 नाय चलतो आंदोलन चलेगा : देवेंद्र नाथ महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हुल दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन और झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के क्रान्तिकारी सदस्यों ने रांची सिद्धू कान्हु पार्क में स्थित सिद्धू कान्हु प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम किया। मौके पर क्रांतिकारी छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने झारखंड वासियों को हुल दिवस का बधाई देते हुए झारखंड को बचाने हेतु हुल विद्रोह के तर्ज पर आंदोलन तेज करने का



संदेश देते हुए बताया कि हुल प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक है, अत्याचार जुर्म शोषण जमीन लूट के विरुद्ध तथा हक अधिकार के लिए बुलंद आवाज का प्रतीक है, हुल विद्रोह का सपना अभी अधूरा है, अंग्रेज सरकार के तर्ज पर वर्तमान सरकार भी बिना नियोजन नीति लागू किए झारखंड के विज्ञापन में झारखंड शब्द को गायब करके 60 अनुपात 40 के अनुसार बाहरी माफियाओं के हाथों नौकरी बेचकर झारखंड को भ्रष्टाचार का अड्डा तथा कचड़ा का डब्बा बनाकर जल जंगल जमीन को नष्ट करना चाहती है, झारखंड कि मूल भाषा संस्कृति रीति रिवाज परंपरा को मिटाना चाहती है। साथ ही उन्होंने बताया कि 60-40 नाय चलतो आंदोलनकारी नेतृत्वकर्ताओं का बोडेया रोड चिरौंदी मोराबादी में 3 जुलाई दिन सोमवार को राज्यस्तरीय समीक्षा सह मंथन महासंगोष्ठि का आयोजन किया गया है, उस दिन पिछले छह महीनों के आंदोलन का मूल्यांकन एवम आगे आंदोलन का ठोस निर्णय 24 जिला से आने वाले नेतृत्वकर्ताओं का सर्वसम्मति से सामूहिक निर्णय लिया जायेगा।

# भाजपा ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड के तुको गांव में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पूरा होने के उपलक्ष में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। महा जनसंपर्क अभियान में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व समाजसेवीयों ने प्रधानमंत्री के 9 साल के कार्यो के बारे में विचार रखा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश भाजपा एसटी मोर्चा के भोगेन सोरेन, जिला एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष भीखा उरांव, भाजपा नरकोपी मंडल



अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, महामंत्री बलराम सिंह, नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश साहू, उपाध्यक्ष कुमुद कुमार वर्मा, खेदुवा उरांव, रोशनी उरांव, आदित्य त्रामकार, भागवत त्रामकार, शक्ति राम, मंगरा उरांव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजद नेता सुभाष यादव ने चलाया जनसंपर्क

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मरकच्चो :** चतरा लोक सभा के पूर्व राजद प्रत्यासी सुभाष यादव ने गुरूवार को मरकच्चो प्रखंड के लोहोडियो,चोपनाडीह, बांसडीह, दसारो, मुरकमनाई, नावाडीह, दरदाही, कोंडाराडीह, महुगाई,ब्लॉक चौक, बंधन चौक,महुवा टांड, शाहगंज समेत दर्जनों गांवो का दौरा कर लोगो से रूबरू हुवे और उनकी समस्याओ को सूना और हर संभव निदान करने की बात कही। ईस दौरान उन्होंने मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पहुँच कर मुस्लिम भाई बहनो को ईद उल अजहा के त्यौहार कि बधाई व मुबारक दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य में कोडरमा की मंत्री रहने के बावजूद कोड़रमा



का समुचित विकास नहीं हो पाया जिससे कोडरमा की आम आवाम अपने आपको ढगा सा महसूस कर रही है। आज कोडरमा कि पहचान ढ़िबरा, खदान, क्रेशर बंद हो चूका है जिससे हजारो मजदूर बेरोजगार हो चुके हैं।जिसके कारण वे पालायन करने को मजबूर है और कोडरमा की सांसद व विधायक मौन धारण किये हुवे है। मौके पर राजद महासचिव जावेद अख्तर, सरफराज नवाज खान, रणजीत यादव, सुबाश यादव, नेजाम खान, तोकीर अहमद, जैनुल आलम, मो शौकत, मो अमानत, सहनूर खान ,मिस्टर अली, नसीम आलम, सोहराब आलम, जयनगर प्र अध्यक्ष राजकुमार यादव, बसंत यादव, राजेश पासवान सकलदेव यादव, नसीम अंसारी, समीम खान आदि मौजूद थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीएवी बचरा में नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में स्कूल के कक्षा छः और सातवीं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।नुक्कड़ नाटक में स्वच्छता के महत्व को बताया गया। पर्यावरण को सुरक्षित रखने और शरीर को स्वास्थ्य बनाने में स्वच्छता के महत्व के बारे में नाटक के माध्यम से दर्शाया गया।इस



नाटक में 15 बच्चों ने भाग लिया। कक्षा सप्तम के अभिनव आनंद झा,रुद्र,आशु सिंह, सिद्धार्थ सिंह कक्षा षष्ठ से आर्यन,वरुण गोविंद राज, हर्ष राज, अविनाश, आदर्श, आबिक, वैदेही, वर्तिका, हिमानी, ऋषिका आदि ने भाग लिया।नाटक का निर्देशन विद्यालय की शिक्षिका आभा खन्ना ने किया था।विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने बताया कि अच्छे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए शरीर की साफ-सफाई के साथ ही साथ वातावरण की साफ-सफाई आवश्यक है।नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।इससे बच्चों में रचनात्मक क्रियाशीलता का विकास होता है।उन्होंने कहा कि डीएवी बचरा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## बच्चों के नामांकन के मार्ग प्रशस्त होगा : आयुष राज वमा

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंटर की पढ़ाई जारी रखने के लिए माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता आयुष राज वर्मा ने स्वागत किया आयुष राज वर्मा ने कहा ने कहा अंगीभूत कॉलेज सरकारी व गैर सरकारी प्लस 2 विद्यालयों इंटरमीडिएट पढ़ाई जारी जारी रखने के लिए माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी यह फैसला सराहनीय है एवं छात्र छात्राओं इंटरमीडिएट एडमिशन नहीं लिया जा रहा है था जिससे लाखों बच्चे का भविष्य भविष्य अंधकार में हो रहा था माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद बच्चों के नामांकन के मार्ग प्रशस्त होगा झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता आयुष राज वर्मा ने कहा शिक्षा विभाग के अधिकारी इंटरमीडिएट पढ़ाई अंगीभूत कॉलेज संबंध डिग्री कॉलेज एवं प्लस प्लस टू विद्यालयों बंद करने का अविवेकपूर्ण नहीं लेते कैसे हैं इनको हिम्मत कौन देता ।

## विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता के पिता का हुआ निधन, शोक की लहर

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह बड़कागांव विधानसभा की विधायक अंबा प्रसाद के पिपरवार प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता के पिता 62 वर्षीय राम कुमार गुप्ता का शुक्रवार को रांची के एक अस्पताल में निधन हो गया।मिली जानकारी के मुताबिक वह पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे और रांची के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था,जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की अहले सुबह उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।उनके पैतृक आवास केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के बुण्डू पंचायत के किरीगढ़ा दामोदर नदी तट पर शुक्रवार की दोपहर उनका अंतिम संस्कार किया गया।उनके अंतिम संस्कार में कोयलांचल क्षेत्र से काफी संख्या में लोग शामिल हुए।उनके निधन पर क्षेत्र के कई लोगों ने दुःख प्रकट किया है।दुःख प्रकट करने वालों में पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव,पूर्व विधायक निर्मला देवी,बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,इकबाल हुसैन, इस्लाम अंसारी,रविंद्र गुप्ता, अब्दुल कुदूस,राजकिशोर, मंगल साव,उमेश यादव,रविंद्र कुमार सिंह,रामनंदन राम, आबिद हुसैन,मोहन करमाली,संतोष यादव, सुभाष साव,सुनील प्रसाद, रोशन गुप्ता,कूदूस खान, शिबु साव सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के प्रति आभार जताया

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एबीवीपी ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने राँची विश्वविद्यालय द्वारा अंगीभूत कॉलेजों में पुनः इंटरमीडिएट की पढ़ाई बहाल होने पर बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के प्रति आभार जताया है। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई को बचाने हेतु ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग रखा था। सरकार ने पुनः विचार करते हुए इंटरमीडिएट की पढ़ाई को सभी अंगीभूत व सम्बद्ध कॉलेजो में पुनः बहाल कर दी हृ इससे ग्रामीण क्षेत्रो के अभिभावकों व विद्यार्थियों में खुशी की लहर व्याप्त है साथ ही ग्रामीण कॉलेजो में मुख्य रुप से केसीबी कॉलेज बेड़ो व मांडर कॉलेज में इंटरमीडियट में नामांकन लेने वाले हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं ने राहत की सांस ली ।

## फ्रीडम आजसू ने पंच परगना हीरोस को पराजित किया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडालको स्टेडियम परिसर में गुरुवार के दिन आठवां एसपीएल प्रतियोगिता में क्रिकेट टूर्नामेंट फ्रीडम आजसू और पंच परगना हीरोस के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच टॉस हुआ और फ्रीडम आजसू ने टॉस जीता एवं रणक्षेत्र करने का निर्णय लिया। तत्पश्चात दोनों टीमों के बीच खेल संपन्न हुआ जिसमें पंच परगना हीरोस 12 ओवर खेलते हुए 159 रन 4 विकेट खोकर बनाया तथा फ्रीडम आजसू को जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलते हुए फ्रीडम आजसू ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 11.3 ओवर में 7 विकेट खोकर 162 रन बनाकर 3 विकेट से विजयी रहा। बेस्ट कैच का खिताब संजीव को मिला तथा बेस्ट बॉलर का अवार्ड शिवनाथ को दिया गया एवं विशाल ने सबसे ज्यादा छक्का मारने का खिताब हासिल किया। मैन ऑफ द मैच विशाल को दिया गया एवं आयोजन समिति के द्वारा विजयी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस नें मनाया हूल दिवस

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान की अध्यक्षता में हुल क्रांति दिवस मनाया गया! जहाँ सर्वप्रथम सिद्ध कान्हु एवं चांद भैरव फूलों झानो सभी वीर शहीदों की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन की. व उनके द्वारा किए गए आंदोलन पर विस्तार से बताया. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, राजकुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, कांग्रेस नेता सईद नसीम, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान, जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस नेता लक्ष्मण यादव,जिला उपाध्यक्ष संजय सेठ, कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह,जिला सचिव पवन सिंह,बेबी सिन्हा, दशरथ पासवान, सदानंद पांडे, अशरफ अली,हृदय नंद पांडे,रीना देवी, महिला जिला अध्यक्ष प्रिया सिंह, राजकुमार जैन, शशिकांत यादव, मोहम्मद गालीफ, अजीत पासवान, अनीता पासवान,समेत अन्य लोग मौजूद थे.

# पिपरवार के अविनाश ने राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अंतर्गत पाहन टोगंरी निवासी अविनाश गंझु ने पुणे के छत्रपति शिवाजी स्पोर्टस कम्पलेक्स मे चल रहे 32वां राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक प्राप्त कर झारखंड सहित पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।जानकारी के अनुसार अविनाश चतरा जिला वुशू संघ के सीनियर खिलाड़ी है और झारखण्ड टीम की ओर से उन्होंने बेहतर खेल



का प्रदर्शन करते हुए 32वां राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता मे वुशू के ताऊलू स्पर्धा के टरेडिसनल ताईची क्वान प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक प्राप्त कर पुरे झारखण्ड और चतरा जिला सहित पिपरवार क्षेत्र का मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है।अविनाश के इस उपलब्धि पर उनके कोच रजी अहमद,झारखण्ड वुशू संघ के महासचिव शैलेन्द्र नाथ दुबे एवं झारखण्ड ओलम्पिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र नाथ दुबे ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की,साथ ही आगे भी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने राज्य, जिला और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की है।

# कल अड़की में भाजपा का युवा सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सिंदरी कस्बे के महुआडीह में भारतीय जनता पार्टी के अड़की मंडल के द्वारा आगामी 2 जुलाई को युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा दीपक प्रकाश उपस्थित होंगे जिसको लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी के नेतृत्व में अड़की प्रखंड के अड़की, सिंदरी, दिसीपीड़ी आदि गांव में भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिसमें घर-घर जाकर मोदी जी के



देश हित के कार्यों के बारे में बता कर युवा सम्मेलन में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया।टोले कस्बों में मैराथन जनसंपर्क अभियान के बाद खूंटी तमाड़ रोड स्थित होटल आर्यावन में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी के द्वारा तमाम जानकारियां दी गई। जनसंपर्क अभियान में खासतौर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद राय, संजय मुडा, मोती पातर, मनोज साहू, राजु हजाम, हरेलाल पातर, हरिश मुन्डा, जगजीवन मुंडा, नटलाल हजाम, श्रवण मुण्डा, रोहित मुण्डा ,जगरनाथ दास, सत्यनारायण साहू ,अजय साहू,अजय लोहरा ,मनोज पंडा, सुवेश्वर लोहरा, किस्टो लोहरा, विधोन लोहरा, कुँवर लोहरा, विदेशी उँराव ,सुकरा उरांव, नन्दलाल स्वांसी कृष्णा स्वॉसी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा पिपरवार मंडल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के क्रम में भाजपा पिपरवार मंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनता के बीच पहुंचने लगे हैं।भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया।कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर लोगों को सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्र बांटा।भाजपा की टोपी और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित



किया और मोदी सरकार के उपलब्धियों को बताया।जिला मंत्री रीना देवी ने बताया कि यह अभियान बचरा बिशुझापा,काली मंदिर,64 कॉलोनी, माइनस कॉलोनी, बहेरा, कल्याणपुर, बेंती,बिलारी,बन्हे,कारो क्षेत्र समेत सभी बूथों पर चलाया गया।महिला मोर्चा महामंत्री राधा देवी ने कहा कि मोदी जी ऐसे प्रधानमंत्री हैं,जिनके कार्य के बदौलत आज देश की पहचान पूरे विश्व स्तर पर हो रही है।इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता केंद्र सरकार के जन महत्वकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक ले जाने का कार्य करेंगे।इस मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, महामंत्री राधा देवी,जिला मंत्री रीना देवी,उदय शर्मा, संजय कुमार भोगता,धीरेंद्र शर्मा,अमित पांडे,रीमा सिंह, राधिका देवी, अरबिंद कुमार सिंह,मालती देवी, समुद्री देवी, लक्ष्मण भुइयां, अनीता देवी, कल्लू लोहार,सुरेंद्र राम,सोनी देवी,प्रमोद लोहार,नीतू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद के नेतृत्व में हूल दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खुँटी :** झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में हूल दिवस मनाया गया एवं संथाल विद्रोह के क्रांतिकारी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया, आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी मगन मंजित तिडू पूर्व प्रत्याशी सुशील पहान हेमंत तोपनो उषा धान मोजिर अंसारी, बिरेन्द्र सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष




शंकर सिंह मुण्डा, पूर्व सचिव महेंद्र सिंह मुण्डा, कर्रा प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, विजय संगा, रंजीत मिश्रा, नन्दराम मुण्डा मोहम्मद असलम, इन्द्रा शाका ,काका आदि उपस्थित थे।

# माकपा ने हूल दिवस मनाया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** राहे में झारखंड राज्य किसान सभा एवं माकपा के तत्वावधान में राहे नुरू में हुल दिवस मनाया गया तथा जल, जंगल, जमीन की रक्षा का शपथ लिया गया।हुल दिवस अमर रहे, सिद्धों - कान्हु,चांद - भैरव, फूलों - झानु अमर रहे,हुल के शहीदों अमर रहे आदि नारे लग रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सह माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य सुफल महतो ने कहा सिद्धों - कान्हु , चांद - भैरव,फूलो - झानों के रास्ते झारखंड में नये हुल की जरूरत है,हुल के रास्ते ही भ्रष्टाचार, घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण को रोका जा सकता है। 18 55 को भोगनाडीह में 30 जून का संथाल हूल? एवं 10 हजार से ज्यादा आदिवासियों की शहादत अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सबसे बड़ा शहादत था। इस अवसर पर किसान नेता श्रवन मुंडा,भथु मुंडा,बिरबल मुंडा मधुसूदन मुंडा,शिबू कुम्हार,मोठू कुम्हार, सुखराम मुंडा, घासी राम मुंडा, बुद्धदेव मुंडा,सोमा मुंडा,माताल मुंडा,बुधन लाल मुंडा,एतो मुंडा,राजेश कुम्हार,निलकांत मुंडा आदि साथी उपस्थित थे।

# विधायक ने किया मृतक परिवार को सहयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** ओरमांझी प्रखंड के बरवे महुआ टोली में मृतक पूसा उरांव की आकस्मिक निधन विगत दिनों हो गया था। मृतक परिवार को खिजरी विधानसभा के विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से मृतक परिवार को सहयोग किया गया। विधायक सलाहकार रमेश उरांव के द्वारा 52 किलो चावल सहयोग के रूप में मुहैया कराया गया। मौके पर रमेश उरांव ने सांत्वना देते हुए कहा




कि इस दुख की घड़ी में विधायक और हम सभी कांग्रेस परिवार मृतक परिवार के हर तरह का मदद करने के लिए तत्पर हैं। इस दौरान श्री उरांव ने यह भी कहा की राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत सरकार से पैसा दिलवाने का आश्वासन के साथ-साथ और भी कई तरह की लाभ देने की एवं सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश उरांव विधायक सलाहकार, मृतक के पत्नी जितन देवी, पुत्र धर्मेंद्र उरांव, प्रदीप उरांव, गांव के वरिष्ठ समाजसेवी प्रतीत कच्छप, मेघनाथ उरांव, धर्मा उरांव, जतरू उरांव, बबलू उरांव, दीपक उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

## द्वारिका हॉस्पिटल ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** द्वारिका हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन चतरा सचिवालय में किया गया। इस अवसर पे शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एंथोनी एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रज्ञा रंजन ने आए हुए रोगियो को मुफ्त में चिकित्सा ,दवा ,सलाह दी। हॉस्पिटल के निर्देशक डॉक्टर सुजीत कुमार निराला के द्वारा बताया गया की ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होते रहेंगे जिससे ग्रामीणों को लाभ मिलता रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम कुमारी,सर्वती मांझी, दीवा पासवान, मुखिया चतरा डॉली मुंडा , पूर्व मुखिया सोहन मुंडा का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## कांग्रेस नेता शिवदास गोस्वामी ने नये बिजली ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के एकल प्रयास से महेशपुर गांव के लिए आवटित 200 केवीए के नए बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन वरिष्ठ कांग्रेसी शिवदास गोस्वामी ने फीता काटकर किया । मौके पर पंचायत अध्यक्ष समीम खान भाजपा नेता जाकिर खान समाजसेवी रुस्तम खान आजसू नेता बबलू खान रबानी खान अजय आर्य अशोक बेदिया प्रेम उरांव अजय मुंडा आदि ने सयुंक्त रूप से किया ।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में एक भागवत ऐसी भी का आयोजन 8 से 14 जुलाई तक



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन के तत्वधान और मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर के आतिथ्य में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 8 से 14 जुलाई तक बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में होने जा रहा हैं। इसकी सफलता के लिए मारवाड़ी महिला मंच की सदस्या जोर -शोर से तैयारियां में लगी हुई हैं। कथावाचक परम श्रद्धेय सीताराम शास्त्री हरिद्वार के पास स्थित सुखताल से आ रहे हैं, जो व्यासपीठ से रोजाना दोपहर 03 बजे से शाम 06 बजे कथा का प्रवचन करेंगें। यह जानकारी गुरूवार को मारवाड़ी महिला सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष मजू खंडेलवाल एवं प्रेस प्रभारी सुशीला खीरवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। कहा, कृष्ण जन्मोत्सव के दिन बाल विकास के तहत स्कूल के 100 बच्चों के बीच पठन-पाठन की सामग्री एवं मिठाई का वितरण किया जाएगा। रुक्मणी विवाह के दिन 2 कन्याओं के विवाह के लिए आवश्यक सामग्री समेत उपहार स्वरूप नगद सहयोग राशि दी जाएगी। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत 2 महिलाओं को सिलाई मशीन दी जाएगी, राधा जन्मोत्सव के दिन कन्या पूजन के अंतर्गत 11 नवजात कन्या का पूजन एवं उनकी माताओं को सम्मानित कर उन्हें उपहार दिया जाएगा। पर्यावरण प्रकल्प के तहत यह निर्णय लिया गया है कि जितने भी अतिथि गण रहेंगे उन्हें विभिन्न तरह के पौधों से सम्मानित करेंगे। एकादशी के दिन गोदान करेंगे। संस्था का एक प्रकल्प है अंगदान, देहदान, नेत्रदान एवं इसके अंतर्गत वर्तमान सत्र 2020-2022 में जिन लोगों का जमशेदपुर में नेत्रदान हुआ है उनके परिवार वाले, डॉक्टर्स एवं रोशनी संस्था को सम्मानित किया जाएगा। अंगदान के तहत अपनी धर्मपत्नी स्नेहलता चौधरी का अंगदान करवाने वाले अमन चौधरी को सम्मानित किया जाएगा। 74 बार रक्तदान करने वाली चाईबासा की निशा केडिया को रक्तदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## मायुमं ने राजस्थान सेवा सदन हॉस्पिटल को दिया ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपने स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम के चौथे दिन शुक्रवार को शाखा अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतत्व में जुगसलाई स्थित राजस्थान सेवा सदन हॉस्पिटल मे अपना प्रथम ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर प्रदत्त किया गया। यह कार्यक्रम स्वर्गीय परमेश्वरी रामस्वरूप रिंगसिया के पुण्य स्मृति में, उनके परिवार के सौजन्य से पूर्ण हुआ। हरीश चंद्र रिंगसिया के हाथो से ऑक्सीजन कॉनसेंट्रेटर हॉस्पिटल के सचिव जगदीश खंडेलवाल को दिया गया। मौके पर शाखा सचिव अंशुल रिंगासिया, कोषाध्यक्ष आदित्य जजोदिया, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, हरीश चंद्र अग्रवाल, सुनील रिंगसिया, अनिल अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विजय सोनी, विनीत बोरा, उत्कर्ष अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, डॉ मित्तल आदि मौजूद थे।

## पूर्व पार्षद पिंकी के प्रयास से दूर हुआ पेयजल समस्या



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड तीन स्थित शांतिनगर में उत्पन्न पेयजल की समस्या को पूर्व पार्षद पिंकी चौधरी के प्रयास से दूर किया जा सका। विगत कई दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा पार्षद को इस समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा था। इसको गम्भीरता से लेते हुए उन्होंने शुक्रवार को बस्ती में स्कूल के समीप और लोहारपाड़ा में कुल दो खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती कराकर बस्तीवासियों को इस समस्या से निजात दिलाया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी बंकिम चौधरी मौजूद रहे।

## भाजपा नेता विमल बैठा ने सिदो-कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता विमल बैठा ने शुक्रवार को हुल दिवस के मौके पर पटमदा बाजार ब्लॉक मोड़ स्थित सिदो - कान्हू की मूर्ति पर दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण करते हुए शहीदों को नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की आजादी का पहला आंदोलन था हुल दिवस। उन्होंने कहा कि सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो जैसे महान आंदोलनकारियों के बताए मार्ग पर चलकर गरीब असहाय लोगों की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, अमिताभ सेनापति, विकास कुमार, नारायण महतो, बिरेन महतो, कृष्ण चंद्र महतो,भास्कर सिंह,ओमप्रकाश अग्रवाल, सुशांत दत्त, भागवत महतो आदि शामिल थे।

## चुनाव की तैयारी को लेकर जेएमएम की कुचाई में विधानसभा स्तरीय बैठक 2 जुलाई को

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 2024 में लोकसभा एवं विधानसभा स्तरीय होने वाली चुनाव की तैयारी को लेकर कुचाई प्रखंड परिसर के किसान भवन में 2 जुलाई रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की कार्यकर्ता सदस्य ग्राम अभियान का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में चुनाव की तैयारी के साथ-साथ चुनाव से संबंधित अहम मुद्दों पर चर्चा व? विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में कुचाई खरसावां खूंटपानी सरायकेला एवं गम्हरिया प्रखंड से तमाम कार्यकर्ता उपस्थित होंगे वहीं झामुमो के कुचाई प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मुंडा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड कमेटी के सभी सदस्य महिला मोर्चा नेत्रीयों व पंचायत के सभी सदस्यों को पदाधिकारियों को उपस्थित होना अनिवार्य है।

**हूल दिवस पर आदिवासी समुदाय ने यूसीसी कानून के खिलाफ निकाला बाइक रैली, किया विरोध प्रदर्शन**

# यूसीसी कानून आदिवासियों के स्वतंत्र अस्मिता पर सीधा हमला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** हुल दिवस के अवसर पर आदिवासी समुदाय ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) कानून के खिलाफ रोड शो कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन के बैनर तले हुल दिवस के अवसर पर जिला के सीमांत कमरगोड़ा से टुडुंगरी गौरागकोचा तक यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) कानून का जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए, मोटर साइकिल रैली निकाला गया। इस दौरान आदिवासी समाज ने यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून का जमकर विरोध किया है। समुदाय का



कहना हे कानून लागू हो गया तो उनकी स्वतंत्र अस्मिता सवालों के घेरे में आ जाएगी। आदिवासियों का कहना है कि इस कानून से उनके विवाह, तलाक, बंटवारा, गोद लेने, विरासत और उतराधिकार समेत कानून प्रभावित होंगे । उन्होंने ये भी तर्क दिया है कि यह देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को नष्ट कर सकता है और इसके नागरिकों की अपनी पसंद के धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। यदि यह लागू होता है, तो हिंदू, मुस्लिम, सिख, पारसी और अन्य समुदायों के विवाह, तलाक और विरासत को नियंत्रित करने वाले अलग-अलग व्यक्तिगत कानून इसमें समाहित हो जाएंगे। मौके पर श्यामल मार्डी, पारगाना रामेश्वर बेसरा ,श्याम सिंह सरदार, सुखराम हेंब्रम, चारुचंद किस्कू, रविंदर सरदार, जगदीश सिंह सरदार, भद्रु सिंह सरदार, लक्षण सिंह, सुरेंदर सिंह ज्योतीलाल बेसरा, धनेश्वर मुर्मू, भादूडीह माझी बाबा बुद्धेश्वर मारडी, डोमन बास, प्रकाश मारडी जगन्नाथ किस्कू, रवींद्रनाथ सिंह , बधुसूदन हेंब्रम और भी संगठन के सक्रिय सदस्य गण एवं आदिवासी अगुवा गण उपस्थित थे।

## मंत्री चंपई सोरेन व विधायक सविता महतो ने वीर सिद्धू कान्हु को दिया श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चांडिल गोलचक्कर में श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हुए झारखंड सरकार के परिवहन सह कल्याण मंत्री चंपई सोरेन, ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, जिला परिषद सदस्य पिंकी लायक, पूर्व जिला परिषद ओम लायक, अनुमंडल पदाधिकारी रंजित लोहरा,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय सिंह ने दिया श्रद्धांजलि। मौके पर सुदामा हेंब्रम ने कहा अंग्रेजो के खिलाफ विद्रोह में सिदो कान्हु ,चांद भैरभ एवं फूलो झानो ने अंग्रेजो के शोषण एवं महाजनों के अत्याचारों से तंग आकर 30 जून 1885 को अंग्रेजी सत्ता के खिलाप विद्रोह किया था। उन सभी विद्रोह में शामिल वीरों की वलीदानों की याद में हूल दिवस मनाया जाता है। मौके पर सुकराम हेम्ब्रम, चारुचंद्र किस्कु, दिलीप किस्कु, सुगी हांसदा, सुधीर किस्कु, सुदामा हेम्ब्रम, बैद्यनाथ टुडू,समाय टुडू उपस्थित थे

## संघ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक नेहरु महतो को दी गई भावभीनी विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** अखिल झारखण्ड प्राथमिक संघ ईचागढ़ अंचल ईकाई की ओर से प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय गौरांगकोचा के सभागार में समारोह आयोजित कर संघ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्राथमिक विद्यालय, सालबनी के सेवानिवृत्त शिक्षक नेहरू महतो को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता ने कहा कि नेहरू महतो वर्ष 1994 में शिक्षक के रूप में सेवा में आने के पश्चात् पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित मंझारी प्रखंड तथा ईचागढ़ उच्च विद्यालय पिलीद में लंबे अवधि तक शिक्षण कार्य का निष्पादन किया। अपने विदाई समारोह के मौके पर महतो ने अन्य शिक्षकों को भी शिक्षा एवं शिक्षण कल्याण में प्रतिबद्धता एवं संकल्पित होकर कार्य करने की अपील किया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा ने नेहरू महतो को सेवानिवृत्ति की बधाई के साथ भविष्य में समाज को मार्गदर्शन करने की अपील किया। समारोह को गढ़वा के



बीडीओ जयपाल महतो ने भी संबोधित किया। अंत में उन्हें पुष्प गुच्छ व उपहार प्रदान कर विदाई दी गई। इस मौके पर संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष ताराचंद साहू, चंद मोहन चौधरी, जिलाध्यक्ष मानिक प्रसाद सिंह, महासचिव सुदामा मांझी, देवेन्द्र नाथ साव, संजय साहु, बुद्धेश्वर साहु, चित्तरंजन महतो, तरणी प्रसाद साहू अश्विनी कुमार मिश्रा, विनोद कुमार, अमर उरांव, दिलीप गुप्ता, हेमंत कुमार महतो, अरूण प्रसाद वर्मन, कमल महतो, लक्ष्मण महतो, विष्णुपदो प्रमाणिक समेत शिक्षक व कई छात्र उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने मांगडू गांव में सिदो-कान्हू को दी श्रद्धांजलि, शामिल हुए जिलाध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/हरना :** पोटका प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी, कोवाली मण्डल, कालिकापुर मण्डल, हाता-हल्दीपोखर मण्डल एवं आसनबनी मण्डल कांग्रेस के तत्वावधान में हुल दिवस कार्यक्रम का आयोजन मांगडू गांव स्थित सिदो-कान्हू के प्रतिमा पर पुजा अर्चना पुजारी एवं ग्राम प्रधान ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने महानायक वीर शहीद सिदो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि महानायक सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव, फुलो-झानो ने महाजनी प्रथा के खिलाफ हुल



क्रांति 1855 ई में किया। अंग्रेजी हुकुमत ने सभी को मौत के घाट उतार दिया। आज हम सभी महानायक वीर शहीदों को नमन करते है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथिगण के रूप में जिला उपाध्यक्ष सुबोध सिंह सरदार, संजय सिंह आजाद, सोमेन मंडल, पोटका प्रखण्ड अध्यक्ष सौरभ चटर्जी, कालिकापुर मण्डल अध्यक्ष लासा मुर्मू, हाता-हल्दीपोखर मण्डल अध्यक्ष मधुसूदन कैवर्त, बुद्धेश्वर सरदार, उदय शंकर मुर्मू सहित ग्राम के सैकडों नागरिक तथा पचास से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

## मंगल कालिन्दी ने कांकीडीह में किया सिदो-कान्हू की मूर्ति का अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी ने स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर पटमदा के कांकीडीह मोड़ पर निजी खर्च से सिदो-कान्हू की मूर्तियों की स्थापना की है। शुक्रवार को इसका विधिवत पूजा-अर्चना व अनावरण कार्यक्रम करते हुए सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मूर्ति परिसर में विधायक निधि से कराये गये सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन मंगल कालिन्दी ने किया। मौके पर नायके बाबा मनसाराम बेसरा, माझी बाबा नकुल बेसरा, प्रमाणिक बाबा महेश्वर बेसरा, भद्द बाबा सागेन बेसरा, देवान बाबा गणेश मुर्मू, गोडेत बाबा हरेंद्र सोरेन, मुखिया दीपक कुमार मुदि, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू व अश्विनी महतो आदि मौजूद थे।

## यूसील के 26 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील की जादूगोड़ा, नरवा पहाड़ व तुरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट में 26 कर्मचारी आज सेवानिवृत्त हो गए। इधर मुख्य विदाई समारोह नरवा पहाड़ प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित की गई जहां ईश्वर माझी समेत कुल 14 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर यूरेनियम मजदूर संघ के नेता आनंद महतो ने कहा कि रिटायर्ड होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। जिससे सभी को खुशी-खुशी गुजरना पड़ता है। ईश्वर माझी ने 20 मार्च 1995 में कंपनी में एक योगदान दिए थे। उन्होंने जानकारी दी कि जादूगोड़ा में 9 कर्मचारी, नरवा पहाड़ में 14 व तुरामडीह में 03



कर्मचारी यूसील से सेवा मुक्त हो गए। इस विदाई समारोह में नरवा पहाड़ के नए खान प्रबंधक एस वी दिमबड,असिस्टेंट मैनेजर, एस के सिंह, माइनिंग फोरमेन चन्दन कुमार, धर्मनाथ शर्मा,आनन्द महतो,फागू मुर्मु,सीता राम मुर्मू बिरेन टुडू ( मांझी बाबा ), हीरा सिंह ,सतीश सरदार, अविनाश महतो, हिरन्य कुमार भगत ,लखीन्दर मुर्मू, खेला राम , बामेला सरदार, राजेश मुर्मू प्रधान सोरेन, रंजीत कुमार राणा, बंगाल टुडू, चरन गुइया आदि उपस्थित थे।

## हूल दिवस पर आप नेता गणपति करुआ के नेतृत्व में निकली रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ ने शुक्रवार को हुल दिवस के मौके पर पटमदा प्रखंड अध्यक्ष मनसाराम पावरी के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली। इस दौरान दर्जनों पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटमदा ब्लॉक मोड़, कांकीडीह एवं सासांगडीह में सिदो-कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मनसाराम पावरी, दिलीप महतो, कन्नन गणेशन, राजीव महतो, हाराधन महतो, भक्तरंजन मुर्मू , सिराज मुर्मू, जगप्रित सिंह, शंकर माझी, शंभू सिंह गांधी व शालीग्राम मिश्रा आदि शामिल थे।

## सांसद विद्युत वरण महतो ने पटमदा में दी सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी के नेतृत्व में शुक्रवार को जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने हुल दिवस के मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ बंगाल सीमा से सटे पटमदा प्रखंड के कांकु गांव स्थित वीर शहीद सिदो - कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सांसद आदर्श गांव बांगुड़दा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9



साल पूर्ण होने पर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो, अबोध कालिंदी, उपेन माझी व गोपाल महतो आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## युवा के सदस्यों का संगठनात्मक विकास पर प्रशिक्षण बाल विवाह रोकने के प्रयासों की समीक्षा की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन ( युवा) के कार्यकर्ताओं का आज संगठनात्मक विकास पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण में युवा के सभी बोर्ड सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरंभ में युवा के संस्थापक अरविंद तिवारी ने वर्ष 1996 से अब तक युवा के सफर की विश्लेषणात्मक प्रस्तुति की। युवा के अध्यक्ष उषा सबीना देवगम कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, नीता बोस सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने युवा के संस्थागत विकास के लिए



अपने अपने विचार व्यक्त किए। बाल विवाह रोकने के लिए पोटका में पिछले वर्ष चलाए गए अभियान व प्रयासों की जानकारी कोऑर्डिनेटर ज्योति हेंब्रम ने प्रस्तुत किया। चंद्रकला मुंडा ,रीला सरदार, अवंती सरदार ,चांदमनी और अंजना ने विभिन्न केस स्टडीज प्रस्तुत कर युवा के प्रयासों की जानकारी दी।

## राजद कैम्प कार्यालय में दी गई सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राजद कैम्प कार्यालय गम्हरिया में हुल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह में अहम भूमिका निभाने वाले सिद्धो-कान्हू व चांद- भैरव को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रांतीय महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन



आंदोलनकारियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन से सीख लेने की अपील किया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता मुकेश झा, सुशीता बारीक, श्याम सुन्दर मालाकार, गाजु साव, मो0 खालिद, बबलू यादव, रामेश्वर सिंह यादव, आशुतोष राणा, आनन्द मंडल, राजीव यादव, राजेंद्र यादव, वासुदेव प्रसाद, जगन्नाथ मिश्रा, पुष्पा सिंह, राजकुमारी सिंह, बबीता पांडेय, इन्दर सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा सोनारी मंडल ने हूल क्रांति दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अमर शहीद सिदो कान्हू की याद में भाजपा सोनारी मंडल द्वारा आज हूल क्रांति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अमर शहीद सिदो- कान्हू की मूर्ति पर सोनारी ट्राईवल सेक्टर में एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुशील हेसा के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के उपस्थिति में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर प्रशांत कुमार पोद्दार, शुशील हेसा,नारायण प्रसाद,



संजय रजक, दिपक नाग, विश्व सोरेन, लक्षण, सोनाराम, बनमाली एवं दर्जनों कार्यकर्त्ताओं ने शहीदों को याद करते हुए माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

## संपादकीय

# एक देश, दो कानून नहीं

**एक** घर में दो कानून नहीं हो सकते। यदि घर नहीं चलाया जा सकता, तो दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलाया जा सकता है? समान नागरिक संहिता पर भ्रम फैलाया जा रहा है। मुसलमानों को भड़काया जा रहा है, जबकि सर्वोच्च अदालत बार-बार कहती रही है कि समान नागरिक संहिता लाओ। तीन तलाक की वकालत करने वाले वोट बैंक के भूखे यह भ्रम फैला रहे हैं और समान नागरिक संहिता के रास्ते में रोड़े अटका रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 के बाद किसी भी सार्वजनिक मंच से इस मुद्दे का, पहली बार, ऐसा प्रहारात्मक उल्लेख किया है। स्पष्ट संकेत है कि प्रधानमंत्री इसे संसद में पेश कर, लागू कराने के, मूड में हैं। वह इसे ही 2024 का चुनावी मुद्दा बनाना चाहते हैं। दरअसल यह एक पुराना मुद्दा है, जिस पर 'जनसंघ' राजनीति करती रही थी। भाजपा बनी, तो 1989 के लोकसभा चुनाव में समान नागरिक संहिता को घोषणा-पत्र का हिस्सा बनाया गया। उसके बाद प्रत्येक चुनाव घोषणा पत्र में आश्वासन दिया जाता रहा कि भाजपा आई, तो समान नागरिक संहिता लागू करेगी। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी छह साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे और बीते नौ साल से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री रहे हैं, लेकिन खुद प्रधानमंत्री ने यह मुद्दा तब उठाया है, जब आम चुनाव में 9-10 माह शेष हैं। विधि आयोग ने अभी देश की जनता और धार्मिक संगठनों की राय मांगी है। एक माह का समय दिया गया है। जनता के अभिमत आएंगे, तो उन्हें संकलित करने में भी वक्त चाहिए। संसद के मानसून सत्र में विधेयक पेश करना अव्यावहारिक लगता है। शीतकालीन सत्र ही शेष है, जिसमें समान नागरिक संहिता पर बिल संसद में पेश किया जा सकता है। विपक्ष दबाव देगा कि बिल को स्थायी समिति या प्रवर समिति को भेजा जाए, ताकि व्यापक विमर्श किया जा सके। जनवरी, 2024 का बजट सत्र प्रतीकात्मक होगा। जनवरी में ही अयोध्या के श्रीराम मंदिर के एक पक्ष का उद्घाटन होना है। भाजपा उस पर भी खूब शोर मचाएगी, क्योंकि धुरवीकरण का वह बुनियादी मुद्दा है। जनवरी के सत्र में बजट के स्थान पर लेखानुदान पारित किया जाएगा। हमारा सवाल और सरोकार यह है कि भाजपा 15 साल की सत्ता के दौरान 'एक देश, एक कानून' की स्थिति नहीं बना सकी, तो आगामी 6-7 माह के दौरान समान नागरिक संहिता सरीखे घोर विवादास्पद और विभाजक मुद्दे पर कानून कैसे बनाया जा सकता है? क्या एक बार फिर यह जुमला ही साबित होगा और ऐसे संवेदनशील विषय पर चुनावी जनादेश का माहौल बनाया जाएगा? बेशक संविधान सभा में हमारे पूर्वजों ने इस विषय पर व्यापक विमर्श किया। अंततः इसे संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत रखा गया और समान नागरिक संहिता के लिए केंद्र और राज्य सरकारों दोनों को ही अधिकृत किया गया। बाबा अंबेडकर और राम मनोहर लोहिया सरीखे संविधान विशेषज्ञ नेताओं की पैरोकारी के बावजूद माना जाता रहा है कि यह व्यवस्था हिंदू-मुसलमान को दोफाड़ करने की है। इसे तो 'हिंदू सिविल कोड' करार दिया जाए। आज सांसद ओवैसी भी लगभग यही जुबां बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी समान नागरिक संहिता के संदर्भ में सिर्फ 'पसमांदा मुसलमान' का ही जिक्र किया है। क्या अन्य समुदायों को समान नागरिक संहिता की नई व्यवस्था मंजूर है? अभी तो इसका मसविदा सामने आना है। प्रधानमंत्री ने डिजिटल संवाद के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे पसमांदा समुदाय तक जाएं और उनके भ्रम दूर करें। प्रधानमंत्री तीन तलाक और समान नागरिक संहिता पर खासकर मुस्लिम औरतों और पसमांदा को लामबंद करके उनके वोट बटोरना चाहते हैं। दावा किया जा रहा है कि समान नागरिक संहिता का लक्ष्य मुसलमानों को निशाना बनाना नहीं है, लेकिन जब सभी कानून समरूप हो जाएंगे, तो मुसलमानों के कानूनों में ही व्यापक फेरबदल होगा।

> प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 के बाद किसी भी सार्वजनिक मंच से इस मुद्दे का, पहली बार, ऐसा प्रहारात्मक उल्लेख किया है। स्पष्ट संकेत है कि प्रधानमंत्री इसे संसद में पेश कर, लागू कराने के, मूड में हैं। वह इसे ही 2024 का चुनावी मुद्दा बनाना चाहते हैं। दरअसल यह एक पुराना मुद्दा है, जिस पर 'जनसंघ' राजनीति करती रही थी। भाजपा बनी, तो 1989 के लोकसभा चुनाव में समान नागरिक संहिता को घोषणा-पत्र का हिस्सा बनाया गया। उसके बाद प्रत्येक चुनाव घोषणा पत्र में आश्वासन दिया जाता रहा कि भाजपा आई, तो समान नागरिक संहिता लागू करेगी। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी छह साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे और बीते नौ साल से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं।

## कुछ अलग

# धर्मशाला में वल्ड कप के मैच

**भारतीय** क्रिकेट फिर जश्न मनाने हिमाचल आ रही है। आईसीसी वल्ड कप की मेजबानी में भारत के नक्शे पर धर्मशाला का नाम चिन्हित करने का संकल्प पूरा हो रहा है, तो इसका श्रेय स्वाभाविक रूप से हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और खास तौर पर आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल को जाता है। वल्ड कप के पांच मैच हासिल करना राज्य के नाम खेल पर्यटन की कई संभावनाएं जोड़ रहा है। इस तरह अक्तूबर का महीना फिर जायजा लेगा कि ऐसे आयोजन कितने शक्तिशाली हो सकते हैं। खास बात यह भी कि जिन नौ केंद्रों में भारत अन्य टीमों से भिड़ेगा, उनमें से एक धर्मशाला का स्टेडियम भी है। यानी तमाम बड़े शहरों की कतार में हिमाचल का शहरी विकास महकमा अपनी औकात का नया तर्जुमा देख सकता है। जाहिर है हिमाचल क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी अधोसंरचना के दम पर वल्ड कप के आयोजन का सिक्का जमा लिया है, तो इससे अन्य खेल संघों और खास तौर पर खेल विभाग को भी अपने अनुभव के सुर ऊंचे उठाने होंगे। सवाल हिमाचल में खेल संभावनाओं से खेल पर्यटन तक अगर उत्तर ढूंढ ले, तो खेल राज्य के तौर पर यह प्रदेश मणिपुर की तर्ज पर खिलाडियों का मक्का बन सकता है। हिमाचल में कई खेल अकादमियां इस प्रयास में रही हैं कि अगर जमीन उपलब्ध हो तो राष्ट्रीय प्रशिक्षण के कैंप यहां लग सकते हैं। इस लिहाज से हर खेल संघ कम से कम एक स्टेडियम तो बना ही सकता है। बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर व धर्मशाला में खेल ढांचा उन्नत हुआ है, लेकिन संभावनाओं की निगरानी में बहुत कुछ करना बाकी है। आबोहवा की बदौलत पड़ोसी राज्यों के कई विश्वविद्यालय हिमाचल में समर कैंप लगाते हैं, लेकिन हिमाचल के विश्वविद्यालय खेलों के प्रति उदासीन हैं, नतीजतन यहां के खिलाड़ी गुरु नानक देव विश्वविद्यालय का रुख करते हैं। खेलों के प्रति हिमाचल की संवेदना का हाल यह है कि अग्निवीर भर्ती के दौरान धर्मशाला का सिंथेटिक ट्रैक व बैडमिंटन हाल ही खिलाडियों के लिए बंद कर दिए गए। कुछ वर्ष पूर्व 26 करोड़ के बजट के साथ मंजूर हुआ उत्कृष्ट प्रशिक्षण खेल परिसर का कोई अता-पता नहीं रहा। हाई आल्टीट्यूट खेल संस्थान की योजना न जाने कहां चली गई। यह दीगर है कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रयास से हमीरपुर में खेल प्रशिक्षण का एक्सीलेंस सेंटर मंजूर हुआ है, फिर भी अपेक्षा तो यह थी कि उनके नेतृत्व में हिमाचल खेल राज्य बन जाता। हिमाचल को खेल राज्य बनने के लिए राष्ट्रीय खेलों का एक आयोजन करना होगा। इसके तहत केंद्र के सहयोग से प्रदेश एक साथ कम से कम आधा दर्जन खेल परिसर विकसित कर सकता है। राष्ट्रीय खेल समारोह की छतरी के नीचे ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, धर्मशाला, मंडी, सोलन व शिमला के साथ-साथ जल क्रीड़ाओं के लिए पौंग, कोल या गोविंद सागर बांध भी विकसित हो जाएंगे। बहरहाल, क्रिकेट संघ की सक्रियता ने साबित कर दिया है कि अगर इरादों में दम हो तो हिमाचल ऐसे आयोजनों का भागीदार बनकर पर्यटन आर्थिकी को संबल दे सकता है। ये पांच मैच बहुत कुछ लेकर आ रहे हैं। सर्वप्रथम वल्ड कप के चिन्हित मैप पर हिमाचल का नाम अपनी क्षमता और संभावना के साथ लिखा जा रहा है। मैचों का प्रसारण इतना प्रचार तो कर ही देगा कि आने वाले समय में खेल के दर्शक या प्रशंसक आगे चलकर क्षमतावान पर्यटक बनकर हिमाचल को ढूंढते यहां पहुंच जाएंगे। यही वजह है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का आकर्षण बिना किसी मैच के भी पर्यटकों को आमंत्रित करता रहता है। पांच मैचों के साथ पर्यटन अपनी कहानी कैसे लिखता है या होटलों, रेस्तरां व व्यापारिक प्रतिष्ठानों के मालिक इन्हें कैसे अपनी क्षमता में ढाल पाते हैं, यह देखना सुखद होगा। क्या एचपीटीडीसी के होटल, वल्ड कप के मुताबिक अपना श्रृंगार कर पाएंगे। क्या हिमाचल पुलिस वल्ड क्लास प्रबंधन की शृंखला में ट्रैफिक मैनेज कर पाती है।

## पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस, माकपा व भाकपा ने मिलकर लड़ा था

# विपक्ष ने हाथ तो मिला लिया, यदि उनके दिल भी मिल जायें तो मोदी को हराना संभव है

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> पिछले 9 सालों में पहली बार 15 राजनीतिक दलों ने एक साथ एक मंच पर बैठकर चर्चा की है। जो देश की राजनीति के लिए आने वाले समय में एक महत्वपूर्ण घटना साबित होगी। पटना में जुटे 15 दलों के लोकसभा में 142 सांसद हैं। जो कुल लोकसभा सदस्यों का 26 प्रतिशत होता है। वहीं राज्यसभा में इन दलों के पास 94 सांसद हैं जो 38 प्रतिशत है। राज्यों की विधानसभाओं की कुल 4123 सीटों में से 1717 विधानसभा सीटें इन 15 दलों के पास हैं जो कुल विधानसभा सदस्यों का 42 प्रतिशत होता है। विपक्षी दलों की पटना बैठक में शामिल हुए दलों में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस की देश के चार प्रदेशों- राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में सरकार चल रही है।

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों से पटना में 15 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। बैठक में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने की बात कही। बैठक में शामिल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त है। जबकि जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव), झारखंड मुक्ति मोर्चा, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, द्रुमक, भाकपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और भाकपा (माले) को अपने-अपने प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों के रूप में मान्यता प्राप्त है। पटना की बैठक में शामिल 15 दलों की देश के 11 प्रदेशों में सरकार चल रही है। पिछले 9 सालों में पहली बार 15 राजनीतिक दलों ने एक साथ एक मंच पर बैठकर चर्चा की है। जो देश की राजनीति के लिए आने वाले समय में एक महत्वपूर्ण घटना साबित होगी। पटना में जुटे 15 दलों के लोकसभा में 142 सांसद हैं। जो कुल लोकसभा सदस्यों का 26 प्रतिशत होता है। वहीं राज्यसभा में इन दलों के पास 94 सांसद हैं जो 38 प्रतिशत है। राज्यों की विधानसभाओं की कुल 4123 सीटों में से 1717 विधानसभा सीटें इन 15 दलों के पास हैं जो कुल विधानसभा सदस्यों का 42 प्रतिशत होता है। विपक्षी दलों की पटना बैठक में शामिल हुए दलों में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस की देश के चार प्रदेशों- राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में सरकार चल रही है। कांग्रेस के पास लोकसभा में 49, राज्यसभा में 29 व विभिन्न प्रदेशों की विधानसभाओं में 725 सदस्य हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को कुल 11 करोड़ 94 लाख 95 हजार 214 वोट मिले थे। विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस चाहती है कि राहुल गांधी को नेता प्रोजेक्ट किया जाये। राजद नेता लालू यादव व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन राहुल गांधी के पक्ष में खड़े हैं। वहीं ममता बनर्जी, शरद पवार और अरविंद केजरीवाल सामूहिक नेतृत्व की बात कर रहे हैं। पटना मीटिंग में शामिल हुए नेताओं के हाथ तो जरूर मिले मगर अभी तक दिल नहीं मिल पाये हैं। मीटिंग में अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली सरकार के खिलाफ लाये गये अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में कांग्रेस को उनका समर्थन करने की बात कही। जिस पर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे व अरविंद केजरीवाल में बहस भी हुई। मलिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम ऐसा कोई वादा नहीं कर सकते हैं। हमारी पार्टी के मंच पर इस बाबत चर्चा करके फैसला लिया जाएगा।



बैठक में अरविंद केजरीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्यसभा में कांग्रेस उनकी सरकार के खिलाफ लाए गए अध्यादेश के खिलाफ मतदान नहीं करेगी तो भविष्य में वह किसी भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर नाराजगी जताई। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार अच्छा काम कर रही है। कांग्रेस जानबूझकर उनको बदनाम करने के लिए लगातार आंदोलन कर सरकार की छवि खराब कर रही है। कांग्रेस को अपने प्रादेशिक नेताओं को उनकी सरकार के खिलाफ आंदोलन करने से रोकना होगा। वहीं पश्चिम बंगाल में माकपा व भाकपा भी तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ सक्रिय हैं। पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस, माकपा व भाकपा ने मिलकर लड़ा था। उसके बावजूद उनका खाता भी नहीं खुल सका था। इससे तीन दलों के नेताओं को ममता बनर्जी से खासी नाराजगी है। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों की सरकार को हटाकर सत्ता में आई थीं। कभी वामपंथ का गढ़ रहे पश्चिम बंगाल में आज वामपंथी दलों का एक भी विधायक या सांसद नहीं है। इसके लिए वामपंथी दलों के नेता ममता बनर्जी को जिम्मेदार मानते हैं। इसीलिए उनके खिलाफ लगातार हमलावर रहते हैं। जम्मू-कश्मीर में कभी नेशनल कॉन्फ्रेंस व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एक दूसरे की जानी दुश्मन होती थी। मगर दोनों ही दल अब सत्ता से बाहर हैं। इसलिए आपस में हाथ मिला रहे हैं। पीडीपी के पास तो एक भी जनप्रतिनिधि नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में पीडीपी का एक भी सांसद नहीं जीता था। जम्मू-कश्मीर में अभी विधानसभा चुनाव होने हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने घोषणा कर रखी है कि जब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा वह चुनाव नहीं लड़ेंगी। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस की महाविकास अघाड़ी एकजुट होकर काम कर रही है। बिहार में जदयू, राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, माकपा व भाकपा की मिली जुली सरकार चल रही है। बिहार सरकार में शामिल हम पार्टी के नेता जीतन राम मांझी ने पटना बैठक से एक दिन पूर्व बिहार सरकार से अलग होकर अपनी पार्टी का समर्थन वापस ले लिया। यह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए किसी झटके से कम नहीं था। वह एक तरफ तो विपक्षी दलों को एक करने में लगे हैं। वहीं उनकी सरकार में शामिल पार्टी उनको छोड़कर भाजपा नीत एनडीए में शामिल हो जाती है। इससे नीतीश कुमार की मुहिम कमजोर पड़ती है। बहुजन समाज पार्टी, बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, भारत राष्ट्र समिति, अन्नाद्रमुक, तुलुगु देशम पार्टी, अकाली दल, जनता दल सेक्यूलर, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन, आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और मुस्लिम लीग सहित बहुत से ऐसे छोटे राजनीतिक दल जो कांग्रेस व भाजपा से समान दूरी रखकर चल रहे हैं, उनके नेता पटना बैठक में शामिल नहीं हुये। इससे लगता है कि नीतीश कुमार की मुहिम अभी अधूरी है। जब तक भाजपा विरोधी छोटे-बड़े सभी राजनीतिक दल एक साझा मंच पर एकत्रित नहीं होंगे तब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरा पाना संभव नहीं होगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अगले लोकसभा चुनाव में कई प्रदेशों में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं बसपा प्रमुख मायावती ने भी अकेले ही चुनाव लड़ने की बात कही है। ओडिशा में बीजू जनता दल, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति और आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी का आज भी पूरा प्रभाव नजर आ रहा है। ऐसे में 15 दलों का यह गठबंधन कैसे मुकाबला कर पाएगा। चुनाव में भाजपा के साथ इनको अन्य विपक्षी राजनीतिक दलों का भी मुकाबला करने पड़ेगा। जिससे विपक्ष की एकता कमजोर होगी। पटना की मीटिंग में जिस तरह से नेताओं ने हाथ मिलाते हुए फोटो खिंचवाई है। यदि उसी तरह से उनके दिल भी मिल जायें तभी विपक्षी एकता सार्थक होगी। वरना तो भाजपा को हरा पाना मुश्किल ही होगा। क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने करीबन 23 करोड़ वोट लेकर 303 सीटें जीती थीं। वहीं इन 15 दलों ने भी उतने ही वोट लेकर 142 सीट ही जीत पाये थे। बराबर वोट लेकर भी आधी से भी कम सीटे जीतने का मुख्य कारण था विपक्षी वोटों का आपस में ही लड़ कर बिखर जाना। इसीलिये विपक्षी वोटों का संगठित होना बहुत जरूरी है। विपक्षी दलों की एकता कितनी सिरे चढ़ पाती है। इस बात का पता तो चुनावों में ही चल पायेगा।

# गहरे पानी पैठ

> धरती पर जीवन का उद्भव और फिर विकास कैसे हुआ, जलचर से थलचर कैसे बने और मानव जीवन किन चरणों से गुजरता हुआ आज की स्थिति तक पहुंचा। पर क्या आपने कभी इस पर गहराई से सोचा है? मुझे मालूम है कि कभी न कभी इस सवाल ने आपका ध्यान खींचा ही होगा। शायद यह उतना बड़ा सवाल नहीं है कि पहली बार आग कैसे जली होगी, बल्कि बड़ा सवाल यह है कि पहली बार मानव ने आग का उपयोग अपने लाभ के लिए कब और कैसे किया होगा? पहली बार कब खेती शुरू हुई होगी और पहली बार कब खेतों में सिंचाई का ध्यान आया होगा? पहली बार कब किसी ने सोचा होगा कि गेहूं की बालियों में से गेहूं निकाल कर उसे पीसा भी जा सकता है, फिर यह कि आटा गूंथ कर उसे पकाया भी जा सकता है? 'पहली बार' के ये सभी सवाल ही हमारी प्रगति के मील पत्थर साबित हुए हैं। जब आप कभी किसी समस्या में गहरे उतरते हैं तो आपकी जिज्ञासा और कल्पनाशक्ति खुद-ब-खुद आपको रास्ता दिखाती चलती है।

**विज्ञान** के बढ़ते कदमों की वजह से हम सब जानते हैं कि धरती कैसे बनी, धरती पर जीवन का उद्भव और फिर विकास कैसे हुआ, जलचर से थलचर कैसे बने और मानव जीवन किन चरणों से गुजरता हुआ आज की स्थिति तक पहुंचा। पर क्या आपने कभी इस पर गहराई से सोचा है? मुझे मालूम है कि कभी न कभी इस सवाल ने आपका ध्यान खींचा ही होगा। शायद यह उतना बड़ा सवाल नहीं है कि पहली बार आग कैसे जली होगी, बल्कि बड़ा सवाल यह है कि पहली बार मानव ने आग का उपयोग अपने लाभ के लिए कब और कैसे किया होगा? पहली बार कब खेती शुरू हुई होगी और पहली बार कब खेतों में सिंचाई का ध्यान आया होगा? पहली बार कब किसी ने सोचा होगा कि गेहूं की बालियों में से गेहूं निकाल कर उसे पीसा भी जा सकता है, फिर यह कि आटा गूंथ कर उसे पकाया भी जा सकता है? 'पहली बार' के ये सभी सवाल ही हमारी प्रगति के मील पत्थर साबित हुए हैं। जब आप कभी किसी समस्या में गहरे उतरते हैं तो आपकी जिज्ञासा और कल्पनाशक्ति खुद-ब-खुद आपको रास्ता दिखाती चलती है। गहरे पानी पैठने की यह आदत ही हमारी प्रगति और सफलता का मूल मंत्र है। बड़ी बात यह है कि जब हम अपनी जिज्ञासा को शांत करने का प्रयत्न कर रहे होते हैं तो हम संबंधित मामले की गहराई में जाते हैं, उससे हमें कुछ नई बातों का पता चलता है जिनका ज्ञान हमें पहले नहीं था। इससे न केवल हमारी ज्ञानवृद्धि होती है बल्कि यह हमारी सोई कल्पना को जगाकर ज्ञान के और भी नए रास्ते खोलती है। उस एक ही काम को बार-बार करने से हमारा ज्ञान और अभ्यास बढ़ता है और हम उस काम को ज्यादा अच्छे से कर पाते हैं। किसी भी विषय अथवा कार्य के विशेषज्ञ होने का यही तरीका है। अब हमें यह जान लेना उत्तम होगा कि 'विशेषज्ञ' किसे कहते हैं? साधारण शब्दों में कहें तो इसका अर्थ यह है कि विशेषज्ञ किसे कहा या माना जाता है। उत्तर बहुत सीधा है। वह व्यक्ति जो अपनी शिक्षा अथवा अनुभव अथवा दोनों के कारण किसी विषय विशेष की सांगोपांग जानकारी रखता हो, उसका आधिकारिक विद्वान हो, उस विषय पर उसकी राय की कद्र की जाती हो, उसे उस विषय विशेष का विशेषज्ञ माना जाता है। मानव की जिज्ञासा बहुत बड़ा हथियार है। आपकी जिज्ञासा आपको कुछ 'नया' जानने और कुछ 'नया' करने को उकसाती है। जब आपकी जिज्ञासा मुखरित होती है तो आप सवाल पर सवाल करते हैं, समस्या की गहराई में उतरते हैं, उसे हर कोण से, हर पहलू से जानने का प्रयत्न करते हैं और संबंधित विषय की आपकी जानकारी बढ़ती चलती है। जिज्ञासा सभी प्रयोगों, सभी आविष्कारों और सभी तरह के विकास की जननी है। विज्ञान, चिकित्सा, कला और सभ्यता का उत्थान मानव मन की जिज्ञासा से ही हुआ है। जिज्ञासा वह पहला चरण है जो आपसे कोई काम आरंभ करवाती है। सैद्धांतिक रूप में आप किसी विषय की कितनी ही जानकारी ले लें, काम में आने वाली समस्याओं पर कितने ही पहलुओं से विचार कर लें, सिद्धांत और व्यवहार में कुछ अंतर रहने की संभावनाएं सदा रहती हैं। काम करते हुए कई नई और अनपेक्षित समस्याएं सामने आ सकती हैं। ऐसी समस्याओं के हल के लिए आप अपनी कल्पनाशक्ति का सहारा लेते हैं और धीरे-धीरे कुछ प्रयासों के बाद आप समस्या का हल ढूंढ लेते हैं। यह कल्पनाशक्ति का ही कमाल है कि आप काम आरंभ करने से पहले उसके बारे में हर पहलू से सोच पाते हैं, तथा यह भी कल्पनाशक्ति का ही कमाल है कि आप समस्या का रचनात्मक विश्लेषण करते हैं और उसका कारगर समाधान ढूंढ लेते हैं। जिज्ञासा अगर पहला चरण है, कल्पनाशक्ति उसका विस्तार है, तो अभ्यास उसका अंतिम चरण है जो आपको सफलता के द्वार तक ले चलता है। अभ्यास के बिना आपका कार्य वस्तुतः अधूरा ही रह जाता है और आप व्यावहारिक व्यक्ति के बजाय शेखचिल्ली बनकर रह जाते हैं। स्वप्नजीवी होना बहुत बड़ा गुण है। उसे कम करके नहीं आंका जा सकता। कभी मनुष्य की कल्पना में उड़ पाने की इच्छा उपजी, तभी तो उसने संभावनाओं को तलाशा और वायु-विहार के आश्चर्यजनक साधन खोज निकाले। फिर भी जब तक आप कल्पना को व्यवहार में नहीं उतारते, आपका ज्ञान अधूरा है। सैद्धांतिक रूप में आप किसी विषय की कितनी भी जानकारी ले लें, आप उसे सांगोपांग तभी जान सकते हैं जब आप उस पर काम करना आरंभ करें। तैरना जानने के लिए आप कितनी ही पुस्तकें पढ़ लें, जब तक आप पानी में नहीं उतरेंगे, तैराक नहीं बन सकते। तैरना सीख लेने के बाद भी तैरने का अभ्यास जारी रखना आवश्यक है। एक ही काम जब आप बार-बार दोहराते हैं तो वह आपके लिए आसान हो जाता है क्योंकि आपको उसका 'अभ्यास' हो जाता है। यह अभ्यास ही विशेषज्ञता की पहचान है। इस अभ्यास का कुछ और खुलासा आवश्यक है। जब आप स्कूटर चलाना सीख रहे हों तो आप बार-बार स्पीडोमीटर देखते हैं कि गति कितनी हो गई, स्कूटर की गति जान कर आप गियर बदलते हैं। नौसिखिया व्यक्ति जब गियर बदलने लगता है तो वह कभी क्लच की ओर और कभी स्पीडोमीटर की ओर देखता है। कभी ब्रेक दबाता है और कभी रेस छोड़ता है और ऐसा हर काम करते हुए वह कभी ब्रेक की ओर देखता है, कभी एक्सेलरेटर की ओर देखता है, कभी क्लच की ओर देखता है और कभी स्पीडोमीटर की ओर देखता है। धीरे-धीरे अभ्यास बढने पर उसे सडक़ से ध्यान हटाने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। ये सारी क्रियाएं उसके अवचेतन मस्तिष्क में स्थिर हो जाती हैं और वह अंदाजे से ही जान लेता है कि अब स्कूटर की गति में परिवर्तन हो गया है, अतः गियर बदलने की आवश्यकता है और उसके हाथ और पैर एक साथ सक्रिय हो जाते हैं और वह अभ्यासवश खुद-ब-खुद क्लच दबाता है, गियर बदलता है और गियर के अनुसार स्पीड घटा या बढ़ा लेता है। यानी, 'अभ्यास' वह प्रक्रिया है जिसमें बार-बार दोहराने के कारण कोई काम हमारे चेतन मस्तिष्क से निकल कर अवचेतन मस्तिष्क में स्थिर हो जाता है और हमारे मस्तिष्क के साथ-साथ हमारे शरीर के विभिन्न अंग भी उस कार्य में निपुण हो जाते हैं। उपरोक्त विश्लेषण से आप जान गए होंगे कि विशेषज्ञ कैसे बना जाता है। एक ही कार्य को बार-बार दोहराने से जब वह कार्य आपके लिए आसान हो जाता है तो आप उसके विशेषज्ञ हो जाते हैं। कुशल कलाकार, कुशल सर्जन, कुशल सेल्समैन, कुशल मैनेजर आदि सब अभ्यास से बनते हैं। जीवन के किसी भी क्षेत्र पर निगाह डालिए, आप पाएंगे कि अभ्यास की कुंजी ने लोगों को विशेषज्ञ बनाकर सफलता के द्वार तक पहुंचाया है। विशेषज्ञ बनना आसान नहीं है क्योंकि यह आपका पूरा ध्यान, पूरी एकाग्रता चाहता है, पर विशेषज्ञ बनना कठिन भी नहीं है क्योंकि केवल दृढ़ निश्चय और थोड़े से अभ्यास से आप ऐसा कर सकते हैं।

## नागरिक बोध

# नकाबपोश अंधेरे की आवाज

**आज** के जमाने में तुम्हारे अंदर कुछ और बाहर कुछ और होना ही चाहिए। फटीचर साइकिल की सवारी से कभी आगे नहीं बढ़ पाए, फिर भी बूढ़ों से यही सुनते रहे, 'भय्यन, हाथी की सवारी न कर बैठना, उसके खाने के दांत और तथा दिखाने के और होते हैं।' अब भला बताइये फिटफिटिया के इस युग में हाथी तलाशने कौन जाता है? साइकिल से स्कूटर और स्कूटर से मोटरसाइकिल की दौड़ लगती है। यह बीच में 'हाथी, घोड़ा, पालकी जय कन्हैया लाल की' कहां से आ गए? लीजिये इधर भी तो असली पर नकली चेहरा लगाने की कवायद हो रही है। सींकिया बदन को विश्व चैम्पियन बताया जा रहा है। महा असुन्दर चेहरे पर ऐसे उबटन पोते जाते कि उसको मर्दों में हरक्युलीस और औरतों में क्लियोपैट्रा होने का भ्रम होने लगता। अब लो हवा बदल गयी। ताजा हवा में विषाणु घुल गये। यह मारक विषाणु हैं, पीछा छोडने में नहीं आता। दो साल गुजरे, तीसरा शुरू हो गया, पता नहीं किस राह से आता है। कण्ठ खरखरा कर गले के रास्ते उतर कर फेफड़ों में घुटने जमा कर बैठ जाता है। आदमी उसकी दहशत से ही तार-तार हो जाता है। अपने लिए नई उतर आई महामारी के लिए बैड तलाश करने जाओ तो कहते हैं कि बैड हैं, आक्सीजन नहीं है। यहां जेब गर्माओ तो शायद दाखिला मिल जाये। लेकिन अगर दूसरे जहां की शोकसभा सज गयी तो वहां भी दाखिले के लिए कतार लगेगी। हमने तो पहले ही तुझे कहा था, 'कुछ रसूख पैदा कर ले, सही लोगों का दत्तक बन जाए यहां जी लेगा, अस्पताल गया तो आक्सीजन भी मिल जायेगी। ऊपर का टिकट कटा तो दाह कर्म के लिए जगह पहले मिलेगी, शायद तेरी रुख्सत का कोई शोक सभा प्रस्ताव भी पारित हो जाए।' लेकिन यह सब तो बाद की बातें हैं। अभी तो अपनी आत्मा का नकाब उतार कर अपना चेहरा ढक ले। हो सकता है कि इसी पर्दादारी में मौत का मसीहा तुझे अपने साथ ले जाना भूल जाये। देखा, एक नकाब ने क्या-क्या ढक दिया। अच्छा भला, जाना पहचाना चेहरा गुमशुदा हो गया। इस भेडिया धसान में गुमशुदा हो जाने के बहुत से लाभ हैं, बन्धु। अब तू खाली शीशियों में नकली टीके भर कर भी बेचेगा, तो वे इस महामारी की रामबाण औषधि की तरह लगेंगे। न भी लगें तो तेरी तिजोरी मुस्करा देगी। देखो, आजकल चेहरों के गुमशुदा होने की बहुत जरूरत हो गयी, बिल्कुल उसी तरह जैसे आजकल आदर्श, नैतिकता और ईमानदारी सब नीलाम हो गयी। खोज, तलाश करो तो भी नहीं मिलती। महामारियों की उम्र लम्बी हो गयी, वह रूप बदलने लगीं। कब कौन सा रूप किसको अपनी चपेट में ले लेगा, कुछ पता नहीं। रोगियों के हुजूम बढने लगे, अस्पतालों में जगह कम होने लगी। हमने तो कहा था, हमने तो ऐसा रास्ता दिखाया था कि देखते ही देखते यह मारक रोग इस देश से दुम दबा कर भाग गया, अब दूसरा चला आया। लोग मुक्ति जश्न मनाने के लिए उतावले हो उठे। चुनाव रैलियों में भीड़ सजने वाली है।

## देश दुनीया से

# निरीक्षण स्टाफ कम किया जाए

**जिला** कांगड़ा में उपनिदेशक (निरीक्षक) महोदय व प्राचार्य (निरीक्षक) शिक्षा विभाग के व्यवहार के प्रति प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी अध्यापकगण क्रमिक अनशन पर हैं। इस संदर्भ में मिर्जा गालिब का शेअर याद आता है कि 'मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की।' सरकारी स्कूलों के सुधार के लिए सरकार जो भी पग उठाती है, उससे गुरु-शिष्य संवाद समाप्त हो रहा है और अध्यापकों पर गैर शिक्षक कार्यों से बिना वजह बोझ डाला जा रहा है। मिड डे मील, सर्व शिक्षा विभाग की डाक, सेमिनार जैसे कार्यों से शिक्षक को पढ़ाने का समय कब मिलता होगा, यह सोचने वाली बात है। सरकार ने प्री प्राइमरी कक्षाएं शुरू करने का निर्णय लिया, उसमें भी एनटीटी की नियुक्तियां हास्यास्पद बनी हुई हैं। सबसे बड़ा आश्चर्य का विषय है कि कई पाठशालाओं में अध्यापक नहीं हैं। जो नई नियुक्तियां की जा रही हैं, वे ऐसे स्कूलों में करने की बजाय उन स्कूलों में खाली पदों पर की जा रही हैं, जहां पहले से ही अध्यापक कार्यरत हैं। सरकार की ऐसी तर्कहीन नीतियों के कारण कई अभिभावक, जो आर्थिक दृष्टि से संपन्न नहीं हैं, वे भी अपने बच्चों को निजी पाठशालाओं में पढ़ा रहे हैं। इसी कमी को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त संस्थान प्रदेश के गांव स्तर तक अपने शिक्षण संस्थान खोल रहे हैं। कई सरकारी संस्थान प्रवासी मजदूरों के बच्चों के सहारे चले हुए हैं। प्रवासी भी अब बच्चों को निजी संस्थानों में भेज रहे हैं। कुछ को एनजीओ गोद लेकर उच्च शिक्षा प्रदान करवा रहे हैं। जहां तक निरीक्षण कार्य का संबंध है, उसके बारे में जिला स्तर पर उच्चतर व प्राथमिक स्तर पर दो उपनिदेशक, खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी, केंद्र मुख्य शिक्षक, मुख्य शिक्षक, एसएमसी, डायट, जन प्रतिनिधि हैं, अब उपनिदेशक निरीक्षण का स्टाफ व बच्चों की संख्या कितनी है व और कितनी कम हो रही है, यहां यह प्रत्यक्ष ही है। इस प्रकार निरीक्षण दल बार-बार पाठशालाओं में जाने लगें, तो इतने अतिरिक्त गैर शिक्षक बोझ से लदे अध्यापकों को विद्यार्थियों को पढ़ाने का कितना समय मिलेगा व कितना अध्यापक-विद्यार्थी संवाद होगा? निरीक्षण दल के स्थाप पर अध्यापकों के पदों को भरा जाए व निरीक्षण स्टाफ के स्थान पर अध्यापकों के पद सृजित किए जाएं। वास्तव में विद्यार्थी ही अध्यापक का सबसे बड़ा निरीक्षक है। शिष्य संतुष्ट है तो गुरु का सबसे बड़ा टॉनिक है। व्यवसायी भी अपने ग्राहक को भगवान का रूप समझता है। ग्राहक संतुष्ट है तो व्यवसायी का सबसे बड़ा वरदान है। ऐसा वैसे क्षेत्रों के बार में भी है। जिन बच्चों के लिए संस्थान खोले जाएं, उन्हें न्याय मिलना चाहिए। उनके विकास में आने वाली बाधाएं दूर होनी चाहिएं। बेहतर है कि उपनिदेशक (निरीक्षक) के व अन्य स्टाफ समाप्त कर दिया जाए। सरकार इतना पैसा खर्च कर रही है। जनता को टैक्स का सेस भी देना पड़ता है। यह तभी कार्यान्वित होगा यदि अध्यापकों को तनावमुक्त किया जाए। खुले वातावरण में खुली हवाओं में पढ़ाने का अवसर प्रदान किया जाए। महाकवि कालिदास ने लिखा है कि शिक्षा का वातावरण महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है। अध्यापकों ने प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों में कार्य किया है जहां न बिजली होती थी, न सडक़-पानी की व्यवस्था, भवनों की कमी भी रही। शिक्षा सर्वोत्तम थी क्योंकि दबाव नहीं था। पहाड़ी में एक कहावत है जिसका भाव है कि वैद्य अधिक हों तो स्वास्थ्य खराब होता है, वकील अधिक हों तो मुकदमे भी ठीक ढंग से नहीं चलते। फालतू पदों की समाप्ति होनी चाहिए। अध्यापकों के लिए कक्षा का स्थल पूजा स्थल की तरह होता है। उसे पढ़ाने में आनंद आता है। मैं राज्यसभा के सांसद जो दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापक हैं, प्रोफेसर मनोज झा जिनके भाषा को संसद में, संसद से बाहर भी महत्त्व दिया जाता है, ने भी अपने साक्षात्कार में शिक्षण के बारे में कहा कि विद्यार्थियों के बीच कक्षा में संवाद का अलग आनंद है। पहले वे शिक्षण देते हैं, फिर बच्चे मेरे से प्रश्न करते हैं। संसद काल में भी सप्ताह में एक दिन शिक्षण के लिए निकाल लेते हैं। प्रदेश के भूतपूर्व शिक्षा मंत्री स्व. प्रो. नारायण चंद पराशर स्वयं भी कई शिक्षण संस्थानों में मॉडल लेस्सन देते थे, क्योंकि वह स्वयं भी प्रोफेसर रह चुके थे।

> सरकारी स्कूलों के सुधार के लिए सरकार जो भी पग उठाती है, उससे गुरु-शिष्य संवाद समाप्त हो रहा है और अध्यापकों पर गैर शिक्षक कार्यों से बिना वजह बोझ डाला जा रहा है। मिड डे मील, सर्व शिक्षा विभाग की डाक, सेमिनार जैसे कार्यों से शिक्षक को पढ़ाने का समय कब मिलता होगा, यह सोचने वाली बात है। सरकार ने प्री प्राइमरी कक्षाएं शुरू करने का निर्णय लिया, उसमें भी एनटीटी की नियुक्तियां हास्यास्पद बनी हुई हैं। सबसे बड़ा आश्चर्य का विषय है कि कई पाठशालाओं में अध्यापक नहीं हैं। जो नई नियुक्तियां की जा रही हैं, वे ऐसे स्कूलों में करने की बजाय उन स्कूलों में खाली पदों पर की जा रही हैं, जहां पहले से ही अध्यापक कार्यरत हैं।

# अवैध उगाही का अड्डा बना तेतरियाखांड कोलियरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में इन दिनों विस्थापित के नाम पर अवैध उगाही होना आम बात हो गया है। कई ट्रक चालकों ने बताया कि ट्रक प्रवेश के समय बैरियर के समीप सुरक्षा प्रहरी के मौजूद होने के वावजूद कई लोगों ने बैरियर को अपने कब्जे में कर रखा है। और प्रत्येक ट्रक से उगाही की जाती है। इस तरह देखा जाए तो एक दिन में लगभग 200 ट्रकों का प्रवेश कराया जाता है। जिसमें लगभग हजारों रुपये की प्रत्येक दिन उगाही की जाती है।वही दूसरा अवैध उगाही लोडिंग पॉइंट पर की जाती है। अच्छा कोयला देने के नाम पर होलपेक से कोयला गिराया जाता है और इसके एवज में उगाही की जाती है। महीने में लाखों रुपए की अवैध उगाही की जाती है। वहीं तीसरा अवैध उगाही लोडर के नाम पर की जाती है। सीसीएल का प्रावधान है कि ट्रकों में कोयला लोड करने के लिए डीओ होल्डर लोडिंग का पैसा सीसीएल को एडवांस में भुगतान कर देती है। लेकिन विस्थापित द्वारा रंगदारी करते हुए अपना-अपना लोडर को लगाकर जबरन ट्रक चालकों से उगाही किया जाता है। वही चौथा उगाही कांटाघर के समीप सीसीएल के कांटा बाबू द्वारा की जाती है। ट्रक चालकों ने बताया कि एक सौ रुपये प्रति ट्रक से कांटा कराने के नाम पर लिया जाता है। इस तरह देखा जाए तो कोलियरी परिसर में जमकर अवैध उगाही हो रहा है। इस अवैध उगाही की सूचना सीसीएल पुलिस प्रशासन को भी है। लेकिन इन लोगों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने से पुलिस प्रशासन व सीसीएल पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता नजर आ रहा है। इस संबंध में कोलयरी के मैनेजर विनोद कुमार दीपक से पूछने पर कोलयरी परिसर में अवैध उगाही से इंकार किया। वही परियोजना पदाधिकारी केएल यादव ने कहा कि मैं अभी नया आया हूं। अगर अवैध उगाही हो रही है तो जांच कराऊंगा। सही पाए जाने पर कार्रवाई करूंगा।

## भूमि विवाद में दो गुटों में जमकर हुई मारपीट, आधा दर्जन घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के ब्रह्माणी गांव में भूमि विवाद में दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में तीन महिला समेत आधा दर्जन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद लहूलुहान हालत में सभी घायल सदर थाना पहुंचे। जहां दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध प्रार्थमिकी दर्ज करवाई। वहीं सभी घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया। घटना में घायल मो तबारक और सकीना खातून ने बताया कि जिस भूमि पर हम लोग खेती करते थे उसपर दूसरे पक्ष के द्वारा खेत की जुताई मक्का लगाने के उद्देश्य से की जा रही थी इसी दौरान जब उन लोगों को मना करने गए तो उक्त लोगों ने लाठी-डंडे व पत्थर से हमला कर दिया। जिसमे आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट के बाद गांव में तनाव का माहौल है। इस मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

## अम्रपाली, चंद्रगुप्त कोल परियोजना के महाप्रबंधक ने बाटे फलदार वृक्ष के पौधे



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को अम्रपाली, चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र में 16 जून से 30 जून तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिन महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने और व्यापक अभियान चलाने का ऐलान किया। इसके तहत कर्मियों के बीच स्वास्थ्य, स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने समेत अन्य विषयों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर व्यापक कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ महाप्रबंधक ने परियोजना क्षेत्र के विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक तौर पर फलदार वृक्षों का पौधारोपण करने के उद्देश्य से ग्रामीणों के बीच नींबू, लीची, अमरूद इत्यादि कई प्रकार के फलदार पौधों का वितरण किया गया।

## हूल दिवस पर उपायुक्त ने सिद्धो-कान्हू के चित्र पर किया माल्यार्पण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हूल दिवस के अवसर पर उपायुक्त अबु इमरान ने वीर शहीद सिद्धो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके शौर्य गाथा और बलिदान को नमन किया। डीसी आबू इमरान ने बताया कि सिद्धू कन्हू ने अंग्रेजो के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह किया था और उनके विद्रोह के कारण है ब्रिटिश हुकूमत ने इस प्रदेश के लिए कुछ ऐसे कानून बनाए जो आज भी यहां के आदिवासी मूलवासी लोगों के लिए विशेष बना हुआ है ।उन्होंने बताया कि दोनों प्रखर आंदोलनकारियों ने सामाजिक क्षेत्र में बदलाव के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया था। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय समेत अन्य उपस्थित कर्मियों ने भी माल्यार्पण कर श्रदांजलि अर्पित किया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बसिया, धाधु, शेरेगड़ा, मसियातु समेत कई गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान के दौरान सैकड़ों लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा से जोड़ा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने बताया कि यह सदस्यता अभियान राज्य कमेटी के निर्देश पर सभी जगह पर चलाया जा रहा है। बालूमाथ प्रखंड में अब तक 600 से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान के तहत जोड़ा गया है। मौके पर युवा झामुमो नेता औरंगजेब खान मुकेश उराँव, राजेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## शराब माफियाओं की बड़ी साजिश विफल अवैध अंग्रेजी शराब का खेप जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध पुलिस व उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 25 कार्टून में बंद 635 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब का खेप जप्त किया गया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी के साथ उत्तम कुमार मुंडा और रंजीत कुमार नामक दो तस्करों को भी पुलिस ने दबोचने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार तस्करों के पास से तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन जप्त किया गया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तस्करों के द्वारा बोलेरो गाड़ी में अवैध शराब लादकर तस्करी के नियत से दूसरे जिले और प्रदेशों में भेजा जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के कमता गांव में उक्त बोलेरो गाड़ी को जप्त कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान रॉयल स्टैग कंपनी का 375द्व्य का 282 बोतल, इंपिरियल ब्लू का 375 एमएल का 285, मैकडॉवेल कंपनी का 375एमएल का 68 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब की बोतलें जप्त की गई है। उन्होंने बताया कि बोलेरो गाड़ी में लादकर तस्करी के लिए तस्कर अवैध शराब बिहार ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो के साथ तस्करों का विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन भी जप्त किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अभियान में थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई विकास पासवान, उत्पाद अवर निरीक्षक निर्मल मरांडी व एएसआई निर्मल कुमार सिंह समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाया अभियान, बांटे एक हजार जूट के थैले



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ थानां क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल परियोजना में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के उद्देश्य से लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा रही है इस संबंध में सीएसआर नोडल आफिसर दिग्विजय कुमार ने बताया कि महाप्रबंधक निपेन्द्र नाथ के निर्देश अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर आस पास के ग्रामीण इलाकों में बिभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो मे पलास्टिक का इस्तेमाल नही करने समते साफ सफाई के बारे में जानकारी दी जा रही है इसी के तहत शनिवार को विद्यालयों में प्लास्टिक के प्रति ड्राइंग व एस ए कम्पीटिसन कराया गया, फुलबसिया और हहुरवा गाँव मे कुवें की सफाई की गई। चमातू पिट आफिस समेत कई आस पास के क्षेत्रों में करीब 200 पौधे लगाए गए। वही ग्रामीणों के बीच 1000 जुट बैग का वितरण किया गया जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वही परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण ने लोगों को बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक यानी एक ही बार इस्तेमाल के लायक प्लास्टिक, प्लास्टिक की थैलियां, प्याले, प्लेट, छोटी बोतलें, स्ट्रॉ और कुछ पाउच सिंगल यूज प्लास्टिक हैं। ये दोबारा इस्तेमाल के लायक नहीं होते हैं। इसलिए एक बार इस्तेमाल के बाद इनको फेंक दिया जाता है। प्लास्टिक की वजह से मिट्टी का कटाव काफी होता है। इसके अंदर का केमिकल बारिश के पानी के साथ जलाशयों में जाता है, जो काफी खतरनाक है। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक की थैले इस्तमाल नही करने,आस पास साफ सफाई रखने की अपील की मौके पर स्टाफ ऑफिसर कार्मिक संजय कुमार चौबे, सिबिल एस एम भास्कर,ई. एंड. एम नालिम चंद, जीएम माइनिंग नवीन कुमार, जीएम ऑपरेशन संजय कुमार झा, स्टाफ ऑफिसर पी.एंड.पी, आर के सिन्हा, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक नागा स्वामी, प्रबधक कार्मिक माणिक कुजूर समेत कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## घर मे छिपाकर रखा था गांजा, अफीम और डोडा का खेप, पुलिस को देख हुआ फरार



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नशा खुरानी गिरोह पर पुलिसिया शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। एसपी ने निर्देश पर चतरा पुलिस की टीम लगातार तस्करों और माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी के तहत गुप्त सूचना के आधार सदर थाना पुलिस ने अफीम, डोडा और गांजा का खेप जप्त किया है। हालांकि पुलिसिया अभियान के दौरान तस्कर पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में सफल रहा।जिसकी गिरफ्तारी को ले छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है।एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि तस्करों द्वारा तस्करी के उद्देश्य जंगल से घिरे घर मे नशे के खेप को स्टॉक किये जाने की गुप्त सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए 1 किलो 200 ग्राम गिला अफीम, 7 किलो डोडा और 1 किलो प्लास्टिक के डब्बे में पैक अवैध गांजा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई सदर थाना क्षेत्र के आरा मोकतमा गांव में स्थित भेखलाल यादव के घर में छापामारी अभियान के दौरान की गई है। तस्कर मौके से फरार हो गया है जिसके धरपकड़ में पुलिस जोर शोर से लगी है। जल्द ही फरार तस्कर को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। अभियान में थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई दीपक रजक व एएसआई प्रवीण कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सेवानिवृत सैनिक व शिक्षकों को भाजपाइयों ने किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** महाजनसंपर्क अभियान के तहत सेवा निवृत सैनिक उपकार सिंह, शिक्षक बिरंची पाठक, वासुदेव तिवारी, नरसिंह पाठक, जगलाल उरांव सहित कई गणमान्य के घर पर पहुंचकर जिला विधायक प्रतिनिधि सह वरिष्ठ नेता अक्षयवट पांडेय, टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी व मुखिया अरविन्द कुमार सिंह ने अंगवस्त्र और मोदी जी के 9 साल (सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण) पत्रिका देकर सम्मानित किया। सम्पर्क अभियान में लोगों को प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जो प्रमुख उपलब्धियां हैं उसे विस्तार से बताया गया। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ से अधिक गरीब परिवार को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराए जाने, समृद्ध किसान समृद्ध हिंदुस्तान, बाह्य और आंतरिक सुरक्षा, पर्यावरण एवम सतत विकास की योजनाओं के बारे में बताया गया। सम्मानित होने वाले और संपर्क किए गए परिवार वालों ने मोदी की के कार्यों की सराहना की और कहा कि कोई ऐसा परिवार नहीं है जो मोदी जी के अनेक योजनाओं से लाभान्वित नहीं हुआ है सब इसका लाभ उठा रहे हैं। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत प्रसाद गुप्ता, प्रमोद कुमार सिंह, शिव प्रसाद गुप्ता, धनंजय पांडेय, मनोज पाठक व अन्य उपस्थित थे।

## हूल क्रांति से अत्याचार के खिलाफ लड़ने की मिलती है प्रेरणा : अमित पाण्डेय





प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चटनाही स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में सिद्धो कान्हू के चित्र पे पुष्प अर्पित कर हुल दिवस मनाया गया।हुल दिवस के अवसर पे जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि बेहद प्रभावशाली विद्रोह था हूल क्रांति भले ही हम 1857 के सिपाही विद्रोह को पहला विद्रोह मानते हैं, लेकिन संथाल के आदिवासियों का हूल विद्रोह भी बेहद प्रभावशाली रहा था। तब संथाल विद्रोह मुट्ठी भर आदिवासियों ने शुरू किया जो बाद में जन आंदोलन बन गया। संथालियों ने अपने परंपरागत हथियारों के दम पर ही ब्रिटिश सेना को पस्त कर दिया था। 1855 के संथाल विद्रोह में 50000 से अधिक लोगों ने अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का आह्वान किया था। विद्रोह के नायक सिद्धो, कान्हू, चांद और भैरव चार भाई थे। ऐसे क्रांतिकारी विचारधारा को हमे अपने अंदर समाहित कर गलत के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। हुल दिवस के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, विजेंद्र दास, नब्बू भुईयां, प्रीतम गुप्ता, दीपक दुबे, विकाश साहू, राहुल जयसवाल, रोहित कुमार, समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टेट सफल सहायक अध्यापक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ ने दिन शुक्रवार को विधायक वैधनाथ राम को ज्ञापन सौंपा।अंबाकोठी दुर्गाबाड़ी में टेट पास सहायक अध्यापक के जिला कमेटी राज्य टेट पास समन्वय समिति के निर्देशानुसार लातेहार विधायक बैजनाथ राम के आवास में सैकड़ों की संख्या में टेट पास सहायक अध्यापक संग जिला कमिटी लातेहार के द्वारा धरना देने के बाद वेतनमान की मांग हेतु ज्ञापन सौंपा गया द्यजिसमें जिले के सैकड़ों सहायक अध्यापक शामिल हुए- घनश्याम कुमार चंद्र (जिला अध्यक्ष) मिथिलेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार राज्य कोर कमेटी नंदकिशोर प्रसाद जिला सचिव संजय यादव जिला कोषाध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता जिला संगठन मंत्री कमलेश प्रसाद यादव, कालीनाथ सहदेव, भूपेंद्र कुमार, रामप्रकाश यादव, (जिला उपाध्यक्ष) निर्मल यादव (जिला संरक्षक) संजीत प्रसाद (प्रखंड अध्यक्ष) अमोद कुमार प्रखंड सचिव प्रमोद कुमार यादव (जिला संयोजक) दिनेश कुमार, वीरेंद्र यादव, उमेश यादव, भीम प्रजापति, आदि सैंकड़ों सहायक अध्यापक उपस्थित रहे।

# विधायक किशुन कुमार दास की मौजूदगी में भाजपाइयों का चला महा जनसंपर्क अभियान

➲विधायक सहित भाजपा नेता विनय सिंह ने डोर टू डोर जाकर लोगों से हुए रूबरू




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कोयद पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांव का विधायक किशून कुमार दास ने दौरा किया, एवं दौरे के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 वर्षो के कार्यक्रम का लेखा-जोखा डोर टू डोर जाकर सभी लोगों को बतलाया इस प्रोग्राम का मुख्य संचालन करता भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पाण्डेय एवम् विनय कुमार सिंह ने अहम भूमिका निभाया। इस कार्यक्रम में श्री विधायक ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा करते हुए लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 वर्षो के कार्यकाल को पूरा बखान किया। मौके पर भाजपा महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता विधायक के जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडे, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सहित सुनील कुमार चौरसिया, प्रमोद कुमार सिंह ललित साहू, इत्यादि समेत कई भाजपा के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में चार चांद तब लगा जब भाजपा नेता विनय कुमार सिंह के द्वारा अपने क्षेत्र के छोटे बच्चे बलवंत सिंह(पत्रकार राहुल कुमार सिंह) को जब उन्होंने भाजपा का पट्टा पहनाकर एवं टोपी पहना कर स्वागत करते हुए उनका पैर छुआ, इस स्थिति को देखते हुए लोगों ने भाजपा के प्रति संपूर्ण आभार व्यक्त किया। एवम लोगों ने विधायक समेत पूरे भाजपा मंडल को इस कार्यक्रम के लिए तहे दिल से धन्यवाद दिया। सूत्रों की माने तो लोगों ने यह बताया कि 2024 में संपूर्ण भारत में फिर से एक बार पूरे भारतवर्ष में भाजपा की बहुमत की सरकार बनेगी। यह जश्न पर विधायक के द्वारा सेवा निर्मित कर्मचारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें सेवा निर्मित शिक्षक सतीश कुमार सिंह, शिवनंदन पाठक(सोपारम) सहित राम पदारथ दास इत्यादि सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित सभी सदस्यों ने बूथ प्रभारी विनय सिंह के अलावे विधायक किशुन कुमार दास के प्रति संपूर्ण आभार व्यक्त किया है। इस तरह के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मिलन समारोह को लेकर पूरे क्षेत्र में लोगों के दिलों में हर्ष व्याप्त है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक सहित सभी मोर्चों पर रचा है इतिहास

➲भारत को वैश्विक शक्ति बनाने की दिशा में मोदी सरकार ने लिया है महत्वपूर्ण निर्णय

➲झारखंड की हेमंत सरकार सभी मोर्चों पर हुआ है विफल : सांसद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक सहित सभी मोर्चों पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि विश्व नेतृत्व भी मोदी के कुशल, कुशाग्र एवं नेतृत्व को लोहा माना है। मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में देश में ऐसे कई बड़े बदलाव हुए हैं जिससे पूरी दुनिया ने भारत को वैश्विक शक्ति मानने लगा है। दूसरी तरफ विपक्षी दलों के नेताओं में हड़कंप मचा हुआ है और यही वजह है कि धुर विरोधी दल एक दूसरे के साथ आकर कथित रूप से राजनीतिक ख्वाब बुन रहे हैं, जिसे देश की जनता कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। अप्राकृतिक गठजोड़ बनने से पहले ही बिखर जायेगा। सांसद सुनील कुमार सिंह ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने बताया कि खनिज संपदा से भरे इस प्रदेश में जिले के डीएमएफटी योजनाओं का भी सही तरीके से निष्पादन नहीं किया गया। जबकि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में करोड़ों रुपए महज डीएमएफटी फंड से है जिससे विकास को एक नया गति मिल सकता था। लेकिन राज्य और जिला प्रशासन ने इन सभी विकास की योजनाओं को लूट की योजना बना दिया है।चतरा जिला में बारिश शुरू होने के बाद अब तालाब का निर्माण हो रहा है। फाइलों को लटकाने, भटकाने और अटकाने का काम चल रहा है। हेमंत सोरेन सरकार पर ठीकरा फोड़ते हुए सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के नेतृत्व में आदिवासी बहू बेटियां भी सुरक्षित नहीं रही है।विकास की योजनाओं में काफी अनियमितताएं हैं और बड़े-बड़े घोटाले हुए हैं। जल संरक्षण के लिए कई बड़ी-बड़ी योजनाएं सरकारी फाइलों में धूल फांक रहे हैं और लालफीताशाही के कारण है सुखाड़ सुखा के समय बनने वाला तालाब बरसात में बन रहा है ताकि उनके गहरीकरण की नापी भी नहीं किया जा सके। दूसरी तरफ मोदी के नेतृत्व में झारखंड सहित पूरे देश में वंदे भारत ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है, लोगों को आवागमन से जोड़ा जा रहा है। झारखंड में भी कई एक्सप्रेस वे सड़क निर्माण का आधारशिला रखा गया है और आने वाले समय में सड़क परिवहन के लिए एक नया इतिहास जुड़ जाएगा। जिसमें भारतमाला परियोजना के तहत चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ और रांची जिले भी लाभान्वित होंगे। भारतमाला एक्सप्रेस वे किया परियोजना वाराणसी से शुरू होकर कोलकाता तक जाएगी।दूसरी तरफ गांव में रोजगार सृजन के लिए केंद्र सरकार के द्वारा कौशल विकास योजना से स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से उन्हें रोजगार प्रदान किया जा रहा है। गांव गांव में महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा योजनाएं भी चलाई जा रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वज्रपात से कुसुम्भा निवासी राजमिस्त्री की हुई मौत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड स्थिति ग्राम पंचायत कुसुम्भा निवासी करीब 48 वर्षीय विशेश्वर गोप की मौत हल्की बारिश और गरजने के बीच वज्रपात होने से हो गई। विशेश्वर गोप राजमिस्त्री का काम करते थे। घटना के बाबत प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुसुम्भा के ही अर्जुन गोप के घर के बगल में विशेश्वर गोप अपने जानवर कोचरा रहे थे तभी अचानक गरजने के साथ ठनका गिरा और वह बेसुध अवस्था में पड़े रहे। जब आसपास के ग्रामीणों की नजर इन पर पड़ी तो तुरंत इन्हें एचएमसीएच लाया गया और इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी। विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर तत्काल उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी एचएमसीएच पहुंचे और घायल को चिकित्सक से दिखाया तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर सम्मान घर भेजने में विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने हर संभव सहयोग पहुंचाया। मृतक ने अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए । इधर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कुदरत के इस कहर से घटी घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की साथ ही आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाले मुआवजा राशि जल्द दिलाने का भरोसा मृतक के परिजनों को दिया।

### पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने तरंग ग्रुप को किया सम्मानित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कला संस्कृति,युवा कार्य निदेशालय,झारखंड सरकार द्वारा राज्यस्तरीय दस दिवसीय जगन्नाथ महोत्सव का आयोजन रांची में 20 से 29 जून तक किया। जहां नवें दिन हजारीबाग की सांस्कृतिक सह सामाजिक संस्था तरंग ग्रुप हजारीबाग के कलाकारो ने अपने नागपुरी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति द्वारा महोत्सव ने मौजूद दर्शको एवम अतिथियों का भरपूर मनोरंजन किया। बेहतरीन प्रस्तुति की वजह से संस्था को झारखंड के मशहूर गीतकार एवं गायक पद्मश्री मधु मंसूरी हसमुख के हाथो सम्मानित होने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। मधु मंसूरी हंसमुख झारखंड के प्रसिद्ध गायक हैं जिन्होंने कई नागपुरी गीत के साथ झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के समय भी कई गीत लिखा और उन गीतों को अपनी आवाज दी। 2011 में झारखंड सरकार ने उन्हें झारखंड रत्न एवं 2020 को भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। संस्था के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया ये हमारे लिए गर्व की बात है की जिस गीत में हमने अपनी प्रस्तुति दी वो गीत मधु मंसूरी जी का ही लिखा हुआ था। संस्था ने अपनी प्रस्तुति में जहां प्रवासी झारखंडियो के दर्द को बयां किया वही झाखंड के खुबसूरत वादियों का भी बखान किया। बारह सदस्यीय कला दल का चयन निदेशालय द्वारा जिले में संस्था द्वारा किए गए सांस्कृतिक गतिविधियों के आधार पर किया गया।

### आजसू पार्टी ने पुष्पा कुमारी के दोषियों पर करवाई करने व 10 लाख मुआवजा की मांग की

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत तलाश्वार पंचायत के ग्राम टिकरीटांड़ के प्रसूति महिला की मौत इलाज के दौरान पलांडू उप स्वास्थ्य केंद्र में बीते दिनों हुई थी। मृतिका पुष्प कुमारी के परिजनों ने लापरवाही बरतने का आरोप उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों पर लगाया है। आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रखंड आजसू कमिटी के तरफ से घटना पर निंदा व्यक्त करते हुए इस प्रकार के घटना का जिम्मेवार बड़कागांव के जनप्रतिनिधियों को ठहराया। श्री वर्मा ने कहा के सांसद और विधायक के कार्य हीनता के कारण प्रखंड के अनेक उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी है जहां पर चिकित्सक हैं वहां पर भी समय से चिकित्सक नहीं बैठते हैं। सरकार के किसी भी अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं है। बड़कागांव प्रखंड आजसू कमेटी जिला प्रशासन से मांग करती है कि हजारीबाग जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में विधि पूर्वक चिकित्सकों का पदस्थापन किया जाए। साथ ही पुष्पा कुमारी के मृत्यु के दोषियों पर कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजन को 10 लख रुपए का मुआवजा दिया जाए।

### विधायक अंबा प्रसाद ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के इलाज के लिए 50 हजार उपलब्ध कराया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक अंबा प्रसाद ने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के डाड़ीकला निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद एनुल हक को बेहतर इलाज के लिए 50 हजार रुपया की सरकारी मदद उपलब्ध कराई और राशि की चेक दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की पत्नी को हजारीबाग स्थित आवास में सौंपा। वही अंबा प्रसाद ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। ज्ञात हो कि विगत दिनों मोहम्मद एनुल हक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज मां रामप्यारी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची मे चल रहा था। मालूम हो कि उक्त दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के परिजन आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनके परिजनों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के माध्यम से विगत दिनों विधायक से इलाज में सहयोग करने का अनुरोध किया था। इसी के आलोक में अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री एवं सिविल सर्जन हजारीबाग को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री राहत कोष से सहयोग करने का आग्रह किया था।

# फागु बेसरा ने अपने आवासीय कार्यालय हेसागढा में हूल दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा के आवासीय कार्यालय हेसागढा में हुल दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि फागु बेसरा सदस्य झारखंड राज्य समन्वय समिति, विशिष्ट अतिथि राजकुमार महतो केन्द्रीय सदस्य झामुमो ने सिद्धू-कान्हू के तस्वीर में पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंली दिया। श्री बेसरा ने हुल दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिद्धू-कान्हू के नेतृत्व में संथाल हूल 19 वीं शताब्दी में हुए विद्रोहों में संथाल हूल सबसे अधिक संगठित और सशक्त विद्रोह ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण एशिया महादेश में यह सबसे बड़ा जन आन्दोलन था ।जिसमें हज़ारों पुरूषों के साथ साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर सशस्त्र क्रांति किया और वीर गति को प्राप्त किया । सन् 1855 के संथाल हूल के सभी शहीदों वीरों के बारे सम्पूर्ण जानकारी असंभव है ।विभिन्न लेखों संकलनों से संक्षिप्त जानकारी प्राप्त है।शोषण,अत्याचार,कुव्यवस्था,अंग्रेजों के बिचौलियों ,दलालों, महाजनों,और महिलाओं की प्रताड़नाएं,तथा बढ़ते मालगुज़ारी का बोझ लगातार महिलाओं के साथ दुराचार उन्नीसवीं सदी के मध्य तक हालत यह हो गई कि जंगल की तराई इलाके में आदिवासी अपने को असुरक्षित महसूस करने लगे । संथालों में शोषण की चर्चा आम हो गई वीरभूम बाँकुडा हजारीबाग तक चर्चा फैली और माँझी परगना अन्य लोगों के साथ गुप्त सभाएँ शुरू हो गई । भोगना डीह से चुन्नू मुर्मू के चारों पुत्र सिदो कान्हू चांद भैरव दूर दूर तक गुप्त सभाएँ बैठकों में जाने लगे । राजमहल रेलवे लाईन निर्माण के दौरान आदिवासी युवतियों के साथ दुराग्रह पूर्ण घटना ने विद्रोह में आग का काम किया । तीव्र विद्रोह की तैयारी का व्यापक रूप होता गया । 30 जून 1855 को भोगनाडीह में हज़ारों हज़ार संथालों की भीड़ एकत्रित हो कर सिदो कान्हू के नेतृत्व में अंग्रेज़ी सरकार के खिलाफ हूल विद्रोह की घोषणा कर दी ।संथाल क्रांतिकारी वीरों ने हज़ारों हज़ार अंग्रेज़ी फ़ौजों को मार गिराया और लड़ते लड़ते हज़ारों संथाल भी शहीद हो गए। कई महीनों के अथक प्रयास के बाद अंग्रेज़ी सरकार ने वीर सिदो कान्हू को गिरफ्तर किया । वीर सिदो को भोगनाडीह में और कान्हू को उपरबांधा में फाँसी दी गई।हज़ारों संथाल वीरों की शहादत का तात्कालिक परिणाम यह हुआ कि संथाल क्षेत्रों के लिए संताल परगना ज़िला बनाया गया ,पुलिस रूल्स 1856 के अन्तर्गत ग्राम प्रधान माँझी परगना को मान्यता मिली और ग्रामीण के पदाधिकारियों को पुलिस का अधिकार दिया गया ।इतिहास कारों ने इस महान जन आन्दोलन संथाल विद्रोह का उपेक्षा कर संक्षिप्त में वर्णन किया ।

# अरगड्डा जीएम ने स्वच्छता पखवाड़ा के समापन पर जूट थैली का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा क्षेत्र के जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा 16 से 30 जून के समापन पर शुक्रवार को अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच जूट थैली का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन जीएम ऑपरेशन सुजीत कुमार सिन्हा ने किया। इससे पूर्व आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय गिद्दी ए में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की जानकारी दी गई। स्कूली बच्चों ने स्वच्छता को लेकर इस विषय पर चित्र प्रदर्शित कर सभी को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक कलाकारों को सांत्वना पुरस्कार लंच बॉक्स देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अमला अधिकारी खनन डीके सिंह, सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी, विमल कुमार, नुक्कड़ नाटक के रचयिता लालमोहन स्कूल प्राचार्य उदय शंकर, कई अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# जी.एम. इंटर कॉलेज के इंटर डिपार्टमेंट में वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जी.एम. कॉलेज के इंटर डिपार्टमेंट ने एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कॉलेज के निदेशक शंभू कुमार तथा विनय कुमार के द्वारा किया गया । इसका मुख्य उद्देश्य विज्ञान क्षेत्र में छात्रों के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की प्रदर्शन करना है। ऐसी प्रदर्शनी छात्रों को वैज्ञानिक गतिविधियों को प्रमोट करने और उन्हें वैज्ञानिक जगत के विभिन्न क्षेत्रों में रुचि पैदा करने का अवसर प्रदान करती है। छात्रों को यहां एक-दूसरे से अपने अनुभव साझा करने और उन्हें वैज्ञानिक मंच पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिला। इस तरह की प्रदर्शनी छात्रों को अनुसंधान, अध्ययन और वैज्ञानिक नवीनतम प्रगतियों के बीच एक समृद्धता और नेटवर्किंग का माहौल प्रदान करती है। इस प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा विभिन्न विज्ञानिक परियोजनाएं, प्रदर्शनी, मॉडल और उत्पादों की प्रदर्शनी की गई जिसमे से कुछ मुख्य थे इको फ्रेंडली वाटर हार्वेस्टिंग, दिल की बीमारियां, वाटर प्यूरीफायर ,न्यूक्लियर पावर प्लांट, वायरलेस चार्जर। इसके साथ ही, विशेषज्ञ मंचों पर आयोजित की गई टेक्निकल प्रेजेंटेशन और एक पोस्टर प्रेजेंटेशन के द्वारा छात्रों को अपने अनुसंधान को प्रस्तुत करने का भी अवसर दिया गया। महाविद्यालय इस प्रदर्शनी से सभी लोगो को अद्यतन वैज्ञानिक दुनिया से जुड़े रहने का एक संदेश देना चाहती है।यह गर्व कि बात है की छात्रों को ऐसी मंच प्रदान किया गया जहां वे अपनी क्षमता और नवाचार का प्रदर्शन कर सकते हैं। सभी प्रदर्शनियों में से तीन सबसे बेहतरीन प्रदर्शनियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें भाग लेने वाले कुछ छात्र छात्राओं के नाम है, आयुष सावन, पूर्णिमा कुमारी, जिया कुमारी,स्वीटी कुमारी, कृति कुमारी,अंकित कुमार, रिशु कुमार, देविका कुमारी, करण कुमार, शिवम कुमार, आयुष कुमार, अमन कुमार, एमडी शहजाद इत्यादि।

# सिदो कान्हु मूर्ति उद्घाटन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गोला प्रखंड के समलपुर गोविंदपुर में हुल दिवस के शुभ अवसर पर सिद्धों कान्हु मूर्ति उद्धघाटन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा विधानसभा की पुर्व विधायक ममता देवी व पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो साथ ही सर्वप्रथम पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया साथ पूर्व विधायक व पुर्व प्रत्याशी ने फीता काट कर उद्धघाटन व पट्टा हटाकर मूर्ति का अनावरण किया गया साथ ही पूर्व विधायक जी ने कहा कि आदिवासियों ने अंग्रेजो के खिलाफ जिस दिन विद्रोह किया था उस दिन को हुल क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है इस युद्ध में करीब 20 हजार आदिवासियों ने अपनी जान दे दी थी आजादी की पहली लड़ाई हालांकि आजादी की पहली लड़ाई 1857 में मानी जाती है लेकिन झारखण्ड की आदिवासियों ने 1855 में ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया था 30 जून 1855 को सिंद्धो कान्हु जी के नेतृत्व में साहेबगंज जिला के भोगनाडीह गांव में विद्रोह शुरू किया था आज इसी के याद में हुल दिवस क्रांति मनाया जाता है ।

# आजसू पार्टी ने विष्णुगढ़ में मनाया हूल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हूल दिवस के अवसर पर महानायक सिदो-कान्हू,चांद-भैरव,फूलो-झानो समेत सभी अमर बलिदानियों को पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा देश भर में 30 जून को हूल क्रांति दिवस मनाया जाता है,और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान को याद किया जाता है। संथाली भाषा में हूल का अर्थ क्रांति होता है।आदिवासी इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20000 लोगों की याद में मनाते हैं। प्रखंड कोषाध्यक्ष दिपु अकेला ने कहा अंग्रेजों के इस शोषण के खिलाफ आदिवासियों ने एकजुट होकर आवाज उठाई और तय कर लिया खुद को स्वतंत्र घोषित करेंगे और भू-राजस्व नहीं देंगे। इसकी प्रतिक्रिया में अंग्रेजी सरकार की तरफ से आए स्थानीय जमींदार,पूंजीपतियों, सूदखोरों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने अपना नारा जुमीदार, महाजन, पुलिस राजदेन आमला को गुजुकमाड़ यानी कि जमींदार,महाजन, पुलिस और सरकारी अमलों का नाश हो,बुलंद किया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष गौतम वर्मा सुधीर कुमार संतोष महतो राजेश साव बाबू खान संतोष कसेरा बाबू ठाकुर समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ सदर अस्पताल में किया ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हज़ारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग लोकसभा वासियों की सुरक्षा हेतु हर साधन उपलब्ध करवा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनका प्रयास है कि प्रत्येक क्षेत्रवासी को हर सुविधा व सहायता मिले। कोरोना की पहली व दूसरी लहर में उन्होंने क्षेत्र में ज़िला प्रशासनों, हितधारकों व स्वयं सेवी संस्थाओं से समन्वय बनाकर जनता की सुरक्षा के लिये सभी सुविधाएं सुनिश्चित करवायीं। चाहे विदेश से ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मंगवाना हो, ऑक्सीजन बेड्स व वेंटिल्टर्स हों, पाइप्ड ऑक्सीजन की सुविधा हो या ऑक्सीजन प्लांट, वे मरीज़ों को उच्चस्तरीय सेवाएं मुहैया करवाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा के लिए 6 लाख से अधिक मास्क वितरित करवाए हैं।

क्षेत्रवासियों की सुविधा व सुरक्षा की दृष्टि से जयंत सिन्हा के आह्वान पर हज़ारीबाग के विभिन्न प्रखंडों में निःशुल्क मेडिकल कैम्पों का आयोजन भी किया गया था। लगभग 1,000 मेडिकल कैंप आयोजित किये गए, जिनसे 1 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए थे।

जयंत सिन्हा ने रामगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और मज़बूत बनाने की दृष्टि से शुक्रवार को रामगढ़ सदर अस्पताल में ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर का वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर 97 कॉन्सेंट्रेटर वितरित किये। प्रत्येक कॉन्सेंट्रेटर की लागत लगभग ?70 हजार है। इन्हें क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व उप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में वितरित किया जायेगा। इससे किसी भी आपातकालीन व अन्य स्थितियों में लाभ मिलेगा।

जयंत सिन्हा ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी कार्यों व आवश्यकताओं की समीक्षा करता रहता हूँ। मैंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। हज़ारीबाग व रामगढ़ में स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करवा रहे हैं। हर मरीज़ को बेहतर इलाज मिले, इसके लिए संकल्पबद्ध हैं। सेवा समर्पण के संकल्प से मैं जनता की सेवा में जुटा हुआ हूँ।

# कार्ल मार्क्स ने कहा था संथाल विद्रोह भारत का पहला जनक्रांति था : सीटू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हुल दिवस के अवसर पर सी पी आई एम, हजारीबाग जिला कमिटी की ओर से गणेश कुमार सीटू, ईश्वर महतो, तपेश्वर राम आदि लोगों ने सिध्दो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. सीटू ने कहा की, भारत की स्वाधीनता की लड़ाई में ऐसे तो कई नारे दिए गए थे परंतु झारखंड के संथाल परगना के भोगनाडीह में हूल के मौके पर अंग्रेजों के खिलाफ पहला नारा था करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो. भोगनाडीह गांव में चुनका मुर्मू के घर जन्मे चार भाइयों सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव और दो बहने फूलो एवं झानो ने साथ मिलकर 1853 से 1856 तक संथाल हूल नामक आंदोलन चलाया, जो अंग्रेजी सम्राज्य के खिलाफ लड़ा गया था. झारखंड राज्य के संथाल परगना में %संथाल हूल%% के कारण अंग्रेजों को भारी क्षति उठानी पड़ी थी. सिद्धू-कान्हू दो भाइयों के नेतृत्व में 30 जून, 1855 को वर्तमान साहेबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से यह विद्रोह प्रारंभ हुआ था. संथाल हूल को मुक्ति आंदोलन का दर्जा दिया है. हूल को कई अर्थो में समाजवाद के लिए लड़ी गई पहली लड़ाई माना गया है, जिसमें न केवल संथाल जनजाति के लिए बल्कि समाज के हर शोषित वर्ग के लोग सिद्धू और कान्हू के नेतृत्व में आगे आए. इस आंदोलन में शामिल लोग गांव-गांव जाकर हूल का लोगों को निमंत्रण देते थे. इतिहासकारों का मानना है कि संथाल परगना के लोग प्रारंभ से ही क्रांतिकारी स्वभाव से धर्म और प्रकृति के प्रेमी और सरल होते हैं. इसका जमींदारों और बाद में अंग्रेजों ने खूब लाभ उठाया. इस क्षेत्र में अंग्रेजों ने राजस्व हेतु संथाल, पहाड़ियों तथा अन्य निवासियों पर भारी मालगुजारी लगा दी. इसके बाद न केवल यहां के लोगों का शोषण होने लगा बल्कि उन्हें मालगुजारी भी देनी पड़ रही थी. इस कारण यहां के लोगों में विद्रोह पनप रहा था. जमींदारों, शोषकों, अंग्रेजों एवं उसके कर्मचारियों के विरुद्ध ये स्वतंत्रत आंदोलन था. इस जन आंदोलन के नायक सिध्दो-कान्हू ने आन्दोलन के लिए डुगडुगी पिटवाकर तथा गांवों-गांवों तक पहुंचाया गया। इस दौरान लोगों ने साल (सखुआ) की टहनी को लेकर गांव-गांव यात्रा की. आंदोलन को कार्यरूप देने के लिए परंपरागत शस्त्रों से लैस होकर 30 जून, 1855 को 400 गांवों के लोग भोगनाडीह पहुंचे और आंदोलन का सूत्रपात हुआ. इसी सभा में यह घोषणा कर दी गई कि वे अब मालगुजारी नहीं देंगे. इसके बाद अंग्रेजों ने इन चारों भाइयों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया परंतु जिस पुलिस दरोगा को वहां भेजा गया था, संथालियों ने उसकी गर्दन काट कर हत्या कर दी. इस दौरान सरकारी अधिकारियों में भी इस आंदोलन को लेकर भय व्याप्त हो गया था. भागलपुर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी. इस क्रांति के संदेश के कारण संथाल में अंग्रेजों का शासन लगभग समाप्त हो गया था. अंग्रेजों ने इस आंदोलन को दबाने के लिए इस क्षेत्र में सेना भेजी और जमकर गिरफ्तारियां की गई और विद्रोहियों पर गोलियां बरसाई. आंदोलनकारियों को नियंत्रित करने के लिए मार्शल लॉ लगा दिया गया. आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के लिए पुरस्कारों की घोषणा की गई. बहराइच में अंग्रेजों और आंदोलनकारियों की लड़ाई में चांद और भैरव शहीद हो गए. जब तक एक भी आंदोलनकारी जिन्दा रहा वह लड़ता रहा. इस आन्दोलन में करीब 20 हजार लोगों शहीद हुए थें. सिध्दो-कान्हू के विश्वस्त साथियों को पैसे का लालच देकर सिद्धू और कान्हू को भी गिरफ्तार कर लिया गया और फिर 26 जुलाई, 1855 को दोनों भाइयों को भोगनाडीह गांव में खुलेआम एक पेड़ पर टांगकर फांसी की सजा दे दी गई. आज के दौर में सिद्धू-कान्हू की नौवीं पीढ़ी है जो दो जून की रोटी के लिए भी तरस रही है. संथाल हूल के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जर्मनी के समकालीन चिंतक कार्ल मार्क्?स ने अपनी पुस्तक %नोट्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री% में जून 1855 की संथाल क्रांति को भारत का पहला जनक्रांति की संज्ञा दी है.

# आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने कॉरपोरेट लूट के खिलाफ संघर्ष तेज करने का किया आह्वान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने शुक्रवार को हूल दिवस पर जिला रामगढ़- हजारीबाग एकदिवसीय कन्वेंशन अरगड्डा कार्यालय में आयोजित किया। सभी ने क्रांतिकारी सिद्धू कानू को याद करते हुए श्रद्धांजलि दिया। कन्वेंशन की अगुवाई कुलदीप बेदिया, सोहराय किस्कू और संचालन लालचंद बेदिया व नरेश बडाईक ने एक साथ किया। वक्ताओं ने कहा कि रामगढ़- हजारीबाग जिले में चल रहे आदिवासियों के भू-वापसी आदेशों के लिए संघर्ष करना। गैरमजरुआ बंदोबस्ती, व भूमिदान में मिली आदि जमीनों का रसीद काटने के सवाल पर आंदोलन करना। प्रशासनिक अधिकारियों एवं दलाल-विचौलिओं की मिलीभगत से गैर-आदिवासियों के द्वारा हड़पी गई व हड़पी जा रही जमीन वापसी के लिए संघर्ष करेगी। सर्वे भूमि बंदोबस्त कार्यालय हजारीबाग के द्वारा आदिवासियों की जमीनों को गैर-आदिवासियों के नाम खाता देने के खिलाफ में आंदोलन तेज करेगा, काजू बगान अरगड्डा खुली खदान में सीसीएल महाप्रबंधक की मनमानी के खिलाफ आदिवासी संघर्ष मोर्चा आंदोलन करने का निर्णय लिया।अंत आदिवासी संघर्ष मोर्चा के सदस्यता एवं सांगठनिक निर्माण पर भी जोर दिया गया। कन्वेंशन में भाकपा-माले रामगढ़ जिला सचिव-भुनेश्वर बेदिया, जयनंदन गोप, महादेव राम,रुपन गोप, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक- देवकीनंदन बेदिया, नरेश बड़ाईक, नीता बेदिया, नागेश्वर मुंडा,मनाराम मांझी, लालकुमार बेदिया, योगेंद्र बेदिया, सुलेंद्र हेम्ब्रम, नरेश गंझू समेत कई लोग उपस्थित थे।

# हूल दिवस पर संथाल विद्रोह के नायक सिदो कान्हू के बलिदान दिवस पर झामुमो ने किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव के नेतृत्व में जिला समिति ने पीडब्ल्यूडी चौक पर अवस्थित सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया और झारखंड के अमर वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों के संघर्ष और शहादत को नमन किया। सिदो कान्हू के 169 वीं शहादत दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव ने कहा- अंग्रेजों और महाजनों के विरुद्ध किए गए जन विद्रोह को हूल क्रांति दिवस के रूप में जाना जाता है। अंग्रेजों से लड़ते हुए 20 हजार आदिवासियों ने अपनी जान दी। विद्रोह का नेतृत्व करने वाले सिदो कान्हू, चांद भैरव, बहनें फूलों झानों के साथ-साथ विद्रोह में शहादत देने वाले सभी वीरों का बलिदान सदैव झारखण्डवासियों को प्रेरित करेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा हूल आंदोलन का नारा था, जमींदार, महाजन, पुलिस और सरकारी अमलों का नाश हो। यह क्रांति भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उग्र क्रांतियों में से एक था, जिसमें सैकड़ों लोग शहीद हुए थे। हर वर्ष 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। वीर अमर शहीद सिदो कान्हू के बलिदान को याद किया जाता है। संथाल परगना इलाके में संथालों ने अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध विद्रोह किया था। जो कि असफल रहा किन्तु अपनी शहादत व हार नहीं मानने के जज़्बे के कारण संथालों का यह विद्रोह भारत का पहला जन आंदोलन के रूप में जाना जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव, जिला सचिव नीलकंठ महतो, केंद्रीय सदस्य कमल नयन सिंह, दिलीप वर्मा, मो0 इजहार, झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य रुचि कुजूर, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार, देवीराम हेम्ब्रम, यासीन खान, बीरेंद्र राणा, कोषाध्यक्ष नईम राही, जिला संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता, बबलू पासवान, संगठन मंत्री मनोहर राम, गौरव पटेल, नन्दु प्रसाद, महिला जिला उपाध्यक्ष, प्यारी देवी समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# इतिहास के पन्नों में दर्ज हो संथाल विद्रोह की घटना : विकास राणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में हज़ारीबाग के सिद्धू कान्हू चौक स्थित भारत के स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर हुल दिवस मनाया गया । आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सिद्धू- कान्हू के इस संथाल विद्रोह में उनके साथ उनकी बहन फूलो- झानो और उनके भाई चाँद-भैरव को भी याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि 30 जून 1855 को सिद्धू-



कान्हू ने जमींदारी, महाजनी और अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचार के खिलाफ संथाल सम्प्रदाय से डट कर विरोध करने का आह्वान किया और अंग्रेजी शासन को समाप्त कर दिया जाए और इसके खिलाफ सिद्धू कान्हू ने संथाल विद्रोह कर युद्ध का बिगुल फुक कर आन्दोलन का आगाज़ किया था । संथाल विद्रोह स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे बड़ा आंदोलन था इस आंदोलन में लगभग 15000 ( पन्द्रह हज़ार ) से भी ज्यादा लोग शहीद हुए थे जिसे कि भारत के इतिहास के पन्नो में दर्ज़ नहीं किया गया है । इस आन्दोलन को इतिहास के पन्नों में दर्ज़ करना चाहिए ताकि सभी लोगों को इस संथाल विद्रोह की वास्तविक जानकारी सभी को होनी चाहिए । जालियाँ वाला बाग़ की घटना से बड़ी घटना है संथाल के विद्रोह की ये घटना । हुल दिवस के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय वर्मा, केंद्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, महानगर अध्यक्ष आफ़ताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार पिंकू, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बारला, महिला जिला अध्यक्ष सुहानी एक्का, कुमार सूरज, आजसू के वरिष्ठ नेता मो यूनुस हुसैन, आजसू के वरिष्ठ नेता अशोक प्रसाद कुशवाहा सहित अन्य लोग शामिल थे ।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के सामने चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के सामने डीएसपी ट्रैफिक हेड क्वार्टर संजीव कुमार मिश्रा के द्वारा शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान दो पहिया वाहनों की डिक्की व हेलमेट समेत अन्य कागजात की सघन जांच की गयी। त्रुटिपूर्ण कागजात व बगैर हेलमेट के वाहन चालकों से जुर्माने की राशि वसूल की गई।वाहन चेकिंग अभियान के तहत वाहन चालकों की जांच की गई।वाहन चेकिंग अभियान में डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा ने लोगों को हेलमेट के ना पहनने से होने वाले नुकसान को बताया।उन्होंने विशेष रूप से 18 वर्ष की उम्र वाले नव युवको से आग्रह किया कि हमेशा हेलमेट पहने और अपनी रक्षा,अपने परिवार की रक्षा करें।

# रामगढ़ जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ स्थित मिलन होटल के सभागार में रामगढ़ जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष गुंजन सिंह उपस्थित थे बैठक में जिला अन्नू विश्वकर्मा द्वारा आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित तमाम महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों अभिनंदन किया गया । उपस्थित सभी महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि पूरे झारखंड में दौरा कर महिला कांग्रेस के संगठन को मजबूत बनाया जा रहा है उसी कड़ी में आज मेरा रामगढ़ में आगमन हुआ उपस्थित




महिला कांग्रेस के सदस्यों से संगठन को मजबूत करते हुए कांग्रेस पार्टी के नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा के कार्यो को देखते हुए उन्हें झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के महासचिव बनाने की घोषणा तथा रामगढ़ जिला महिला कांग्रेस के अध्यक्ष के पद पर मंजू जोशी की नाम की घोषणा करते हुए उन्होंने उम्मीद जाहिर की इनके मनोनयन के बाद संगठन और मजबूत होगा कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दिया एवं कहां की है महिला कांग्रेस उनके नेतृत्व में और भी मजबूत होगा।

# राजद नेता ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मरकच्चो :** चतरा लोक सभा के पूर्व राजद प्रत्यासी सुभाष यादव ने गुरूवार को मरकच्चो प्रखंड के लोहोडियो, चोपनाडीह, बांसडीह, दसारो, मुरकमनाई, नावाडीह, दरदाही, कोंडाराडीह, महुगाई, ब्लॉक चौक, बंधन चौक, महुवा टांड, शाहगंज समेत दर्जनों गांवो का दौरा कर लोगो से रूबरू हुवे और उनकी समस्याओ को सूना और हर संभव निदान करने की बात कही। ईस दौरान उन्होंने मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पहुँच कर मुस्लिम भाई बहनो को ईद उल अजहा के त्यौहार कि बधाई व मुबारक दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य में कोडरमा की मंत्री रहने के बावजूद कोड़रमा का समुचित विकास नहीं हो पाया जिससे कोडरमा की आम आवाम अपने आपको ढगा सा महसूस कर रही है। आज कोडरमा कि पहचान ढ़िबरा, खदान, क्रेशर बंद हो चूका



है जिससे हजारो मजदूर बेरोजगार हो चुके हैं।जिसके कारण वे पालायन करने को मजबूर है और कोडरमा की सांसद व विधायक मौन धारण किये हुवे है। मौके पर राजद महासचिव जावेद अख्तर, सरफराज नवाज खान, रणजीत यादव, सुबाश यादव, नेजाम खान, तोकीर अहमद, जैनुल आलम, मो शौकत, मो अमानत, सहनूर खान ,मिस्टर अली, नसीम आलम, सोहराब आलम, जयनगर प्र अध्यक्ष राजकुमार यादव, बसंत यादव, राजेश पासवान सकलदेव यादव, नसीम अंसारी, समीम खान आदि मौजूद थे।

# आईलेक्स में मनाया गया हुल दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हुल दिवस मनाया। वही बताया की जीवन के लिए हुल दिवस से अच्छा और क्या प्रेरणास्त्रोत हो सकता है, जहाँ अंग्रेजों के पास गोले बारूद थे, वहाँ दूसरी ओर केवल आदिवासीयों के पास महज़ तीर - धनुष। लेकिन फिर भी उन्होंने इतिहास के पन्नों पर अपनी अमिट छाप छोड़ दी। वहीं सामाजिक विज्ञान के शिक्षक बबलू कुमार, रिंकू कुमार और रवि सिंह ने अपने अपने क्लास और ब्रांच के अनुसार बच्चों को हुल दिवस की जानकारी दी। वहीं कहा की हूल क्रांति दिवस के अवसर पर उन वीर आदिवासियों की शहादत को नमन किया जा रहा है जिन्?होंने महज तीर-धनुष से अंग्रेजों के गोले-बारूदों का सामना किया था। यह 1857 की क्रांति से भी पहले किया गया विद्रोह था जिसने अंग्रेजी शासन की नींव हिलाकर रख दी थी। इस विद्रोह का मूल कारण आदिवासियों से 50 से 500 प्रतिशत तक खेती-कर वसूलना था। 30 जून 1855 को आदिवासी भाइयों सिद्धो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में मौजूदा साहिबगंज के भोगनाडीह में लगभग 50 हजार आदिवासियों ने अंग्रेजी शासन के अधीन महाजनी प्रथा व बंदोबस्ती नीति के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। आमतौर पर 1857 की क्रांति को ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ पहला विद्रोह माना जाता है, लेकिन इससे पहले भी 1855 को संथाल विद्रोह ने अंग्रेजी शासन की नींव हिलाकर रख दी थी। इस विद्रोह का मूल कारण आदिवासियों से 50 से 500 प्रतिशत तक खेती-कर वसूलना था।

# रजरप्पा मंदिर में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़, मुंडन संस्कार सैकड़ों बच्चों का हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल पर शुक्रवार को रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में शुक्रवार को मुंडन मुहूर्त को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मुंडन का विशेष मुर्हूत होने के कारण श्रद्धालु अहले सुबह से ही मां भगवती के दरबार में पहुंचने लगे थे। मुंडन को लेकर राज्य के कई जगहों से पहुंचे लोगों ने मुंडनशाला में अपने छोटे-छोटे बच्चों का मुंडन करवाया। विभिन्न प्रातों से मां भगवती दरबार में चूल-मुंडन कराने आए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ थी। भीड़ मुख्य मंदिर होते हुए वन विभाग के गेस्ट हाउस तक पहुंची थी। वैसे तो मां छिन्नमस्तिका मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सालों भर रहती है, लेकिन विशेष मौकों पर भीड़ ज्यादा उमड़ती है। शुक्रवार को अहले सुबह से ही लोगों का रजरप्पा मंदिर पहुंचने का दौर शुरू हो गया, जो देर संध्या तक जारी रही। चूल-मुंडन समारोह में शामिल होने आए श्रद्धालु दामोदर व भैरवी नदी के संगम स्थल में स्नान कर मां भगवती की पूजा-अर्चना के लिए हाथ में पूजा के लिए प्रसाद सामग्री लेकर घंटों लंबी कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में बकरों की बलि भी दी गई। मुंडन का सुंदर मुहूर्त में रजरप्पा के मां छिन्नमस्तिका मंदिर में उमड़ी अत्यधिक भीड़ को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। ताकि किसी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो सके। हजारों श्रद्धालुओं ने किया विधि विधान से किया पूजा अर्चना लिया आशीर्वाद आषाढ़ महीना के शुभ चूल-मुंडन मुहूर्त के दौरान जहाँ सैकड़ो बच्चों का मुंडन संस्कार किया गया।

# सेशिनकाई कराटे संघ के खिलाड़ियों को युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया सम्मानित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र की छात्र-छात्राओं में पढ़ाई के साथ खेल के प्रति भी समर्पित भाव से देखा जा रहा है इसी बीच सेशिनकाई कराटे संघ हजारीबाग के द्वारा आयोजित हजारीबाग स्टेडियम में सात छात्रों ने बेल्ट ग्रेडिंग मे कठिन परीक्षा देते हुए फाइट, काता, बेसिक तकनीक तथा सेल्फ डिफेंस का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी ने बेल्ट ग्रेडिंग में सफल हुई। ग्रेडिंग झारखंड के मुख्य प्रशिक्षक शिहान उदय कुमार ने लिया।इनके इस सफलता पर युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय सभागार में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। साथ ही मुख्य प्रशिक्षक शिहान उदय कुमार का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा की इनकी सफलता पर काफी खुश हूं। आने वाले अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए विशेष शुभकामनाएं है। यह कराटे का कला आत्मरक्षा एवं आत्मविश्वास के लिए बहुत उपयोगी है इसलिए इस कला को हर लड़कियों को सीखना चाहिए। साथ ही उदय कुमार जी के इस कार्य की सराहना करता हू और उनके साथ हमेशा खड़ा हूं।बेल्ट प्राप्त करने वाली छात्रों में . श्रेया भारद्वाज, सिम्मी कुमारी शर्मा, आकांक्षा पांडे, सुमन कुमारी,शिवानी कुमारी सभी को ऑरेंज बेल्ट प्राप्त हुआ वही श्रेया प्रियदर्शनी एवं हेमलता कुमारी को येलो बेल्ट प्राप्त हुआ है।

**बरही में एक होटल मालिक के द्वारा नौकर की बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल**

# मामला संज्ञान में आया है, जांच पड़ताल के बाद होंगी कर्रवाई : रोहित सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव जीटी रोड एनएच-टू के किनारे स्थित महुआ होटल में एक विक्षप्त को होटल संचालक मनीष कुमार के द्वारा बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। विक्षिप्त की पिटाई इस कदर की गई कि उनका पीठ पूरा मार से लाल हो गया। डंडे की मार के कई निशान साफ झलक रही है। उनका एक हाथ भी काफी सूजन गया है और दर्द से कहर रहा था। हालाकी इस घटना की वीडियो वायरल भी हुई। होटल में मौजूद लोगों ने बीच बचाव करने की कोशिश करते रहे परन्तु वह बेरहमी से पिटते रहे। बताया जाता है की उक्त होटल संचालक बिहार आरा के रहने वाला हैं, जो भाड़े पर लेकर होटल चला रहा



है। उसी होटल में एक विक्षिप्त जूठा बर्तन धोने का कार्य कई वर्षो से करते आ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विक्षिप्त करीब दस वर्षो से इस होटल में पेट भात पर काम कर रहा है, जिसके साथ होटल संचालक मनीष कुमार यादव ने नशे की हालत में क्ररूरता पूर्वक बेरहमी से पिटाई कर दी और असहाय विक्षप्त पीटता रहा। इस बाबत इस घटना के बारे में होटल के संचालक से पूछे जाने पर बताया कि होटल में आए एक व्यक्ति को दांत काट लिया। मना किया तो मुझ पर भी हाथ उठाया जिसके कारण उन्हें मारा। लेकिन सचाई यह है कि होटल में आने वाले व्यक्ति उसे बेवजह परेशान किया करते हैं जिसके बाद ही विक्षिप्त ने कुछ अपशब्द बोला। मामले की जानकारी स्थानीय मुखिया मनोज कुमार एवं बरही थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह तक पहुंची है, लेकिन अभी तक होटल संचालक पर कारवाई नहीं की गई। आखिर उक्त विक्षिप्त को न्याय कौन दिलाएगा और उसके बाद जो उनके साथ होगा उसका रखवाला कौन बनेगा। यह सवाल संदेह के घेरे में है, इधर होटल संचालक ने इस गलती को स्वीकार किया और आइंदा दोबारा ऐसे गलती नहीं होने की बात कही। इस संदर्भ में स्थानीय मुखिया मनोज कुमार ने बताया कि होटल संचालक उदंड प्रवृत्ति का है तथा हमेशा नशा में रहता है। वहीं थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने कहा कि होटल संचालक को बरही थाना बुलाया गया है। उसे सबसे पहले घायल नौकर को इलाज करवाने के लिए कहा जाएगा। इसके बाद उस नौकर को सुरक्षित उनके निवास स्थल उनके परिवार के हाथों सुपुर्द कर, प्रमाणित के लिए उसके परिवार साथ फोटो खींच कर थाना में जमा करने के लिए बोला जाएगा। हालांकि अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुवा है, मामले का छानबीन की जा रही है।

# कटिया बीजेपी ने चलाया बूथों में महा जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** भारतीय जनता पार्टी पतरातू मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के बूथ संख्या 257,258,259,260 261 इन पांचों बूथों में महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पत्र देकर एवं 90909020 24 नंबर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने के लिए मिस कॉल कराया गया यहां अभियान ग्राम कटिया पंचायत के प्रभारी किशोर कुमार महतो एवं गणेश ठाकुर के नेतृत्व में घर-घर जाकर मोदी के योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।इस अभियान मैं मुख्य रूप से पतरातू मंडल उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो, गणेश कुमार ठाकुर, नंद किशोर महतो, राजीव कुमार,रणधीर कपूर, सनोज कुमार, अभिमन्यु सिंह, रीना कुमारीरीना देवी, रूपा कुमारी, प्रमिला देवी, पूजा देवी, कालो देवी, ललिता देवी, कुंती देवी, उषा देवी, रिया कुमारी, बबीता कुमारी, रूपलाल महतो, विनोद कुमार, अशोक महतो, विनोद यादव इत्यादि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति होना भी एक जीवन का हिस्सा : अनुराग

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित टाउनशीप में शुक्रवार विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक डीएन चौधरी व ड्राइवर कम मैकेनिक कुलेश्वर महतो के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्टाफ ऑफिसर ईएंडएम अनुराग कुलश्रेष्ठ व विशिष्ट अतिथि टॉउनशीप इंचार्ज त्रिनाथ साहू ने उन्हें माल्यार्पण कर एवं उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का हिस्सा है, जो सभी के जीवन मे एक बार आता है। कार्यक्रम का संचालन बशीर अंसारी ने किया। मौके पर निर्मल महतो, शंकर चौधरी, एमके तिवारी, मिनहाज अंसारी, अलाउद्दीन, गज्जु महतो, ए कुल्लू, अब्दुल बारीक, फोकना देवी, गुलाम हैदर, सुचेन्द्र ओहदार, सुरेश मांझी, अवधेश मानकी, सुरेश महतो, जवाहर गंझू , अभिनव कुमार चौधरी, प्रदीप महतो, अमित चौधरी, नारायण यादव, संतोष राम, अनीता देवी,बिनोद करमाली, बीजू सिंह, नागेश्वर शर्मा सहित कई मौजूद थे।

## हुल दिवस झारखंडी आंदोलन की पहचान है : दिवाकर

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर स्थित आजसू प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को आजसू चितरपुर प्रखंड कमेटी द्वारा हुल दिवस मनाया गया। इस दौरान आजसू नेता व कार्यकर्ताओं ने सिद्धू-कान्हू की चित्र के फोटो चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मौजूद बतौर मुख्य अतिथि आजसू प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक ने कहा कि 30 जून 1855 को वीर सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, बहन फूलों और जनों के नेतृत्व में साहिबगंज के बरहेट प्रखंड स्थित भोगनाडीह गांव में लगभग 50000 आदिवासी क्रांतिकारी संगठित होकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया। साथ ही लड़ाई में अंग्रेजों के दांत भी खट्टे किए। हुल दिवस झारखंडी आंदोलन की पहचान है। उनकी जीवनी से वर्तमान समय में प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर आजसू प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सह मुखिया भानुप्रकाश महतो, अब्दुल हकीम, आदिवासी महासभा के प्रयाग मांझी, रविंद्र चौधरी, मलेश्वर नायक, सुदेश महतो, रोशन महतो, कारण कुमार, महेंद्र मुर्मू, उमेश महतो आदि मौजूद थे।

## आजसू पार्टी ने मनाया श्रद्धांजलि दिवस

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी ने शुक्रवार को रामगढ जिला कार्यालय मे हूल दिवस को जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि दिवस के रुप मे मनाया । इस अवसर पर हूल क्रांति नायको सिद्दो कान्हो चांद भैरव व बहन फूलो झानो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे भावभिनी श्रद्धांजलि दी । साथ ही उनके सिद्धान्तों पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि सिद्धो कान्हो के साथ जितने भी महान शहीदो ने बलिदानी दी वह निश्चित ही हमारे लिए प्रेरक है।आज कंपनीयां जमीन जंगल जल को लूटने को खड़ी है। हूल दिवस हमे पुराने इतिहास का स्मरण करा रहा है और बता रहा है कि स्थिति अब बहुत ज्यादा सुधरी नहीं है।और हमे एक नये हूल के साथ लड़ना है,संघर्ष करना है, और अपनी भाषा संस्कृति और जंगल को संरक्षित और संवर्धित कर आदर्श व सशक्त समाज प्रांत व राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी है ।इस अवसर पर जिला सचिव लालचंद महतो,यूगेश बेदिया, प्रधान सचिव अनुज तिवारी, मांडू प्रमुख चंद्रमणि देवी, केंद्रीय सदस्य हेमलाल महतो, प्रवक्ता सुरेंद्र महतो उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू,नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो,नीतिश निराला,विभन सिंह,कुलदीप वर्मा,उत्तम पासवान,अनुपमा सिंह,पिंकी देवी,दीपक साव, मोहरलाल महतो, लेखराज महतो,रामबृक्ष महतो,रोहित सोनी, दिनेश प्रजापति,अजय यादव,राकेश सिन्हा,बोबी वर्मा,अजय आस्था,प्रदीप ठाकुर, अनिल श्रीवास्तव,प्रभात अग्रवाल, अजय महतो आदि उपस्थित थे।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कपका स्थित सीबीएसई पेटर्न पर आधारित विद्यालय में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद,प्राचार्य दिनेश कुमार भारती,प्रशिक्षक इंजीनियर जितेंद्र कुमार यादव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं को नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को कैसे पढ़ाना है इसके बारे में विशेष जानकारी प्रदान किया गया।इस प्रशिक्षण का लाभ संस्था के शिक्षक बैजनाथ मंडल,शंभू शर्मा,पवन कुमार,योगेश कुमार,नंदेव कुमार,विजय प्रसाद,मनीता कुमारी,नेहा कुमारी,ज्योति भारद्वाज,प्रकाश कुमार, सपना कुमारी,काजल कुमारी, सीता कुमारी,मानती कुमारी,आरती कुमारी,सरिता देवी,काजल सोनी,रूपेश कुमार पांडे,राजेश कुमार यादव,रामजतन गोस्वामी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## आम के पेड़ से मिला युवक का शव आत्महत्या की आशंका

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ पंचायत के टंडा विष्णुगढ़ निवासी अट्ठाईस वर्षीय राजेश यादव पिता सरयू यादव ने गमछे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।घटना शुक्रवार दोपहर बाद की है।मिली जानकारी के मुताबिक मृतक दिन के ग्यारह बजे घर से निकला था।बाद में उसकी लाश आम के पेड़ से लटकी मिली।सबसे पहले इसकी जानकारी जमुनिया डैम की नहर में मछली पकड़ रहे कुछ लोगों की मिली।इनलोगों की नजर एक आम पेड़ के नीचे पड़ी चपल्लों पर पड़ी।ऊपर देखा तो पेड़ से लटकी एक युवक की लाश दिखी।मामले की जानकारी मिलने पर घटनास्थल से पुलिस कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है।

## स्वच्छता को ले पीओ व पर्सनल अधिकारी ने ऑफिस परिसर में लगाए पौधे, किया प्रेरित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका परियोजना कार्यालय के परिसर में शुक्रवार को सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा व पर्सनल अधिकारी सुप्रिया लक्ष्मी ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आधा दर्जन छायादार पौधरोपण किया। अवसर पर अधिकारियों ने कामगारों को अपने आस-पास पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण के लिए भी प्रेरित किया। मौके पर पीओ पीए तिरु पटनायक, विनोद सिंह आदि मौजूद थे।

## नगर परिषद ने बरसात को लेकर अरगड्डा वार्ड 13 व 14 में सफाई अभियान किया तेज

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद रामगढ़ के अरगड्डा वार्ड 13 और 14 में सफाई मित्रों के द्वारा बरसात को लेकर सफाई अभियान तेज कर दिया गया। इसमें नाली, डस्टबिन, सड़क के चौक चौराहों पर जमाका कुड़ो-कचड़ो को ट्रैक्टरों में लादकर ले जाया जा रहा। सफाई मित्रों ने बताया कि नगर परिषद ने अभियान को लेकर कई निर्देश दिए हैं। मौके पर जमादार अलीफ आलम समेत कई सफाई मित्र उपस्थित थे।

## झामुमो नेताओं नें मनाया हूल दिवस

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्लॉक मैदान स्थित साहू धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो ने किया. जबकि संचालक झूमरी तिलैया नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने किया. मौके पर हुल दिवस के वीर सिंधू कान्हू के चित्र पर सभी नेताओं ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. ओर उनके द्वारा किए गए कार्यो को विस्तार से बताया.इस अवसर पर केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, श्याम देव यादव, गोबिंद बिहारी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा निर्मला तिवारी, मंजू देवी, पंकज मोदी,मेनकी देवी, राखी देवी, विक्की कुमार, बीयूटी कुमारी, कलवा देवी, अनिता देवी, अनिल बर्नवाल, साबित्री देवी, उमेश यादव,सिकन्दर यादव,संदीप यादव, अजय यादव,सुजीत यादव, दिवाकर तिवारी, मो खलील, सुरेश यादव,नुनु यादव, आदि लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरे

### बिजली उपभोक्ताओं के समस्याओं का समाधान करें बिजली विभाग : श्रद्धानंद बेसरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुलुकेरा पंचायत से विद्युत बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के सुचना पर भाजपा नेता सह विभागीय सांसद प्रतिनिधि उर्जा विभाग श्री श्रद्धानंद बेसरा जी ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या के समाधान के लिए कनीय अभियंता सिमडेगा से फोन के जरिए बात किए। कनीय अभियंता जी ने जानकारी दी कि जिन उपभोक्ताओं का विद्युत बिल एक मुश्त आ गया है वे आज विल जमा कर सकते हैं तो उनका ब्याज माफ कर दी जाएगी, और वे उपभोक्ता जो किसी कारण वश आज जमा नहीं कर सके, वैसे उपभोक्ताओं को ब्याज माफी के लिए सरकार के अगले आदेश तक इंतजार करें, ताकि ब्याज दर माफ हो जाए। अन्यथा सम्पूर्ण बिल जमा करने होंगे। कुछ लोगों ने दुकान चलाने के लिए विद्युत कनेक्शन लेने की बात कही। इस संबंध में श्री बेसरा जी ने जुनियर इंजीनियर जी से मुलाकात किए। जेई साहब ने लोगों को जानकारी दी कि दुकान चलाने के लिए कनेक्शन आनलाइन फार्म भरनी होगी।

# पूरे हिंदुस्तान के एक एक जनता ने मोदी को स्वीकारा 2024 में पुनः लहराएगा परचम : मनीष शिखर

## कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता ने भी मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल को स्वर्णिम बताया : अजातशत्रु

➲ भारतीय जनता युवा मोर्चा ने डोर टू डोर चलाया जनसंपर्क अभियान





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष शिखर की अध्यक्षता एवं मंडल अध्यक्ष पिंटू साहू के नेतृत्व में भाजयुमो लोहरदगा एवं लोहरदगा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा लो.ग्रामीण मंडल के निगनी, चंदकोपा, गागुपरा में डोर टू डोर महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत घर घर में जाकर जन संपर्क किया गया। मौके पर मुख्य रुप से भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु उपस्थित रहे। अजातशत्रु ने कहा कि मोदी जी के नौ वर्ष के कार्यकाल बहुत ही स्वर्णिम रहे हैं यह जनता खुद बता रही है आज भाजपा कार्यकर्ता के साथ-साथ आम जनमानस भी मोदी सरकार के नेतृत्व में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों एवं योजना के लिए लाभार्थी योजनाओं की अनेकानेक गणना करा रहे हैं। प्रत्येक वर्ग युवा युक्तियां किसान गरीब वृद्ध मोदी जी के कार्यों को समाज में स्वयं आगे आकर बता रहे हैं। मोदी जी ने सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ में कार्यों का निष्पादन किया है इस कारण ही आज सबकी सहभागिता साथ में दिखती है और लोग खुश हैं योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही है भ्रष्टाचार मुक्त है। जिला अध्यक्ष मनीष शेखर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का यह 9 साल का कार्यकाल बेमिसाल और गौरवमई रहा है इन 9 सालों में देश की जनता के लिए बहुत सारे महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया आज हम सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इन्हीं सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान कर रहे हैं ताकि अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच सके। मौके पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री सजल कुमार, जिला उपाध्यक्ष जीवन उरांव, जिला मंत्री विजय महतो, सुधांशु कुमार, लो. ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिंटू साहू, रंजू साहू, मनीष साहू, राहुल साहू, अमित साहू, आशीष उरांव, सतीश उरांव, प्रेम साहू, जितेंद्र सिंह, लोकेश साहू, रोहित कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय में सांख्यिकी दिवस पर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेष पाठक द्वारा सांख्यिकी दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांख्यिकी और आर्थिक योजना के क्षेत्र में दिवंगत प्रोफेसर और वैज्ञानिक प्रशांत चंद्र महालनोबिस के कार्यों और योगदानों के सम्मान में भारत प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाता है। सामाजिक आर्थिक नियोजन में सांख्यिकी की भूमिका के बारे में विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत कक्षा दसवीं के बच्चों के मध्य सांख्यिकी से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल सोलह विद्यार्थियों को ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद चार समूहों में बांटा गया। जिसमें सामवेद समूह के विद्यार्थी ओजस्वी गोयल, रिधिमा सिंह, रोशन कुमार व मेहरान विजित हुए। प्रतियोगिता में शिक्षक मनीष कुमार व परमित कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हूल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हूल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं द्वारा इस दिवस पर विशेष रिपोर्ट लेखन कार्य और पेंटिंग निर्माण घर से कराया गया। दीप प्रज्ज्वलन कर हूल दिवस क्यों मनाया जाता है क्या महत्व है इस पर प्रकाश डाला गया, अठारह सौ पचपन में साहिबगंज भोगनाडीह के दस हजार के लगभग लोगों की उपस्थिति के सिद्धू को राजा, कान्हू को मंत्री, चांद को प्रशासक,भैरव को सेनापति घोषित कर अंग्रेजो की दमनकारी नीति और कार्यों के खिलाफ कार्य किए गए जिसमे हंटर के अनुसार बीस हजार से भी अधिक लोगों को अंग्रेजो द्वारा बर्बरता से मौत के घाट उतार दिया गया उसी शौर्य और पराक्रम को याद करने के लिए हूल अर्थात संथाली में हूल का अर्थ क्रांति है ये दिवस मनाया जाता है ये विचार सचिव अविराम इंद्रजीत कुमार द्वारा रखे गए। इस अवसर पर डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, पंकज, जंगबहादुर, ममता, ऋ तु, बिनोद, शशि, चिनिबास, अर्चना, प्रियंका, तबस्सुम, किरण, रामप्रकाश, अनिल, सुमन, दीपिका आदि थे।

# लोहरदगा के दो खिलाड़ी राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देवघर के बंपास टाउन सुभद्रा वाटिका में दो दिवसीय 27 और 28 जून को झारखंड ताइक्कांडो प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के 469 खिलाड़ी ने हिस्सा लिया इसे ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया ऑफिस के ऑफिशियल द्वारा संचालित किया गया जिसमें लोहरदगा जिला के 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें कुल 8 पदक प्राप्त किया। जिसमें दो गोल्ड, पांच सिल्वर, एक ब्रांच प्राप्त किए। जिसमें जूनियर वर्ग के अंडर 46 केजी अंजली कुमारी गोल्ड सब जूनियर वर्ग के अंडर 29 केजी आयुष्मान कुमार गोल्ड जूनियर वर्ग अंडर 44 रिया कुमारी सब जूनियर वर्ग अंडर 27 केजी अंश कुमार अंडर 32 केजी सत्यम कुमार अंडर 23 केजी आर्यमान प्रताप सिंह सिल्वर मेडल एवं सीनियर वर्ग 59 केजी दीपक गोप ब्रोंज मेडल पदक प्राप्त कर अपने जिला का नाम रोशन किया। वहीं दो खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है जिसमें जुनियर वर्ग के अंजली कुमारी, और सब जुनियर वर्ग के लिए आयुष्मान कुमार का चयन हुआ है। इस अवसर पर डिवाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह, स्कूल का प्रिंसिपल सुलेखा सिंह, आनंददीप सिंह ने रांची रेलवे स्टेशन पहुंचकर खिलाड़ियों का स्वागत किया। तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं सहित उक्त आशय की जानकारी ताइक्कांडो संघ के प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव ने दिया है।

## डकैती की घटना का किस्को पुलिस ने किया उद्भेदन, सात गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के किस्को थाना क्षेत्र के बानपुर स्थित बन्द पड़े पावर सबस्टेशन से बीते दिनों सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर डकैती की घटना को वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार किस्को पुलिस ने खुलासा कर दी है। पुलिस ने डकैती की गुत्थी को सुलझा हुए घटना में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार एवं लोहरदगा एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो ने टीम गठित कर अलग-अलग जगह से घटना में संलिप्त 7 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उक्त आरोपियों को 27 जून 2023 को छापामारी दल का गठन कर रामगढ़, पतरातू, पिठौरिया, बोड़ेया एवं लोहरदगा से गिरफ्तार किया।जिसमें रामगढ़ निवासी मोहम्मद अजहर अंसारी पिता अनवर अंसारी, तालाटाड़ पतरातू, रामगढ़ निवासी अलीम अंसारी उर्फ आलम अंसारी पिता स्वर्गीय ताजुद्दीन अंसारी,हेट कोनकी पिठोरिया रांची निवासी इस्तीफाक अंसारी उर्फ इश्तियाक अंसारी पिता स्वर्गीय महमूद अंसारी, ताला टाँड़ पतरातु रांची निवासी मुजाहिद अंसारी पिता शमसुद्दीन अंसारी, गुलजार नगर लोहरदगा निवासी खादिम अंसारी पिता रहीम अंसारी, दुपट्टा चौक लोहरदगा निवासी कौशर अंसारी पिता करीम अंसारी एवं पिठौरिया रांची निवासी मोहम्मद फिरोज पिता मोहम्मद ताहिर शामिल है। जिसमें इश्तियाक अंसारी, खादिम अंसारी, आलम अंसारी, मोहम्मद अजहर, अंसारी एवं मोहम्मद फिरोज आरोपियों का अपराधिक इतिहास अलग-अलग थानों में कई धाराओं में कांड दर्ज है।उक्त गिरफ्तार सभी आरोपियों को पुलिस ने मेडिकल जांच कराते हुए लोहरदगा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही पुलिस ने डकैती की घटना में प्रयुक्त कटर भी बरामद किया गया। इसके अलावा डकैती के घटनाओं में अन्य लोग पुलिस के गिरफ्त से बाहर है जिसे पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब हो कि पावर सब स्टेशन के कार्य लिये ब्रजकिशोर पांडे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ऑनर के द्वारा 17 जून को डकैती की घटना घटने के बाद 18 जून को लिखित आवेदन देकर किस्को थाने में शिकायत की गई थी।

## 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण, कैरो भाजपा ने चलाया डोर-टु-डोर जनसंपर्क अभियान



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत लगातार आज 04 थे दिन भी प्रखंड भाजपा अध्यक्ष लखन उराँव के अगुवाई मे 30 जुन शुक्रवार को मोदी सरकार के 09 साल सेवा सूशासन और गरीब कल्याण को लेकर चलाया डोर-टू-डोर जन संपर्क अभियान। मंडल अध्यक्ष लखन उराँव ने प्रखंड क्षेत्र के पंचयात गजनी के बूथ संख्या 185 मे मतदाताओं के बीच 09 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के पत्रक बांटे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी नेतृत्व वाली सरकार ने 09 साल मे गरीब और वंचितों को दिया सम्मान, किसानों का कल्याण किया सुनिश्चित, नारी शक्ति के लिये नई गति, भारत के अमृत पीढ़ी को शसक्त करना,मध्यम वर्ग के लिये सुगमता, सभी के लिये सस्ती पहुँच के भीतर स्वास्थ्य सुविधायें,राष्ट्र प्रथम विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा,भारत वैश्विक अर्थिक महाशक्ति, व्वपार करने मे सुगमता, इन्फास्ट्रकचर की गति और मानक,भारत की स्थायी तकनीकी कौशल, पूर्वोत्तर विकास का इंजन, हमारी सांस्कृतिक विरासत, प्रोपलिंग लाईफ पर्यावरण और स्थिरता। मौके पर जिला कार्यसमिति सद्स्य राजेन्द्र महतो ने कहा कि मोदी सरकार के 09 साल उपलब्धियों भरा रहा है। इस अवसर पर सुखन उराँव ने भी आम मतदाताओं के बीच पत्रक बांटे मौके पर बूथ के अनेको मतदाता उपस्थित थे।

## अंतराष्ट्रीय कराटे में विजयी होकर लौटे प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के 03 कराटे प्रतिभागी अंतराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता प्रतिभागी सुनेहा कुमारी, अंजलि कुमारी, व जुही कुमारी थाईलैंड की राजधानी बैन्कॉक शहर के पटाया मे 25 जुन से 28 जुन तक आयोजित प्रतियोगिता मे स्वर्ण व रजत पदक जीतकर अपने कैरो प्रखंड 30 जुन को पहुँच गए हैं। थाईलैंड के उक्त 04 दिवसीय आयोजित कार्यक्रम मे थाईलैंड, मलेशिया, इंडिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और भुटान ने लिया था हिस्सा। भारत देश के अलग-अलग राज्यो से 28 खिलाड़ियों ने लिया भाग जिसमे राज्य झारखंड के लोहरदगा जिले से 07 मे कैरो प्रखंड के उपरोक्त तीन खिलाड़ियों ने बैन्कॉक के पटाया शहर मे दिखाया कराटे का जलवा और कोच समेत 04 स्वर्ण एवं 03 रजत पदक जीतकर गाँव प्रखंड एवं जिले का नाम किया रौशन।

## शहरी पेयजल व्यवस्था बाधित होने पर सुदर्शन भगत ने उपायुक्त से की बात कहा सुविधाएं अविलंब बहाल हो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था बाधित होने पर माननीय सांसद सुदर्शन भगत ने स्वयं संज्ञान लेते हुए जिला उपायुक्त लोहरदगा से की बात बार-बार इस तरह की शिकायतें अच्छी बात नहीं। पेयजल की उचित व्यवस्था अति आवश्यक भीषण गर्मी के बाद अभी वर्षा के शुरुआती दिन हैं ऐसे में यदि शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आमजन के बीच में उपलब्ध नहीं होगी तो बीमारी का भी कारण बन सकता है ऐसे में हम ज्यादा समय नहीं ले सकते चीजों को सुदृढ़ करने में। संबंधित विभाग में जिनकी भी जिम्मेवारी हैं उसे प्राथमिकता के तौर पर समस्या का निष्पादन ससमय करने की जरूरत है। पेयजल संबंधित समस्या शहर के जिन वार्डो में भी हो उसे विभाग स्वयं निरीक्षण कर उसकी लिस्ट बनाएं और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। आज भाजपा केंद्र की सरकार शहर के साथ-साथ गांव में भी कैसे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इसे लेकर निरंतर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है ऐसे में यदि शहर शुद्ध पेयजल के लिए बार-बार जिला प्रशासन के समक्ष गुहार लगाती है तो यह चिंतनीय विषय है। और विगत दिनों से लगातार लोहरदगा के शहरी क्षेत्र की जनता शुद्ध जल पर को लेकर मजबूर दिखाई पढ़ रही है। इसके लिए हमें खोज कदम उठाने की जरूरत है इसमें हमारी जितनी सहयोग होंगे वह मैं पूरी तरह से खड़ा हूं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी हो रहे हर घर जल योजना का कार्य में तेजी एवं गुणवत्तापूर्ण हो इसका ख्याल विभाग के द्वारा रखा जाए जिससे कि भाजपा की केंद्र सरकार मोदी जी के द्वारा लिए गए गरीब कल्याण का संकल्प जनता के लिए पूरे हो सके।

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने गुटबहार गांव के ग्रामीणों से की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड के गुटबहार गांव में शुक्रवार को पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का के द्वारा बिजली संबंधित समस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली की समस्या के कारण पठन पाठन सहित कई प्रकार की समस्याएं व्याप्त है लेकिन इस पर सुनने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिन गन्दूटोली में आंधी तूफान की वजह से 11000 तार टूट कर घर पर गिरा था जिसकी वजह से आग भी लगी थी और एक व्यक्ति झुलस भी गया था हालांकि समय रहते लोगों की सूझबूझ से खतरा टला नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने गन्दूटोली 11000 तार को गांव से दूर लगाने की पूर्व मंत्री के समक्ष बात रखी। एव अपील की ।मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारा लगातार प्रयास है कि इस क्षेत्र में जो भी बुनियादी समस्याएं हैं उन्हें दूर किया जा सके। रही बात तार को दूर करवाने के लिए तो इसको लेकर कार्यपालक अभियंता से बात की जाएगी उन्होंने कहा कि गांव में जिनका भी बिजली बिल अत्यधिक आई है उनकी सूची बनाते हुए विभाग से बात की जाएगी ताकि उनका भी संशोधन किया जा सके। मौके पर संदेश एक्का ने कहा झारखंड पार्टी छोटी छोटी चीजों को बारीकी से ध्यान में रखते हुए उसे अपनी समस्या समझ कर दूर करने का प्रयास कर रही है ताकि लोगों का भला हो। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी के हाथों को मजबूत करें ताकि आने वाले चुनाव के बाद में सभी समस्याओं को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके।

## भाजपा सिमडेगा ने मनाया हूल दिवस

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी जिला सिमडेगा के द्वारा भाजपा कार्यालय में हुल दिवस मनाया गया बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व विधायक विमला प्रधान ने अपने विचारों को रखते हुए कहा भारतीय स्वाधीनता संग्राम मे जनजाति समाज की अग्रणी भूमिका रही है जनजाति नेताओं ने अपने मातृभूमि को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराने के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर किया है 168 वर्ष पहले 30 जून 1855 में तत्कालीन बंगाल प्रेसीडेंसी वर्तमान में झारखंड के संथाल परगना में सिदो- नेतृत्व स्वतंत्रता संग्राम में विशिष्ट स्थान है संथाल भूलने 18 सो 57 के स्वतंत्रता संग्राम के बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह गांव के निवासी सिनेमा के ग्राम प्रधान सिदो- कानू के नेतृत्व में किया गया हुल आंदोलन का स्वतन्त्रता संग्राम में विशिष्ट स्थान है।

# सदैव प्रेरित करती रहेंगी हूल क्रांति के आदिवासियों का बलिदान : मोजम्मिल अहमद

➲ जिप सदस्य राधा तिर्की ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो में हुए शामिल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष मोज़म्मिल के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला कार्यलय में हुल दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम हूल दिवस' पर संथाल विद्रोह के अमर बलिदानियों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलो-झानो समेत सभी वीर शहीदों और वीरांगनाओं को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि जनजातीय समाज की अस्मिता, स्वाभिमान और स्वशासन के उद्देश्य से उन्होंने अन्याय व शोषण के विरुद्ध कड़ा संघर्ष किया। जिससे अंग्रेजी हुकूमत के नींव हिल गयी थी। हुल विद्रोह में हजारों आदिवासियों ने मातृभूमि के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन सभी जनजातीय भाई-बहनों की शौर्य गाथाएं, भावी पीढ़ियों को सदैव मातृभूमि की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहेंगी। सेन्हा प्रखंड से जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने शुक्रवार को लोहरदगा जिलाध्यक्ष मोज़म्मिल अहमद के अगुवाई में अपने समर्थकों के साथ झामुमो कार्यलय में झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे जी के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुई। मौके पर सेन्हा पंचायत मुखिया, धनबाज़ उराँव,पंचायत समिति सदस्य पूनम उराँव,वार्ड सदस्य सुमंती उराँव एवं पार्टी महासचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यो से प्रभावित हो पूरे राज्य से राज्यवासियों का हेमंत सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे अनेकों कार्यक्रम के माध्यम से आज विकास योजनाएं धरातल तक पहुंच रही है। राज्य के लोग पार्टी से जुड़ राज्य के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। मौके पर जीप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के विचारों से प्रभावित होकर पिछले 22 सालों से पार्टी में अप्रत्यक्ष रूप से कार्य कर रही थी। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के कार्यो से प्रभावित हो सरकार द्वारा चलाये जा रहे जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। अब पार्टी में शामिल हो सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को और तेजी से चलाने का निर्णय लिया है। और हमारा प्रयास होगा की सरकार द्वारा चलाये जा रहे सभी योजनाओं का लाभ गाँव के अंतिम वयक्ति तक पहुंचे। साथ में मौजूद मो फुरकान अहमद, बल्कु उराँव, लछु उराँव, सरोज उराँव, प्रकाश उराँव, सुरंति उराँव, सरस्वती उराँव, रेखा उराँव, विकास उराँव, दिलीप उराँव, बिजला उराँव, लक्की उराँव, दिलीप उराँव, नीरज भगत, सुमन उराँव, जयप्रकाश उराँव, सुल्दीप उराँव, गोविंद उराँव, तरमिनी उराँव, शिला उराँव समेत अनेकों समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। हुल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में, जिला सचिव अनिल उराँव, बुद्धिजीवी मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवनंदन लोहरा, युवा जिलाध्यक्ष अजय, उपाध्यक्ष सैफुल्ला अंसारी अंसारी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सातिम टोप्पो उराँव, बीस-सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अफरोज आलम, आकाश साहू, फुरकान अहमद, बालमुकुंद लोहरा, आमोद साहू, अमरदीप कुमार, संतोष उरांव, राजकीशोर राम, सुनील खेरवार सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं सचिव आदि शामिल थे।

# देश की आजादी के लिए अविस्मरणीय है झारखंड के शहीदों का बलिदान : विधायक भूषण बाड़ा

➲ हुल दिवस के मौके पर हूल विद्रोह के नायको को विधायक भूषण बाड़ा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला कांग्रेस कमेटी ने हुल दिवस के मौके पर हूल विद्रोह के नायक सिदो-कान्हू, फूलो-झानो आदि को याद किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि झारखंड के शहीदों का बलिदान देश की आजादी के लिए अविस्मरणीय है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के अमर शहीद सिद्धू कानू, फूलों झानो, चांद भैरव जैसे असंख्य शुरवीरों ने बलिदान देकर देश की आजादी के आंदोलन की शुरुआत कर जोश भरने का काम किया। विधायक ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले आदिवासियों के संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को याद करने का यह खास दिन है। जिसे हम हुल दिवस रूप में मनाते हैं। इन अमर शहीदों की शौर्य गाथाएं, भावी पीढ़ियों को सदैव मातृभूमि की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहेंगी। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आदिवासियों के संघर्ष गाथा, उनके बलिदान तथा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक के तौर पर आज हूल दिवस मनाया जा रहा है। हूल दिवस के अवसर पर अमर शहीद सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो सहित सभी वीरों को कोटि-कोटि प्रणाम। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में स्वाधीनता संग्राम की पहली लड़ाई वैसे तो सन 1857 में मानी जाती है, किन्तु इसके पहले ही हमारे झारखंड राज्य के संथाल परगना में संथाल हूल या संथाल विद्रोह के द्वारा अंग्रेज़ों को भारी क्षति उठानी पड़ी थी। विधायक ने कहा कि अंग्रेजों और महाजनों के शोषण, दमन के खिलाफ सिद्धू-कान्हू ने लोगों को संगठित किया था और 1855 में अंग्रेजी शासन के खिलाफ विगुल फूंका था। इन्होंने महाजनी प्रथा और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संथाल में आवाज बुलंद किया था। **झारखंड से शुरू हुई आजादी का उलगुलान पूरे देश में फैला और देश आजाद हुआ : जिप सदस्य जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि आज ही के दिन 30 जून 1855 को अंग्रेजो के खिलाफ सिदो- कान्हू के नेतृत्व में उनके अन्य भाई- बहन चांद- भैरव व फूलो- झानो ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जल- जंगल और जमीन की रक्षा को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंका था। जिसमें 30,000 से भी ज्यादा महिला- पुरुष शहीद हुए थे। जोसिमा ने कहा कि आज ही के दिन संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू हुई आजादी का उलगुलान पूरे देश में फैला और देश आजाद हुआ। उन्हीं अमर शहीदों की याद में हर साल हूल क्रांति दिवस मनाया जाता है।

चलते चलते एक नजर

## मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने की राज्यों के साथ समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली :** मानसून में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कमर कस ली है। शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, काला अजार जैसी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में 18 राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में प्रमुख स्वास्थ्य सचिव और नेशनल हेल्थ मिशन के प्रबंध निदेशक भी उपस्थित थे।

## कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने पंचायती राज विभाग की निविदा में अनियमितता का लगाया आरोप

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने पंचायती राज विभाग की निविदा में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। वे शुक्रवार को रांची के एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पंचायती राज विभाग से जनवरी में भारत सरकार के कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के संचालन के लिए मानवबल उपलब्ध कराने के लिए निविदा प्रकाशित की गई, जिसमें कुल 32 एजेंसी ने भाग लिया। तकनीकी मूल्यांकन के बाद 26 जून को पत्र के माध्यम से कुल 12 एजेंसियों को योग्य घोषित किया गया और शेष को अयोग्य घोषित किया गया। साथ ही 27 जुलाई को वित्तीय भाग खोलने की सूचना भी इसी पत्र के माध्यम से दी गई। कुमार ने कहा कि इस पूरी निविदा में अनियमितता प्रारम्भ से ही थी। किसके निर्देश पर और किसके आदेश पर हुई यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि इस निविदा के अनुसार अंकित मानवबल की संख्या और उनके वेतनमान से अनुमानित सालाना 20-25 करोड़ की लागत आएगी। इतनी बड़ी निविदा के लिए ऑफलाइन प्रक्रिया क्यों अपनाई गई, यह सवालों के घेरे में है। उन्होंने विभाग से मांग किया कि इन तमाम अनियमितताओं को मद्देनजर रखते हुए इस निविदा को तत्काल रद्द करें। इस प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाय। साथ ही निविदा समिति में शामिल अन्य विभागों के वैसे अधिकारी जो वित्तीय भाग खोलने के समय उपस्थित थे उनके द्वारा भी किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की गई। ऐसे में उनसे भी कारण पूछा जाना चाहिए। इस मौके पर झारखंड कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के नीरज पांडेय, विजय , कृत कुमार, अनुज कुमार, विशाल राज, रोहित कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# झारखंड वीरों की भूमि है : राजेंद्र सिन्हा

## हूल दिवस पर पलामू जेएमएम ने वीर शहीदों को किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड के माटी के वीर सपूत अमर शहीद क्रांतिकारी सिद्धू - कान्हु, फूलो झानो और चांद भैरव सहित अन्य हजारों शहीद के याद में झामुमो पलामू के द्वारा हूल दिवस झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा जी के नेतृत्व मनाया गया। कार्यालय में शहीद सिद्धू कान्हु की तस्वीर पर सबों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल सबसे पहले झारखंड ने ही फूंका था, इस क्रांति का नेतृत्व सिद्धू - कान्हु ने किया था। सभी झारखंडी इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा

**राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल सबसे पहले झारखंड ने ही फूंका था, इस क्रांति का नेतृत्व सिद्धू - कान्हु ने किया था।**

मारे गए अपने 20000 लोगों की याद में मनाते हैं। आज उन्हें याद कर उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। वीर सिद्धू कान्हु ने करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का नारा दिया था। हूल दिवस हमें याद दिलाता है की झारखंड हमेशा से वीरों की भूमि रही है और हेमंत सरकार और झामुमो हमेशा झारखंड के वीर शहीदों का




सम्मान करती है और उनके बताए रास्तों पर चलती है।

एक अंग्रेज इतिहासकार हंटर ने भी लिखा है कि इस महान क्रांति में लगभग 20000 आदिवासियों को मौत के घाट उतार दिया गया। हालांकि, संथालों के इस बलिदान पर कोई भी अंग्रेज सिपाही ऐसा नहीं मिला, जो शर्मिंदा न हुआ हो। हम सबों को अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए और बच्चों को भी अपने आदर्शों के बारे में बताने की आवश्यकता है। इस मौके झामुमो के जिला सचिव सन्नू सिद्धिकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा उपाध्यक्ष राजेश सिन्हा,अशफर रब्बानी,युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, महिला मोर्चा सचिव संजू देवी, कोषाध्यक्ष सलोनी टोप्पो, जनजाति मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह, अविनाश,बबलू सिंह, हाजी ललन, विनय सिंह, संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव उमा सिंह, सोनम राइन,रंजन चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष राजिया नियाजी सहित सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मिस यूनिवर्स हरनाज संधू के पिता का निधन

**चंडीगढ़ :** मिस यूनिवर्स-2021 हरनाज कौर संधू के पिता का शुक्रवार को मोहाली निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। हरनाज के पिता प्रीतम सिंह संधू मोहाली के निकट खरड़ की एक सोसायटी में रहते थे। हरनाज मुंबई में थीं। पिता की मौत की खबर मिलने के बाद शुक्रवार की शाम वह भी मोहाली पहुंच गईं। शाम को प्रीतम संधू का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। पारिवारिक सदस्यों के अनुसार रात खाना खाने के बाद रोज की तरह संधू अपने बेड पर गए थे, लेकिन सुबह उनकी आंख ही नहीं खुली। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रीतम सिंह संधू मूल रूप से गुरदासपुर जिला के रहने वाले थे। कई साल पहले वह खरड़ में शिफ्ट हो गए थे।

# चार राज्यों को जोड़ने वाले ग्रीन कॉरिडोर का प्रधानमंत्री 8 को करेंगे लोकार्पण





एजेंसी

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 जुलाई को राजस्थान के बीकानेर में अमृतसर से जामनगर के बीच ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान बीकानेर के पास ही नौरंगदेसर में प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। केन्द्रीय कानून मंत्री और बीकानेर के सांसद अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को बताया कि 8 जुलाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे के साथ ही केंद्र सरकार के अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि रेत के धोरों के बीच ग्रीन कॉरिडोर काफी आकर्षक नजर आता है। हाईवे से नीचे उतरने व चढ़ने के लिए कई मोड़ बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत से एक्सप्रेस हाईवे के बनने से अमृतसर से जामनगर के बीच 23 घंटे का सफर घटकर महज 12 घंटे रह जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे से राजस्थान के 5 जिले भी जुड़ेंगे। हाईवे के बीच में जगह-जगह मिड-वे होटल्स, टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप व चार्जिंग सेंटर भी बनाए जा रहे हैं। यह छह लेन हाईवे पंजाब के अमृतसर से प्रारंभ होकर गुजरात के जामनगर तक कुल 1316 किलोमीटर दूरी को तय करता है। इस हाईवे की कुल लागत 20 हजार 868 करोड़ रुपये हैं। यह हाईवे चार राज्यों पंजाब, हरियाणा राजस्थान व गुजरात को जोड़गा। महत्वपूर्ण ग्रीन फील्ड परियोजना अमृतसर, बठिंडा, सनारिया, बीकानेर, सांचौर, समाखियाली, जामनगर जैसे औद्योगिक केन्द्रों को आपस में जोड़ता है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सिद्धू-कान्हू को श्रद्धासुमन अर्पित की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शुक्रवार को सिद्धू-कान्हू पार्क में स्थित सिद्धू-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इसके बाद हूल क्रांति दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कार्यालय में भी अमर नायक सिद्धू-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण किया । प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के महान सपूत सिद्धू-कान्हू एवं चांद-भैरव ने 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका था। यह आन्दोलन 1857 के स्वतंत्रता आन्दोलन की पृष्ठभूमि थी। यह सबसे अधिक संगठित और सशक्त आन्दोलन था।



संथाली अपनी माट्टी के खातिर कुर्बान होने को तैयार हो गए। एक छोटे से गांव से शुरू हुआ हूल से पूरे संथाल में उर्जा का संचार हुआ, जो हूल दिवस के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, सतीष पॉल मुंजनी, सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

# मेदिनीनगर में राज्य स्तरीय चेंबर की बैठक दो जुलाई को : आनंद शंकर

*** बैठक में शहरी जलापूर्ति, डालटेनगंज होकर वंदे भारत का संचालन, हवाई सफर शुरू कराना, टूरिज्म और मेदनीनगर को उप राजधानी का दर्जा देने पर होगी चर्चा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगरः** चेंबर की एक विशेष बैठक चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 2जुलाई को चेंबर की एक विशेष राज्य स्तरीय बैठक मेदनीनगर में करने का निर्णय लिया गया। जिसमें 5 मुद्दा अहम होगा पहला मेदनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना जिसे एक साजिश के तहत गत 3 वर्षों से रोका गया है। इसको धरातल पर उतारने के लिए पलामू चेंबर द्वारा पीआईएल करने का निर्णय लेना,



दूसरा सांसद बीडी राम के साथ पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल आनंद शंकर के नेतृत्व में दिल्ली जाकर रेल मंत्री से मुलाकात करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित वंदे भारत ट्रेन का परिचालन सप्ताह में 2 दिन डाल्टेनगंज से होते हुए दिल्ली रांची आने-जाने पर वार्ता करना, तीसरा केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर बोकारो दुमका के तर्ज पर पलामू संभाग मुख्यालय मेदनीनगर से भी प्रतिदिन हवाई सेवा शुरू कराने हेतु पहल करने पर वार्ता की जाएगी। बैठक में श्री शंकर ने बताया कि आज अगर हम लोग हवाई सेवा हेतु दबाव बनाएंगे तो न्यूनतम 3 से 4 साल लगेगा। पूरी तैयारी करने में। रनवे बनाने में। इसलिए इस पर वार्ता करना अब जरूरी है। तभी हमारा मुख्यालय सुविधायुक्त होगा। चौथा टाइगर प्रोजेक्ट का यह वर्ष 2023 पचासवा वर्ष है। इसलिए बेतला से लेकर नेतरहाट तक टूरिज्म कॉरिडोर घोषित करते हुए झारखंड सरकार एवं भारत सरकार स्पेशल टूरिज्म डेवलपमेंट पैकेज दे। ताकि हमारे शहर का भी उत्थान टूरिज्म के माध्यम से हो सके और अंतिम जैसा कि झारखंड सरकार ने अपनी घोषणापत्र में घोषणा किया थी कि झारखंड के सभी संभाग मुख्यालय को मिनी राजधानी बनाया जाएगा। उस दिशा में सरकार पहल करे। और ऐसे हमारा प्रमंडल चार राज्यों का संगम है। बिहारउत्तर प्रदेश,छत्तीसगढ़ एवं झारखंड। तो इसके चौमुखी विकास के लिए संभाग मुख्यालय मेदनीनगर को उपराजधानी बनाना चाहिए। बैठक में खासमहाल लीज का दर अब तक सरकार द्वारा कम नहीं किया गया। जिस पर चर्चा भी होगी। बैठक में इंद्रजीत सिंह डिंपल, कृष्णा अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल, रंजीत मिश्रा, राकेश कुमार, प्रेम जयसवाल, फिरोज उद्दीन अंसारी, बद्री अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अमिताभ मिश्रा, रिंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, प्रदीप बाबुल, बंटी जी, राजहंस अग्रवाल,मनीष भिवानीया भूपेंद्र होरा, संजू वर्मा एवं काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## एसएसपी ने छह पुलिस अधिकारियों को किया तबादला

**रांची :** रांची एसएसपी किशोर कौशल ने छह पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। पुलिस केंद्र में प्रतिनियुक्त संजीव कुमार को बुंडू थाना का प्रभारी बनाया गया है।जबकि बुंडू थाना प्रभारी पंकज भूषण को प्रोजेक्ट भवन में आगंतुक कोषांग में योगदान देने को कहा गया है। साथ ही प्रोजेक्ट भवन के आगंतुक कोषांग में तैनात पंकज कच्छप को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है। इसके अलावा सोनहातू के अंचल निरीक्षक रमेश कुमार को पुलिस लाइन और पुलिस केंद्र में पदस्थापित सुनील कुमार तिवारी को सोनाहातू का अंचल निरीक्षक बनाया गया है। वहीं कांके थाना में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित आभास कुमार को कांके थाना प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में एसएसपी की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है।

# अगले महीने जमीन और मकान की रजिस्ट्री हो जायेगी महंगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर के कुछ शहरी क्षेत्रों में अगले महीने एक अगस्त से जमीन और मकान की रजिस्ट्री महंगी होने की संभावनाएं हैं। रांची शहर क्षेत्र में निबंधन शुल्क में अधिकतम दस फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। निबंधक शुल्क में बढ़ोतरी होनी है इसका सीधा असर रांची नगर निगम के अलावा बुंडू नगर पंचायत, आरआरडीए क्षेत्राधिकार एवं सेंसस टाउन के इलाकों की भूमि के मूल्य एवं रजिस्ट्री फीस पर पड़ेगा। जमीन की सबसे ज्यादा कीमत हिनू, एयरपोर्ट रोड, अरगोड़ा, लालपुर और वर्धमान कंपाउंड इलाके में होने की संभावना है।फिलहाल हिनू, मेन रोड और एजी कॉलोनी में आवासीय भूमि की सरकारी कीमत 9 लाख 3 हजार 764 रुपए प्रति डिसमिल है, जबकि व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए उपयोग होने वाली भूमि का रेट

**रांची शहर क्षेत्र में निबंधन शुल्क में अधिकतम दस फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है।**

21 लाख 6 हजार 934 रुपए प्रति डिसमिल है।

अपर बाजार और चौधरी बागान इलाके में आवासीय भूमि की सरकारी कीमत 8 लाख 6 हजार 462 रुपए प्रति डिसमिल है, जबकि व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए उपयोग होने वाली भूमि का रेट 19 लाख 35 हजार 80 रुपए प्रति डिसमिल है।

फिरायालाल चौक के आसपास, रेडियम रोड, श्रद्धानंद रोड और कचहरी चौक के आसपास के इलाके में आवासीय भूमि की सरकारी कीमत 7 लाख 33 हजार 264 रुपए प्रति डिसमिल है, जबकि व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए उपयोग होने वाली भूमि का रेट 17 लाख 59 हजार 834 रुपए प्रति डिसमिल है।

थड़पखना, सर्कुलर रोड और वर्धमान कंपाउंड इलाके में आवासीय भूमि की सरकारी कीमत 6 लाख 93 हजार 86 रुपए प्रति डिसमिल है, जबकि व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए उपयोग होने वाली भूमि का रेट 16 लाख 63 हजार 406 रुपए प्रति डिसमिल है।

भू-राजस्व एवं निबंधन विभाग के निर्देश पर हर वर्ष निबंधन शुल्क में वृद्धि का पुनरीक्षण होता है।शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में हर दो वर्ष में जमीन और मकान के रेट में वृद्धि की जाती है। वर्ष 2021 में अंतिम बार शहरी इलाकों की भूमि, मकान एवं फ्लैट की कीमतों में दस प्रतिशत की वृद्धि की गई थी, जो 31 जुलाई 2023 तक लागू रहेगी।

# छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार पर जमकर बरसे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा



एजेंसी

**बिलासपुर /रायपुर :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिलासपुर के रेलवे फुटबॉल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और राज्य की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने शराब घोटाला, चावल घोटाला सहित प्रदेश के कई अहम मुद्दों का उल्लेख करते हुए भूपेश सरकार की जमकर खिंचाई की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ से 10 हजार टन चावल गायब हो गया। शराब घोटाला हुआ। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वो पढ़ते-लिखते नहीं हैं।

मंच पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सीएम रमन सिंह, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहे।

लोगों को 220 करोड़ डबल डोज वैक्सीन मुफ्त- उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आम लोगों के हित में कई काम कर रही है। कोरोना में लोगों को 220 करोड़ डबल डोज वैक्सीन लगाई गई, वो भी मुफ्त। इस साल 10 लाख करोड़ रुपए केवल इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ में 1590 किमी नेशनल हाइवे बना है। बिलासपुर से नागपुर तक वन्देभारत ट्रेन चल रही है। ये नए भारत की तस्वीर है।

14 किमी प्रतिदिन की स्पीड से नेशनल हाइवे-जेपी नड्डा ने कहा कि आज 14 किमी प्रतिदिन की स्पीड से नेशनल हाइवे बन रहा है। 29 किमी प्रतिदिन हिसाब से रेल की पटरी बिछाई जा रही है। 3 लाख 28 हजार किमी सड़क गांव को जोड़ने के लिए बनाई गई है। किसान, गरीब, महिला सबको जोड़ने का काम केंद्र सरकार कर रही है। 9 करोड़ 10 लाख लोगों को नल कनेक्शन दिया है, छत्तीसगढ़ में 22 लाख कनेक्शन दिए गए हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत - भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब दुनिया में मंदी आई, तब भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत रही। भारत का जीडीपी 8.7त्न पर खड़ा है, जो कई देशों के काफी ज्यादा है। यूक्रेन की लड़ाई हुई है, दुनिया में महंगाई आई है।

## मणिपुर में ताजा हिंसा के बाद इंटरनेट पर प्रतिबंध 5 जुलाई तक बढ़ा

**इंफाल :** मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के बीच प्रशासन ने पूरे इलाके में इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध पांच दिन बढ़ा दिया गया है। सरकार ने राज्य में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध बढ़ा है। दरअसल, मणिपुर में हिंसा की घटनाओं के बाद 3 मई की शाम को इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाया गया था। पहले दिन केवल मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन 4 मई को प्रतिबंध को सभी प्रकार के इंटरनेट पर बढ़ा दिया गया। इसी बीच सरकार ने शुक्रवार को फिर एक बार इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध 5 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। यह आदेश कांगपोकपी जिले में सुरक्षाबलों और संदिग्ध दंगाइयों के बीच गोलीबारी के एक दिन बाद आया है। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी। मणिपुर सरकार ने कहा कि राज्य में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए यह आदेश जारी किया गया है।

# श्री राम मंदिर के निर्माण में देश के हर राज्य का रहेगा योगदान : चंपत राय

एजेंसी

**अयोध्या :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर निर्माण की प्रगति समीक्षा को लेकर भवन निर्माण समिति की बैठक संपन्न हुई. भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में चल रही बैठक में रामलला के मंदिर निर्माण में लगी कार्यदाई संस्था के इंजीनियरों के अलावा राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और रामलला की मूर्ति का निर्माण कर रही मूर्तिकारों की टीम बैठक में शामिल रही. पहले दिन की बैठक के पहले राम मंदिर से जुड़े हुए सभी निर्माण कार्य का बारीकी से स्थलीय निरीक्षण किया गया.इसके साथ ही मूर्ति निर्माण की प्रगति के बारे में भवन निर्माण समिति चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्रा ने मूर्तिकारों से जानकारी लेने के बाद बनाए जा रहे मूर्ति का स्थलीय निरीक्षण भी किया.श्री राम जन्मभूमि



तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि भगवान रामलला के मंदिर में लगाए जाने वाले खिड़की और दरवाजे के लिए महाराष्ट्र के बलहरशाह से आई सागौन की लकड़ी और उनके कारीगर से मुलाकात कर मंदिर के दरवाजे खिड़की के निर्माण की प्रगति के बारे में भी जाना है. रामलला के मंदिर के दरवाजे का फ्रेम तमिलनाडु के कन्याकुमारी से आए कारीगर तैयार करेंगे. मंदिर के दरवाजे के निर्माण और नक्काशी की जिम्मेदारी हैदराबाद की कंपनी अनुराधा टिम्बर को सौंपी गई है. पहले दिन की बैठक में लगभग तीन घंटे तक राम जन्मभूमि परिसर के अलावा रामलला की मूर्ति और भगवान रामलला के मंदिर के लिए बनाए जा रहे हैं. लकड़ी के दरवाजे का निरीक्षण किया गया है.चंपत राय ने बताया कि भगवान रामलला के मंदिर में लगाए जाने वाले महाराष्ट्रीयन लकड़ी के दरवाजों के कारीगर आ चुके हैं जो फ्रेम का निर्माण करेंगे. दरवाजों के प्रथम

*** राम मंदिर निर्माण की प्रगति समीक्षा को लेकर भवन निर्माण समिति की हुई बैठक**

चरण के काम को करने के लिए तमिलनाडु के कन्याकुमारी से कारीगर आए हैं. रामलला के मंदिर में लगाए जाने वाले दरवाजे और दरवाजों पर नक्काशी का काम हैदराबाद की कंपनी अनुराधा टिंबर को दिया गया है. राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव ने कहा कि रामलला के मंदिर निर्माण में दो वर्षों बाद यह सामने आएगा कि पूरे देश के सभी राज्यों का किसी न किसी रूप में मंदिर निर्माण में योगदान रहा है. अयोध्या में बन रहा भगवान राम का मंदिर पूरे देश भर की संस्कृति का समावेश होगा. देश के हर राज्य का कोई ना कोई योगदान इस मंदिर के निर्माण में रहेगा.